फाल्गुन कृष्ण पक्ष, द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 7 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 347, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



शनि व बृहस्पति के उपग्रहों पर मिल सकता है जीवन 16

देवरा-भाग 1 में जाह्नवी कपूर का नया लुक 15

## किसानों का दिल्ली कूच, चौकसी बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली पुलिस ने राजधानी की सीमाओं पर तेज की जांच

किसानों के विरोध-प्रदर्शन और दिल्ली कूच के मद्देनजर दिल्ली की सीमाओं पर बुधवार को यातायात प्रभावित हुआ। बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की वजह से दिल्ली-हरियाणा के सिंघु बॉर्डर और दिल्ली-नोएडा सीमा पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें देखी गयीं। पुलिस ने सीमाओं और शहर के अन्य हिस्सों में अवरोधक लगाए हैं और मध्य दिल्ली की ओर जाने वाली सड़कों पर जांच तेज कर दी है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, पुलिस बल टिकरी, सिंघु और गाजीपुर सीमाओं के साथ-साथ रेलवे, मेट्रो स्टेशनों और बस अड्डों पर कड़ी निगरानी रख रहा है। एक अधिकारी ने बताया हमने तीनों सीमाओं पर सुरक्षा बढ़ा दी है। हालांकि हमने कोई सीमा या मार्ग को बंद नहीं किया है लेकिन वाहनों की जांच की जाएगी।

पुलिस उपायुक्त (बाहरी दिल्ली) जिमी चिराम ने बताया कि दिल्ली-हरियाणा सीमा पर बल पहले से ही तैनात है। उन्होंने कहा कि किसानों के दिल्ली कूच के आह्वान के मद्देनजर हम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सिंघु और टिकरी सीमाओं पर अस्थायी रूप से लगाए गए अवरोधकों को वाहनों की आवाजाही के लिए हटा दिया गया है। हालांकि पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवान अभी भी तैनात हैं। रेलवे, मेट्रो स्टेशनों और बस अड्डों पर अतिरिक्त पुलिस व अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है।

### 10 मार्च को देशव्यापी रेल रोको आंदोलन

किसान आंदोलन का नेतृत्व कर रहे दो प्रमुख संगठन किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) ने रविवार को देश भर के किसानों से बुधवार को दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया था। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर और जगजीत सिंह डल्लेवाल ने यह आह्वान किया था।

## पूर्व वायुसेनाकर्मी समेत सॉल्वर गैंग के 7 सदस्य गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**उप्र. पुलिस भर्ती परीक्षा**

- पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने छह को मेरठ जबकि एक को दिल्ली से दबोचा
- प्रश्न पत्र और आंसर शीट भी बरामद, परीक्षा से एक दिन पहले मिल गया था पेपर

**अमृत विचार** : यूपी एसटीएफ ने वायुसेना के पूर्व कर्मचारी समेत उप्र. पुलिस की भर्ती परीक्षा में सेंधमारी करने वाले सॉल्वर गैंग के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को मेरठ से पकड़े गए छह आरोपियों के पास से मोबाइल से पेपर लीक करने के सबूत मिले हैं। वहीं, नोयडा से पकड़ा गया वायुसेना में रह चुका एक आरोपी प्रमोद पाठक भी उप्र. समेत अन्य राज्यों की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की भर्ती में सेंध लगाने वाले गिरोह का सदस्य है। इसके पास से भी वायुसेना का जाली आईडी कार्ड, अभ्यर्थियों के 26 एडमिट कार्ड, 38 हस्ताक्षरित ब्लैंक चेक, चार बैंक की चेक बुक, आरक्षी भर्ती के प्रश्न पत्र से संबंधित कागजात बरामद हुए हैं।

सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। एसटीएफ ने मंगलवार रात मेरठ हाईवे से पेपर लीक करने वाले जिन छह आरोपियों को गिरफ्तार किया, उनके पास से बरामद मोबाइल व लैपटॉप से पेपर लीक से जुड़ीं कई जानकारियां मिलीं। परीक्षा से एक दिन पहले ही इन्हें व्हाट्सएप पर पेपर मिल गया था। आरोपी पूछताछ में पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर कई बड़े राज खोल सकते हैं। इस गैंग में कुल 14 सदस्य बताए जा रहे हैं। फरार आठ आरोपियों की भी तलाश तेज कर दी गई है।

आरोपियों की पहचान दीपू उर्फ दीपक पुत्र दिनेश निवासी दुपहिया रोड पठानपुरा, बिट्टू पुत्र दयाराम निवासी अलीपुर थाना सरधना, प्रवीण पुत्र ओमपाल सिंह निवासी नगलाताशी, रोहित उर्फ ललित पुत्र विनोद कुमार निवासी गोलाबढ़ थाना टीपी नगर, नवीन पुत्र सुलेख चंद ओर साहिल पुत्र अमरनाथ निवासी शोभापुर थाना कंकरखेड़ा के रूप में हुई है।

### एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किया गया प्रमोद पाठक वायुसेना से हुआ था बर्खास्त

पूर्व वायुसेना कर्मचारी प्रमोद पाठक दिल्ली के मुखर्जीनगर से गिरफ्तार आरोपी और कई अन्य के साथ मिलकर प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक करने का काम करता था। इसके कुछ साथी पहले भी गिरफ्तार हो चुके हैं। जिनसे पूछताछ के बाद इसका नाम सामने आया था। प्रमोद पाठक (40) जामिया मिल्लिया इस्लामिया से ग्रेजुएट है। 2009 में वह एयरमैन के पद पर भर्ती हुआ था और 2022 तक खड़गपुर पश्चिम बंगाल, श्रीनगर व भारतीय वायु सेना के दिल्ली मुख्यालय पर तैनात रहा। नौकरी के दौरान ही उसने 2017 में अलीगढ़ में सेना में भर्ती के लिए फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर खोला था। 2018 में मित्र मोनू के साथ मिलकर वायुसेना, नेवी, कोस्ट गार्ड, दिल्ली पुलिस, एसएससी जीडी व उप्र की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली कराने का गैंग चलाने लगे। सूचना पर वायुसेना के अधिकारियों जांच कराई। जिसके बाद 18 अगस्त, 2022 में प्रमोद को वायुसेना से बर्खास्त कर दिया गया।

### एक नजर



#### सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ नए शिखर पर

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए लाभ में रहे और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए। यूरोपीय बाजारों में तेजी के बीच बैंक और चुनिंदा आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 408.86 अंक यानी 0.55 प्रतिशत उछलकर नए रिकॉर्ड स्तर 74,085.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 474.14 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 117.75 अंक यानी 0.53 प्रतिशत मजबूत होकर नए शिखर 22,474.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 140.9 अंक तक चढ़ गया था।

#### प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त महिला पायलट घायल

**गुना।** मध्यप्रदेश की गुना हवाईपट्टी पर आज एक प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार महिला पायलट नैनसी मिश्रा (22) घायल हो गई। पुलिस ने कहा कि प्रशिक्षु विमान राज्य के नीमच से सागर जिले के ढाना तक की उड़ान पर था। उड़ान के दौरान महिला पायलट को कुछ तकनीकी परेशानी प्रतीत हुई। इसके बाद उसने गुना हवाईपट्टी पर अनुमति के बाद आपातकालीन लैंडिंग कराई। लैंडिंग के दौरान विमान झाड़ियों में जा घुसा।

#### कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की गुरुवार को बैठक होगी जिसमें लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई जाएगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सीईसी की बैठक सात मार्च को शाम छह बजे होगी। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर विचार-विमर्श करने और निर्णय लेने को सीईसी की पहली बैठक 7 मार्च को शाम 6 बजे होगी। बैठक में राज्य कमेटी द्वारा भेजे नामों पर मुहर लगाई जाती है। बैठक में करीब 100 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों पर विचार होगा और प्रत्याशियों की पहली सूची कुछ दिनों के भीतर जारी हो सकती है।

**प्रधानमंत्री ने कहा-गुनहगारों को बचाने में लगी पश्चिम बंगाल की ममता सरकार**

## संदेशखालि की घटना ने किया शर्मसार

बारासात (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

### महिलाओं पर हुए अत्याचार का ज्वार बंगाल में फूटेगा, टीएमसी का होगा सफाया : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संदेशखालि में नारी शक्ति पर अत्याचार का घोर पाप हुआ है और इससे हर किसी का सिर शर्म से झुक गया है। आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेतृत्व वाली सरकार राज्य की महिलाओं के गुनाहगारों को बचाने के लिए पूरी शक्ति लगा रही है जबकि उसे हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में झटका लगा है। राज्य सरकार के इस व्यवहार से बंगाल की महिलाएं... देश की महिलाएं आक्रोश में हैं। नारी शक्ति के आक्रोश का यह ज्वार संदेशखालि तक ही सीमित नहीं रहने वाला है, बल्कि यह पूरे बंगाल तक जाएगा और पूरे राज्य में टीएमसी को खत्म कर देगा। संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख और उनके साथियों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोप हैं।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को उत्तर 24 परगना जिले के मुख्यालय बारासात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से आयोजित 'नारी शक्ति वंदन अभिनंदन' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा, कहा कि 'संदेशखालि का ज्वार' पूरे पश्चिम बंगाल में फूटेगा, जहां 'नारी शक्ति' लोकसभा चुनावों में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मोदी ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बजाय तुष्टीकरण की राजनीति को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि तुष्टीकरण और तोलाबाजों के दबाव में काम करने वाली टीएमसी सरकार कभी भी बहन-बेटियों को सुरक्षा नहीं दे सकती है। वहीं दूसरी तरफ केंद्र की सरकार है जिसने बलात्कार जैसे संगीन अपराध के लिए फांसी की सजा तक की व्यवस्था की है। लेकिन यहां नारी पर अत्याचार का घोर पाप हुआ है।



### पानी के भीतर देश की पहली मेट्रो का किया लोकार्पण

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कोलकाता मेट्रो के एस्प्लेनेड–हावड़ा मैदान खंड का लोकार्पण किया। यह खंड देश में पहली बार पानी के अंदर बने परिवहन सुरंग के माध्यम से हुगली नदी के नीचे से होकर गुजरता है। लोकार्पण कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री ने स्कूल के छात्रों के साथ एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक मेट्रो की यात्रा की। यह सुरंग देश की उन्नत अभियांत्रिकी क्षमताओं का साक्ष्य है। प्रधानमंत्री के साथ राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुईं। अधिकारियों ने बताया कि 4.8 किलोमीटर लंबा हावड़ा मैदान–एस्प्लेनेड खंड ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर का हिस्सा है और इसका निर्माण 4,960 करोड़ रुपये की लागत से 14 अप्रैल 2009 को शुरू हुआ था।

### ईडी को अवमानना याचिका की अनुमति

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख की हिरासत सीबीआई को नहीं सौंपे जाने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की बुधवार को अनुमति दी। ईडी की ओर से पेश डिप्टी सॉलीसिटर जनरल धीरज त्रिवेदी ने अवमानना याचिका दाखिल करने की अनुमति देने का अनुरोध किया था।

### सीबीआई को सीआईडी ने शाहजहां शेख की हिरासत सौंपी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सीआईडी ने संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की हिरासत अंतत: बुधवार शाम को सीबीआई को सौंप दी। सीआईडी ने यह कदम कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा उसे केंद्रीय एजेंसी को सौंपने के लिए लगातार दो दिन दिए निर्देश के बाद उठाया। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह संदेशखालि में ईडी टीम पर हमले की जांच को सीबीआई को स्थानांतरित करने और मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को सौंपने के उसके मंगलवार के आदेश को तुरंत लागू करे। सीबीआई टीम अपराह्न चार बजे से पहले ही भवानी भवन पहुंच गई। लेकिन सीआईडी ने शाहजहां को शाम 6 : 48 बजे केंद्रीय एजेंसी को सौंपा।

## मंत्रिमंडल में कई मंत्रियों का कामकाज होगा कम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुराने मंत्रियों के विभागों में फेरबदल संभव, नए मंत्रियों को जल्द आवंटित होंगे विभाग

**अमृत विचार** : प्रदेश मंत्रिमंडल में शामिल पुराने मंत्रियों का बोझ कम करते हुए चार नए मंत्रियों को विभाग आवंटित किए जाने की तैयारी है। नए बने मंत्रियों को जहां जल्द ही विभाग आवंटित किए जाएंगे वहीं, कई मंत्रियों के विभाग में भी फेरबदल हो सकता है। दरअसल कुछ मंत्रियों के पास दो से पांच विभागों तक की जिम्मेदारी है। ऐसे में मंत्रियों का बोझ हल्का किया जा सकता है।

जिन चार नेताओं को मंगलवार को मंत्रीपद सौंपा गया है उनमें ओपी राजभर, दारा सिंह चौहान, अनिल कुमार और सुनील कुमार शर्मा शामिल हैं। इनमें से राजभर और दारा पिछली योगी सरकार में भी मंत्री रह चुके हैं। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली पहली भाजपा सरकार में ओम प्रकाश राजभर 9 मार्च 2017 को कैबिनेट मंत्री बने जिन्हें पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सौंपा गया था।

हालांकि, 20 मई 2019 को राजभर को गठबंधन विरोधी गतिविधियों के कारण मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया गया था। फिलहाल ये विभाग नरेंद्र कश्यप के पास हैं जो कि इस मौजूदा कैबिनेट में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं। वहीं, दारा सिंह चौहान के पास वन विभाग था। वर्तमान में इस विभाग का जिम्मा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ. अरुण कुमार सक्सेना के पास है। डॉ. सक्सेना के प्रोफाइल में पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन शामिल है।

बहरहाल, वर्तमान में चार से पांच विभाग रखने वाले कुछ मंत्रियों की बात की जाए तो इनमें धर्मपाल सिंह के पास पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज और नागरिक सुरक्षा विभाग हैं। वहीं, योगेन्द्र उपाध्याय के पास उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग हैं। जबकि, राकेश सचान के पास सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग हैं।

## निर्वाचन आयोग की सलाह सतर्कता बरतें राहुल गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री के लिए पनौती और जेबकतरा जैसी टिप्पणी के प्रति किया आगाह

निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए 'पनौती' और 'जेबकतरा' संबंधी बयानों के मद्देनजर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपने सार्वजनिक बयानों में अधिक सावधानी बरतने और सतर्क रहने को कहा है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछले साल दिसंबर में दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए आयोग ने गांधी से कहा कि वह स्टार प्रचारकों और राजनीतिक नेताओं के लिए जारी हालिया परामर्श का सही तरीके से पालन करें। एक मार्च को जारी परामर्श में आयोग ने चेतावनी दी थी कि दलों, उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों को आदर्श आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन के लिए सिर्फ 'नैतिक निंदा' के बजाय कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इसमें यह भी कहा गया है कि जिन स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को पूर्व में नोटिस मिल चुके हैं, उन्हें बार-बार आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

## अदालत पहुंचीं पूर्व सांसद जयाप्रदा ने दर्ज कराए बयान

**रामपुर।** आचार संहिता उल्लंघन के मामले में बुधवार को पूर्व सांसद जयाप्रदा एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में पेश हुईं। उन्होंने स्वार के मामले में धारा 313 सीआरपीसी के तहत बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में 22 मार्च को सुनवाई होगी। पूर्व सांसद के खिलाफ वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में स्वार और केमरी थानों में आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज कराए गए थे। ये दोनों मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। पिछली कई तारीखों पर जयाप्रदा कोर्ट में पेश नहीं हुईं थीं। कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए थे और धारा 82 की कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक को आदेश दिया था। हालांकि चार मार्च को जयाप्रदा सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता नचिकेता वाजपेयी और प्रवीण आर्य के साथ कोर्ट में पेश हुई थीं। कोर्ट ने उनके वांरट और धारा 82 की कार्रवाई को निरस्त कर दिया था। बुधवार को जयाप्रदा अपने अधिवक्ता के साथ कोर्ट पहुंचीं। जहां उन्होंने स्वार से जुड़े मामले में बयान दर्ज कराए।

## नेताओं-नौकरशाहों ने जन विश्वास को कचरे में डाला

नई दिल्ली, एजेंसी

**कॉर्बेट में अवैध निर्माण**

- पूर्व वन मंत्री, पूर्व वन अधिकारी को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

उच्चतम न्यायालय ने उत्तराखंड के जिम कॉर्बेट बाघ अभयारण्य में अवैध निर्माण और पेड़ों की कटाई को मंजूरी देने के लिए राज्य के पूर्व वन मंत्री एवं कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत तथा पूर्व मंडल वन अधिकारी किशन चंद को बुधवार को कड़ी फटकार लगाई।

न्यायमूर्ति बीआर. गवई की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि यह वह मामला है जहां नौकरशाहों और नेताओं ने जन विश्वास के सिद्धांत को कचरे के डिब्बे में डाल दिया है। उच्चतम न्यायालय ने मामले की जांच कर रही सीबीआई को तीन माह में स्थिति रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए। पीठ ने कहा, रावत और चंद ने कानून की घोर अवहेलना की और पर्यटन को बढ़ावा देने की आड़ में व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए इमारतें बनाने के वास्ते बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई में संलिप्त रहे। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह कानूनी प्रावधानों को पूरी तरह ताक पर रख देने की रावत और चंद की धृष्टता से चकित है।

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सात साल की सजा, जुर्माना

- अपहरण, रंगदारी मांगने के मामले में पाए गए थे दोषी

**जौनपुर।** जौनपुर की एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट ने अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में बुधवार को बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके एक सहयोगी को सात-सात साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने बताया कि 10 मई 2020 को नमामि गंगे के परियोजना प्रबंधक के अपहरण, रंगदारी मांगने, षड्यंत्र रचने तथा अपशब्द कहने और धमकी देने के मामले में विशेष एमपी-एमएलए अदालत के न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके सहयोगी संतोष विक्रम को मंगलवार को दोषी ठहराया था। बुधवार को उन्हें सात-सात साल की कैद और 75-75 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह सजा के बाद धनंजय अब चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो गए हैं। सजा का ऐलान होते ही न्यायालय परिसर में जमा धनंजय सिंह के तमाम समर्थक मायूस हो गए।

## किशोरियों की आत्महत्या के बाद पिता ने भी जान दी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- भाई ने कहा- समझौते के लिए धमका रहे थे गैंगरेप के आरोपी

**अमृत विचार** : घाटमपुर के एक ईंट भट्ठे में पिछले हफ्ते गैंगरेप के बाद दुष्कर्म का वीडियो बनाने के मामले में आत्महत्या करने वाली दो किशोरियों में से एक के पिता ने आरोपी पक्ष से मिल रही धमकियों के बाद बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके बेटे ने आरोप लगाया कि गैंगरेप के आरोपी समझौते के लिए धमकी दे रहे थे।

थाना घाटमपुर के बरौली गांव के ईंट भट्ठे में परिवार के साथ मजदूरी करने वाली दो नाबालिग चचेरी बहनों के साथ भट्ठे के ठेकेदार रामस्वरूप, उसके पुत्र रज्जू और भांजे संजू ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। दुष्कर्म की वीडियो और फोटो खींच कर उन्हें ब्लैकमेल कर रहे थे। जिससे आहत दोनों किशोरियों ने 29 फरवरी को ईंट भट्ठे के निकट पेड़ पर एक साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। किशोरी के भाई का आरोप है कि आरोपी और ईंट भट्ठा संचालक मामला रफा-दफा करने को लेकर दबाव डाल रहे थे, लेकिन कांग्रेस महिला विंग ने मामले को ट्वीट कर दिया। जिस पर पुलिस ने तीनों आरोपियों रामस्वरूप, रज्जू और संजू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## अयोध्या-देहरादून विमान सेवा शुरू

**अयोध्या।** अयोध्या से उत्तराखंड के देहरादून के लिए फ्लाइट का संचालन बुधवार से शुरू हो गया। देहरादून एयरपोर्ट से सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए विमान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विमान सुबह साढ़े नौ बजे टेकऑफ हुआ और दोपहर करीब 12 बजे अयोध्या पहुंचा। अयोध्या एयरपोर्ट निदेशक विनोद कुमार के मुताबिक देहरादून से 71 यात्री अयोध्या पहुंचे। यह सेवा सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को संचालित होगी। उड़ान देहरादून से सुबह 9.40 बजे चलकर 11.30 बजे अयोध्या पहुंचेगी, यहां से 12.15 बजे चलकर 1.55 बजे देहरादून पहुंचेगी।

**कारगर व्यवस्था** — ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती विश्वविद्यालय के छात्रों ने फसलों की निगरानी के लिए बनाई डिवाइस

## अल्ट्रासोनिक–इंफ्रारेड तरंगों से होगी फसलों की सुरक्षा

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार** : अब जानवरों से घबराने की जरूरत नहीं, भाषा विश्वविद्यालय का तैयार पेटेंट फसलों की न सिर्फ निगरानी करेगा, बल्कि उसको नुकसान से भी बचाएगा। विवि प्रशासन का दावा है कि देश में तैयार पहला पेटेंट जानवरों को नुकसान पहुंचाए बिना खदेड़ने की क्षमता रखता है।

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती विश्वविद्यालय (भाषा) के कुलपति प्रोफेसर नरेन्द्र बहादुर सिंह बताते हैं कि उप्र में किसानों की जितनी समस्या उपज को लेकर है, उससे कहीं अधिक उसे बचाने की। इसके लिए विवि की इंजीनियरिंग संकाय की डॉ. ममता शुक्ला द्वारा पेटेंट तैयार किया गया है। इसमें बॉयोटेक्नॉलाजी कंप्यूटर साइंस ग्रुप के छात्रों की टीम भी शामिल है। डॉ. ममता बताती हैं कि सोलर और बैट्री पर आधारित डिवाइस खेतों में लगते ही फसलों की निगरानी करेगी। इसका संपर्क किसान के मोबाइल से होगा। जैसे ही कोई जानवर अथवा कीट ( नीलगाय, खरगोश, चूहा, पतिंगा ) खेतों में घुसेगा, डिवाइस का सेंसर ऑन हो जाएगा। ऐसे में मोबाइल भी अलर्ट करने लगेगा। किसान द्वारा मोबाइल से एक क्लिक करते ही डिवाइस के सहारे अल्ट्रासोनिक वेव्स और इंफ्रा रेड किरणें निकलने लगेंगी। चंद लम्हों में जानवर अथवा कीट इतना परेशान हो जाएगा कि उसे खेत छोड़ना ही पड़ेगा। डॉ. ममता बताती हैं कि केन्द्र सरकार की अनुमति से डिजाइन पेटेंट तैयार हो गया है, जल्द ही ये बाजार में आकर किसानों को लाभ देगा।



### डिवाइस को दिया गया ए वन एग्रीकल्चर का स्वरूप

भाषा विवि की टीम द्वारा तैयार डिवाइस को ए वन एग्रीकल्चर का स्वरूप दिया गया है। डॉ. ममता बताती हैं कि अभी इसका स्वरूप प्रोटो टाइप ( छोटा ) है, लेकिन खपत के हिसाब से इसे विस्तार देने की भी तैयारी है।

**फसलों को नुकसान से बचाने को इनोवेशन का कराया पेटेंट**

### नुकसान पहुंचाने वाले दो मिनट में होंगे खेत से बाहर

तैयार डिवाइस से निकलने वाली अल्ट्रासोनिक और इंफ्रा रेड तरंगों से किसी भी जानवर अथवा कीट– पतंगे को शारीरिक नुकसान नहीं पहुंचेगा। ये तरंगे मानसिक तौर पर बेचैन करेंगी। जिससे फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले पशु, कीट दो मिनट के भीतर ही खेत से बाहर होंगे।

### 70 से 80 फीसदी तक क्षति पहुंचाते हैं कीट और जंतु

धान की फसल में 40 से 50 फीसद तक नुकसान कीटों द्वारा किया जाता है। गोदाम में 17 से 20 फीसद तक अनाज चूहों द्वारा नष्ट किये जाते रहे हैं। फल चूषक कीट एवं फल मक्खी द्वारा 70 से 80 फसल तक फसलों का नुकसान होता है। पक्षियों द्वारा ज्वार, बाजरा, रागी करीब 70 फीसद तक नष्ट्र की जाती है।

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज



☞ ग्लोबल सोसायटी की ओर से जीएम प्लाजा में कार्यक्रम अपराह्न 2:30 बजे।

☞ हाईस्कूल की पहली पाली में सामाजिक विज्ञान की परीक्षा सुबह 8:30 बजे।

## सिविल लाइंस क्षेत्र में जेसीबी से स्लैब तोड़े

**रामपुर, अमृत विचार:** रोडवेज वर्कशॉप स्थित नाले के पानी की निकासी नहीं होने पर पालिका प्रशासन ने सिविल लाइंस थाने के सामने बनी दुकानों के आगे बने स्लैब को जेसीबी से ध्वस्त कराया।

रोडवेज वर्कशॉप स्थित पालिका का नाला है जो सिविल लाइंस कोतवाली की ओर निकल रहा है। कोतवाली के सामने दुकानदारों ने दुकानों के आगे पक्के स्लैब डाल रखे हैं। इससे नाले के पानी की निकासी नहीं हो रही है। बुधवार को सफाई एवं खाद्य निरीक्षक डॉ. अविनाश कुमार ने नाले की सफाई कराने के लिए दुकानों के आगे बने स्लैब को जेसीबी से ध्वस्त कराया। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि रोडवेज वर्कशॉप स्थित नाले के पानी की निकासी कराने को जेसीबी से स्लैब को हटवाया गया। ताकि सड़क पर जलभराव न हो। सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि रोस्टर के अनुसार प्रत्येक वार्ड में सफाई कराई जाए।

### सपा के खाते में गई रामपुर लोकसभा सीट, कांग्रेस नेत्री बेगम नूरबानो उम्रदराज होने का दे रहीं हवाला

# सपा-कांग्रेस के बीच गठबंधन से बदले रामपुर के सियासी समीकरण

सुहेल जैदी, रामपुर

**अमृत विचार :** सपा-कांग्रेस के गठबंधन से रामपुर के सियासी समीकरण बदल गए हैं। कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने का दावा करने वाली बेगम नूरबानो अब उम्रदराज होने का हवाला दे रही हैं। सपा के खाते में गई लोकसभा सीट के लिए कई नामों पर चर्चा हो रही है लेकिन, प्रत्याशी के नाम की घोषणा सीतापुर जेल में बंद मोहम्मद आजम खां को ही करनी है। हालांकि, बसपा के जिलाध्यक्ष भी पांच लोगों के नाम बहन मायावती को भेजने का दावा कर रहे हैं। टिकट वितरण के मामले में पहली बार भाजपा ने बाजी मार ली है।

रामपुर लोकसभा सीट का चुनाव हमेशा दिलचस्प रहा है। इस बार भी दिलचस्प होने जा रहा है क्योंकि सपा-कांग्रेस के गठबंधन ने रामपुर के सियासी समीकरण बदल दिए हैं। भाजपा के टिकट पर वर्ष 2022 के उपचुनाव में लोकसभा सीट जीतने वाले घनश्याम सिंह लोधी का अंदरखाने काफी विरोध हुआ लेकिन, पार्टी ने अपने जीते हुए प्रत्याशी पर भरोसा जताते हुए एक बार फिर चुनावी मैदान में उतारा है। सपा के कद्दावर नेता मोहम्मद आजम खां ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी लेकिन, वर्ष 2022 में इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद जून 2022 में हुए उपचुनाव में भाजपा के टिकट पर घनश्याम सिंह सिंह लोधी ने चुनाव जीत लिया था।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मुरादाबाद में भारत जोड़ो न्याय यात्रा पहुंचने से पहले ही कांग्रेस की पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने रामपुर से लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया था। वह रामपुर से कांग्रेस के टिकट पर दो बार पहले भी सांसद रह चुकी हैं। लेकिन, अब बेगम नूरबानो उम्र बढ़ने की बात कह रही हैं। सपा-कांग्रेस का गठबंधन होने के बाद कांग्रेसी गठबंधन धर्म निभाने की दुहाई दे रहे हैं। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता का कहना है कि हाईकमान से रामपुर सीट को लेकर पुनर्विचार के लिए सिफारिश की गई है। जबकि, सपा के खेमे में आजम खां के अलावा स्थानीय स्तर पर कोई मजबूत प्रत्याशी नहीं है। आजम खां के लिए कोर्ट ने छह वर्ष तक चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी है। इसलिए सपा खेमे में पूर्व पालिकाध्यक्ष फातिमा जबीं, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, आसिम राजा, अमरजीत सिंह, सिदरा अदीब समेत कई नामों पर चर्चा हो रही है।

रामपुर में बसपा से कभी कोई प्रत्याशी लोकसभा चुनाव नहीं जीता है। इस बार बसपा के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार सागर की बात पर भरोसा करें तो नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मशकूर मुन्ना समेत पांच नाम बहन मायावती को भेजे हैं। बसपा के जिलाध्यक्ष ने बताया कि हाईकमान जिस नाम पर मुहर लगाएगा, पार्टी उस प्रत्याशी को चुनाव लड़ाएगी।

### सीतापुर जेल से आजम खां करेंगे प्रत्याशी के नाम का ऐलान



सपा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल ने बताया, सपाइयों ने बैठक कर यह तय कर लिया है कि जिस प्रत्याशी के नाम का ऐलान पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खां करेंगे, उस नाम पर जिले भर के सपाइयों की रजामंदी होगी। उन्होंने बताया कि सीतापुर जेल से मोहम्मद आजम खां रामपुर लोकसभा सीट के लिए प्रत्याशी के नाम का ऐलान करेंगे। उस नाम पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मुहर लगा देंगे।

### पार्टी के फैसले को मान रही हूं : बेगम नूरबानो



पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने बताया कि वह पार्टी के फैसले को मान रही हैं। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समेत पार्टी हाईकमान ने सोच समझकर ही गठबंधन का फैसला लिया होगा। उन्होंने कहा कि वह उम्रदराज हो गई हैं इसलिए लोकसभा चुनाव लड़ने में उन्हें परेशानी हो सकती थी। पार्टी जो भी तय करेगी, वह उसका पालन करेंगी। कहा कि वह हमेशा कांग्रेस में रही हैं और आगे भी कांग्रेस में ही रहेंगी।

### लोकसभा चुनाव जीतने के लिए मेरा रास्ता साफ : घनश्याम



सांसद घनश्याम सिंह लोधी बताते हैं कि लोकसभा चुनाव जीतने के लिए मेरा रास्ता साफ है। मुझ पर पार्टी ने भरोसा किया और मैं पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरा। इसीलिए एक बार फिर मुझे पार्टी ने लोकसभा चुनाव लड़ने का मौका दिया है। मैंने रामपुर की बेहतरी के लिए कम समय में बहुत ज्यादा कार्य कराए हैं। हमेशा से लोगों के बीच रहा हूं और कभी अहंकार नहीं किया। ये चीजें मुझे चुनाव जिताने में सहायक बनेंगी।

## एक नजर

### रजा कॉलेज में मुशायरा और कवि सम्मेलन आज

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की ओर से ऑल इंडिया तमसीली मुशायरा और कवि सम्मेलन का आयोजन गुरुवार को होगा। इसमें 20 शायर अपने कलाम पेश करेंगे। मुशायरे और कवि सम्मेलन के आयोजक डा. सैयद मोहम्मद अरशद रिजवी ने बताया कि महाविद्यालय में हीरक जयंती के तहत तमसीली मुशायरा-कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें शायर अजहर इनायती, वसीम बरेलवी, राही बस्तवी, ताहिर फराज, खुर्शीद हैदर, सिकंदर हयात, अलताफ जिया, शरफ नानपारवी, शबीना अदीब, निकहत अमरोहवी समेत अन्य कलाम पेश करेंगे।

### स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को बांटे प्रमाण पत्र

**रामपुर, अमृत विचार :** बुधवार को पहाड़ी गेट स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (आरसेटी) में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए दस दिवसीय पापड़, अचार मसाला और पाउडर निर्माण प्रशिक्षण का समापन हुआ। उपायुक्त मनरेगा मंशाराम यादव ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि जो प्रशिक्षण में सिखाया गया है। खंड विकास अधिकारी बिलासपुर अभिषेक आर्या ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। कहा कि समूह सरकारी योजना है। महिलाओं को योजना के लिए प्रेरित किया है।

# इंडिया गठबंधन कांग्रेस का गोदी गैंग : नकवी

### पूर्व मंत्री बोले- भारत की धाक-धमक को धूमिल करने की धुन में जुटा गैंग, रठौंडा में किसान मेले का किया आगाज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि मुल्क विरोधी दुष्प्रचार, मोदी विरोधी प्रहार गाली के मवालियों के कुंठित कुनबे का कॉमन कार्यक्रम बन गया है। उन्होंने इंडिया गठबंधन को कांग्रेस का गोदी गैंग बताया। कहा कि हार की हताशा में गाली का तमाशा करते-करते, इनका हर साथी गाली का गुरु घंटाल बनने की होड़ में जुटे रहे।

जिला पंचायत प्रशासन के तत्वावधान में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने बुधवार दोपहर तीन बजे रठौंडा के ऐतिहासिक शिवमंदिर प्रांगण में किसान मेले का आगाज किया। इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बिना रिमोट और कुनबे के सपोर्ट वाली पहली गैर कांग्रेस सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन और स्थायित्व के कीर्तिमान के साथ अपने दो सफल कार्यकाल पूरे कर तीसरे की तरफ बढ़ चुकी है। कांग्रेस का गोदी गैंग हमेशा परिवार, प्रतिनियुक्ति या फिर रिमोट की रोबोट वाली सत्ता की सामंती सोच में चकनाचूर रहा है। मोदी सुशासन की सफलता ने सत्ता की सामंती ठेकेदारी की ठसक ठिकाने लगा दी है। कहा कि कांग्रेस के पिछले शासनकाल के हालात आज भी लोगों को याद हैं। जब प्रधानमंत्री पद के संस्थान को परिवार का निजी प्रतिष्ठान में परिवर्तित कर संवैधानिक संस्थान की प्रतिष्ठा, प्रभाव और प्रतिबद्धता को सामंती स्वार्थो का बंधन बना लिया गया था। कैबिनेट के फैसलों को परिवार की सुपर कैबिनेट की मंजूरी का मोहताज बना दिया गया था। प्रधानमंभी नरेंद्र मोदी ने कुनबे के कंट्रोल, करप्शन, कुशासन कल्चर को खत्म कर प्रतिबद्धता, परिश्रम, परिणाम के साथ प्रधानमंत्री पद की गरिमा, गौरव एवं सरकार की विश्वसनीयता को बहाल कर दिया है।

व्यवस्था को निर्णायक नेतृत्व ने परिश्रमी, प्रभावशाली, परिणामपूरक व्यवस्था कायम में परवर्तित कर भारत को विश्व के पटल पर शक्तिशाली व आत्मविश्वास से भरपूर देश बनाया है। भारत के लोकतंत्र, संसद, संविधान और निर्वाचित सरकार को बदनाम करने की सुनियोजित साजिश में लगे हैं। कांग्रेस के रिमोट कंट्रोल के रेंज से बाहर मोदी सरकार के स्थायित्व और सुशासन संकल्प से भरपूर गरीब कल्याण और समावेशी सशक्तीकरण के कामों की गिनती ने कांग्रेसी कुनबे का गणित बिगाड़ दिया है।



फीता काटकर किसान मेले का आगाज करते पूर्व मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी। ● अमृत विचार



रठौंडा मंदिर में घंटा बजाते नकवी। ● अमृत विचार

### जिसका अंदर कोई मोल नहीं, बाहर कोई भाव नहीं

पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि फिसलन भरी फील्ड में फिसड्डियों की फिक्सिंग का खेल भी फेल हो रहा है। सियासी बंजर में साजिशों का खंजर भी काम नहीं करता। कांग्रेस डायनेस्टी का डिफॉल्टर क्रेडिट कार्ड बन गई है, जिसका अंदर कोई मोल नहीं, बाहर कोई भाव नहीं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भाजपा, सहयोगी दल जनादेश के साथ 400 सीट पार करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्राउंड जीरो के ऐसे ग्लोबल हीरो साबित हुए हैं, जिन्होंने नाकामियों के निशान मिटा कामयाबी की लहलहाती फसल तैयार की है। उसे 'कुशासन की मंडली, करप्शन की कुण्डली, के हवाले देश के विकास और विश्वास को बंधक नहीं होने देगा।

### ये लोग रहे मौजूद

जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, भाजपा जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू, जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, सूर्य प्रकाश पाल, राकेश मिश्रा, ज्वाला प्रसाद गंगवार, कपिल आर्य, बीना भारद्वाज, अर्चना गंगवार, राजीव मांगलिक, ऋषि पांडे, भारत भूषण गुप्ता, महासिंह राजपूत, रजनीश पटेल, मुन्नी देवी गंगवार, डॉ. चंद्र प्रकाश शर्मा, ध्यान सिंह यादव, सतनाम सिंह, कृष्ण अवतार लोधी, रियासत अली, खलील अहमद, विक्रम सिंह, सोनू लोधी, विकास आदि रहे।

## स्ट्राइकर की टीम ने 7 विकेट से सिंबोसिस क्लब को हराया

**रामपुर, अमृत विचार:** ज्वाला क्लब के मैदान पर चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला सिंबोसिस क्लब और स्ट्राइकर क्लब मुरादाबाद की टीमं के बीच खेला गया। इसमें स्ट्राइकर क्लब की टीम ने सात विकेट से जीत दर्ज की।

स्ट्राइकर के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। सिंबोसिस क्लब की पूरी टीम 74 रन पर ऑल आउट हो गई। सिंबोसिस की ओर से साकिब ने 15 रन और रिजवान ने 10 रनों का योगदान दिया। स्ट्राइकर क्लब के गेंदबाज सरफराज ने दो विकेट और अजय ने 2 विकेट लिए। 75 रनों के लक्ष्य को स्ट्राइकर क्लब ने तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। स्ट्राइकर क्लब की ओर से सरफराज ने 35 रन और विक्की ने 23 रनों का योगदान दिया। सिंबोसिस की ओर से प्रियांशु और सिद्धू ने एक-एक विकेट लिया मैन ऑफ द मैच सरफराज रहे। मैच की अंपायरिंग संजय और हर्ष सक्सेना ने की। स्कोरिंग आदिल ने और कंमेट्री गौरव यादव ने की। इस दौरान अध्यक्ष कुलदीप सक्सेना, अनु सक्सेना, अनमोल सक्सेना व विनय शर्मा आदि उपस्थित रहे।





कार्यक्रम के दौरान चार्ट दिखातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

## चार्ट प्रतियोगिता में करिश्मा और मेहंदी में छाया अव्वल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बिलासपुर विकासखंड क्षेत्र के कृष्णा नगर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत चार्ट प्रतियोगिता व मेहंदी प्रतियोगिता कराई गई।

इनमें कक्षा सात और कक्षा आठ के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने एक वोट से सरकार बदल जाती है तरह-तरह के चार्ट बनाकर लोगों को जागरूक किया। चार्ट प्रतियोगिता में बच्चों में बहुत ही महत्वपूर्ण मुकाबला रहा। कक्षा आठ की करिश्मा विश्वास प्रथम, सुलेख राय द्वितीय व महक वैध को तृतीय स्थान मिला। कक्षा सात की चंद्रका प्रथम स्थान पर रही। कृष्णा विश्वास द्वितीय, प्रीति सक्सेना तृतीय रही। मेहंदी प्रतियोगिता में छाया प्रथम, किरण मंडल द्वितीय व वैष्णवी मिस्त्री तृतीय स्थान पर रहीं। अर्चना पांडेय, तपन कुमार राय, पूनम भारती, रचना कपूर, जसकरण कौर, मंजू शर्मा, राज किशोर रहे।

## निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए डॉ. संतोष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के चुनाव में डॉ. संतोष कुमार अध्यक्ष, डॉ. अजीज हसन अंसारी को उपाध्यक्ष और डॉ. देवेश चौधरी को कोषाध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। संघ के पदाधिकारियों ने तीनों का स्वागत किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में बुधवार को प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ का चुनाव हुआ। चुनाव सहायक अधिकारी डॉ. सत्यमूर्ति तोमर की देखरेख में हुआ। इसमें सचिव पद के लिए तीन नामांकन पत्र प्राप्त हुए। डॉ. सत्यपाल सिंह को सचिव चुना गया। इस दौरान सीएमओ डॉ. एसपी सिंह, सीएमएम डॉ. एचके मित्रा, डॉ. अभिलाषा मिश्र, एसीएमओ डॉ. आरके वर्मा, डॉ. केके चहल, डॉ. अजीम प्रभारी, डॉ. बासित अली, डॉ. आरके चंदेल आदि रहे।



प्रांतीय चिकित्सा सेवा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सचिव।

# दिव्यांगों के घर जाकर कराएं मतदान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारियों की बैठक हुई।

जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, लोकसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने, दिव्यांग मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधाओं और लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान चुनाव प्रचार एवं विभिन्न प्रकार की अनुमति के संबंध में चर्चा की।

बैठक में जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों को बताया कि यदि अभी भी किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति अथवा पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से रह गया है तो फार्म-6 भरवाकर उसे सूची बनाते हुए संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि 85 वर्ष की आयु से अधिक व दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोलिंग पार्टियों का गठन करते हुए पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर-घर जाकर मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से लोकसभा चुनाव दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के बारे में बताया।



कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में बोलते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह।

**निर्देश**

▸▸ **बैठक में लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान चुनाव प्रचार की अनुमति पर हुई चर्चा**

**कार्यक्रम** राजकीय रजा डिग्री कॉलेज में हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में रजनी अव्वल और एकल गायन में तरुण जोशी को मिला प्रथम स्थान

# युवा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय रजा डिग्री कॉलेज में बुधवार को युवा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। प्राचार्य डॉ. दीपा अग्रवाल ने कहा कि कॉलेज में अनेक गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विकास के लिए की जाती हैं। ताकि छात्रों को प्लेटफॉर्म मिल जाए। मंच पर छात्र-छात्राएं अपनी रचनात्मक क्षमताओं का प्रदर्शन करते हैं। जीवन की चुनौतियों का सामना करने की मजबूती विकसित कर लेते हैं।

वार्षिक युवा महोत्सव उमंग के तीसरे दिन समापन समारोह रंगारंग कार्यक्रम से शुरू हुआ। गुलदस्ता निर्माण, एकल गायन, नुक्कड़ नाटक, फैंसी ड्रेस समेत अन्य प्रतियोगिताएं हुईं। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कला संकाय के योगेश, कृष्णा, शिवकुमार, गुड्डू, राधा, निशा, खुशबू, मेघा, दूसरा स्थान बीएड संकाय के नजमा, विकाश, मनोज, नैंसी, आयुषी, सैयद लामा जेहरा, मोहित, आसिफ एवं तीसरा स्थान विज्ञान संकाय के सिमरा, गुरमीत, रामशा, विधि, रहेमिन, सिमरन,जैनब, मुस्कान, इल्मा ने प्राप्त किया। एकल गायन प्रतियोगिता के विजेता छात्रों में प्रथम स्थान तरुणा जोशी रहे। दूसरा स्थान हबीबा फिरोज तीसरा स्थान स्वलेह ने प्राप्त किया। छात्रा ने भारत माता के रूप में खूब तालियां बटोरीं। शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। समारोह के उद्घाटन सत्र में संचालन प्रोफेसर डॉ. सैयद अरशद रिजवी ने किया। मंच संचालन सह समारोह डॉ. अब्दुल लतीफ ने किया गया। बुके निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान समूह दो के प्रभात विश्वास, चमन, दीपक कुमार बीएड द्वितीय स्थान समूह एक के सुरभि, कायनात अंचल बीएड तीसरा स्थान सादिया, वकार, जेबिया, सबीहा ने प्राप्त किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रजनी, द्वितीय स्थान सोनी बीएड तीसरा स्थान मुस्कान ने प्राप्त किया। इस दौरान प्रोफेसर डॉ. सहदेव यादव भी मौजूद रहे।



युवा महोत्सव में प्रतियोगिताओं में विजेता होने पर प्रमाण पत्र दिखाते छात्राएं, साथ में स्टाफ। ● अमृत विचार

## एक नजर

### डूंगरपुर के एक मामले में हुई सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर के एक मामले में एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में बुधवार को बचाव पक्ष की ओर से बहस की गई। अब इस मामले में गुरुवार को सुनवाई होगी। डूंगरपुर में बने मकानों पर बुलडोजर चलवाने के मामले में आजम खां सहित कई लोगों को आरोपी बनाया था। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। बुधवार को एक मामले की सुनवाई हुई। बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी हो गई।

### चरस के साथ दो युवक गिरफ्तार, बाइक सीज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** खजुरिया थाना पुलिस ने बुधवार को खंडिया गांव स्थित वन चौकी के पास से बाइक सवार दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उन दोनों के पास से कुल 440 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने उनकी बाइक को भी सीज कर दिया है। पकड़े गए आरोपियों में मोहम्मद उमर पुत्र नियाज अहमद व सगीर अहमद पुत्र अब्दुल गफ्फूर शामिल हैं। दोनों ही बरेली जनपद के अलीगंज क्षेत्र के खैलम गांव के रहने वाले है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि दोनों के विरुद्ध उप निरीक्षक सूरज सिंह चौहान ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

# पालिका बोर्ड की बैठक में हंगामे के बीच 157 करोड़ का बजट पास

## 2024-25 का पेश किया गया वार्षिक बजट, सभासदों ने कर्मचारियों पर लगाया काम नहीं करने का आरोप, कमेटी गठित कर जांच के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पालिका बोर्ड की बैठक में बुधवार को हंगामे के बीच 157.80 करोड़ रुपये का बजट पास हो गया। इस दौरान सभासदों ने कर्मचारियों पर काम नहीं करने का आरोप लगाकर हंगामा किया। पालिकाध्यक्ष सना खानम ने ईओ को कमेटी गठित कर जांच करने के निर्देश दिए। इसके बाद सभासद शांत हुए और बजट को हरी झंडी मिली।

नगर पालिका सभागार में बुधवार दोपहर तीन बजे से 4:30 बजे तक पालिकाध्यक्ष की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक हुई। इसमें वार्ड-37 के सभासद दिनेश रस्तोगी, वार्ड-19 से जमील इनायती, वार्ड-40 से शहाब खां, वार्ड नंबर-36 से मोहम्मद जफर ने सवाल-जबाव किए। पालिकाकर्मियों द्वारा कार्य नहीं करने पर सभासद भड़क गए। सभासदों के तेवर तल्ख होने पर पालिकाध्यक्ष ने अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी को कमेटी गठित कर लापरवाह पालिकाकर्मियों के विरुद्ध जांच करने के निर्देश दिए। इसके बाद वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया गया। एजेंडा लिपिक सैयद मंजूर अली नकवी ने बजट को पढ़कर सुनाया। उन्होंने बताया कि 159.99 करोड़ रुपये की प्रस्तावित आय और 157.80 करोड़ के अनुमानित व्यय के साथ 2.19 करोड़ का संभावित लाभ प्रस्तुत किया गया। इससे पूर्व सभासदों ने 43 वार्डों की समस्याएं रखीं। वार्ड नंबर 23 के सभासद मुराद कलीम ने कहा कि स्क्रैप की नीलामी अभी तक नहीं हुई है। इस पर अधिशासी अधिकारी ने जानकारी ली तो पता चला कि वर्ष 1999 से नीलामी नहीं हो सकी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जो सामान खरीदा जाता है वह स्टोर में नहीं जा रहा है, इसकी जांच कराई जाए। अधिशासी अधिकारी ने इसके लिए कमेटी बनाकर तकनीकी लोगों को जोड़ते हुए इसकी जांच कराने को कहा। सभासदों ने टैक्स विभाग के राजस्व निरीक्षक संजीव कुमार से कहा कि पालिका के राजस्व को बढ़ाने के लिए तहबाजारी से शुल्क नहीं लिया जा रहा। इसकी नीलामी तक नहीं हो सकी है। बापू मॉल की दुकानों का किराया कम करने के लिए कुछ नहीं किया गया है। इस पर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि जल्द ही दुकानों का किराया कम करने के बाद इनका आवंटन कर दिया जाएगा। सभासदों ने कहा कि टेंपो चलाने के लिए अभी टेंडर नहीं हो सका है। नालियों और नालों पर भी काम नहीं हो सका है। इस पर काम कराने के लिए सहमति जताई। 10 हजार की आबादी पर 28 सफाई कर्मचारी का नियम है, लेकिन किसी वार्ड में 14, 17 और 18 ही कर्मचारी तैनात हैं।

सभासद दिनेश रस्तोगी, जमील इनायती, शहाब खां, मोहम्मद जफर और मुराद कलीम ने कहा कि पालिका कर्मचारी अधिकारियों के घरों पर काम कर रहे हैं। वार्डों में गंदगी है। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि इस मामले की भी जांच कराई जाएगी। इस दौरान नुजहत, निशा, कविता, अजीमुद्दीन, मोहम्मद आसिफ, श्वेता, अशोक बाबू सैनी, महफूज उर रहमान खां, सफीन शमीम, सीमा बी, तरन्नुम तनवीर, चेतना आजाद, जमील इनायती, फातिमा बी, सैयद अजहर हुसैन, शादाब अली, मुराद कलीम, शाजमा वसीम, नूरजहां, किरन, तरन्नुम नाज, सुमित, शाहवेज अंसारी, खतीजा निगार और इरफाना आदि मौजूद रहे।



बोर्ड की बैठक में बोलतीं पालिकाध्यक्ष सना खानम। ● अमृत विचार



वार्षिक बजट पर हाथ उठाकर सहमति जताते सभासद। ● अमृत विचार

### जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने पर सभासदों में नोकझोंक

नगर पालिका परिषद के सभागार में आयोजित बैठक में सभासद दिनेश रस्तोगी ने कहा कि जन्म मृत्यु प्रमाण बनवाने के लिए धांधली हो रही है। 1000 से लेकर 2000 तक प्रमाण पत्र बनवाए जा रहे हैं। इस पर सभासद जमील इनायती ने कहा कि जन्म-मृत्यु विभाग में सबसे बेहतर काम चल रहा है। इस दौरान दोनों में नोकझोंक हो गई। पालिकाध्यक्ष और ईओ ने दोनों को समझाकर शांत किया।

### श्मशान घाट, कब्रिस्तानों की सफाई का मुद्दा उठाया

सभासद मोहम्मद जफर ने श्मशान घाट, कब्रिस्तानों में सफाई कराने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि, रमजान में विशेष तौर से साफ कराई जाए। कहा कि मस्जिदों, श्मशान घाट पर स्ट्रीट लाइटें लगवाई जाए। आठ माह से चपटा कॉलोनी में पाइपलाइन बिछाने का कार्य अधर में है। ईओ ने जलकल अभियंता मूलचंद को बुलाया। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन का कार्य जलनिगम की ओर से कराया जा रहा है।

### बैठक में ये सभासद रहे नदारद

वार्ड नंबर 4 से विनोद कश्यप, वार्ड नंबर 7 से प्रीति शर्मा, वार्ड नंबर 16 से अमरीन एजाज, वार्ड नंबर 25 से राणा चौधरी, वार्ड नंबर 26 रफीक उल्लाह, वार्ड नंबर 34 से रोशन जहां बैठक में नही पहुंचे।

# शहर में सबसे अधिक लाइनलॉस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर में विद्युत निगम के अधिकारी बिजली चोरी पर रोक नहीं लग पा रहे हैं। इसकी वजह से लाइनलॉस में बढ़ोतरी हो रही है।

बिजली के चोरी के मामले में जनपद में अधिक हैं। निगम के अधिकारियों की माने तो 28 फीसद बिजली चोरी हो रही है। मालगोदाम स्थित अधीक्षण अभियंता के कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, जनपद की चारों डिवीजनों पर सर्वाधिक चोरी शहर में हो रही है। शहर में 28.83 प्रतिशत, स्वार टांडा में 23.50 प्रतिशत, शाहबाद-मिलक में 14.99 प्रतिशत, बिलासपुर क्षेत्र में 19.71 प्रतिशत तक लाइनलॉस है।

जनपद की समस्त डिवीजनों की खराबी स्थिति को देखते हुए उच्च अधिकारियों ने लाइनलॉस में सुधार कराए जाने के हिदायत दी है। इसमें सभी शहर, स्वार-टांडा, शाहबाद-मिलक और बिलासपुर क्षेत्र के लिए मार्च माह में लक्ष्य में निर्धारित किया है।

### शहर के इन मोहल्लों में होती है चोरी

पहाड़ी गेट, शाहबाद गेट, रजा इंटर कालेज, बिलासपुर गेट, डूंगरपुर में विद्युत निगम के अधिकारियों की सुस्ती की वजह से मोहल्लों में बिजली चोरी हो रही है। मार्च में लाइनलॉस को कम करने के लिए नवाबगेट डिवीजन के अधिकारियों ने शहर के तीनों एसडीओ, जेई को निर्देशित किया है। बकाएदारों से जल्द ही बकाया जमा कराए। शहरी क्षेत्र को 25 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित है, उसे समय रहते हुए पूरा करें। अभियान के लिए संबंधित बिजलीघर की प्रत्येक टीम को गठन करें। प्रतिदिन रिपोर्ट कार्यालय भेजे।

### ट्रांसफार्मर में खराबी से कई घंटे विद्युत आपूर्ति रही बाधित

**टांडा, अमृत विचार :** ट्रांसफॉर्मर खराब होने से नगर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सात घंटे ठप रही आपूर्ति के चलते लोगों को परेशानी हुई। नगर विद्युत उपकेंद्र के फीडर नंबर दो से संचालित किसान राइस मिल के पास स्थित 400 केवीए ट्रांसफॉर्मर में 11 बजे कुछ खराबी आने से मोहल्ला राहूपुरा, काजीपुरा व मुख्य मार्ग के आंशिक क्षेत्र में सप्लाई ठप हो गई। लाइनमैनों की टीम ने ट्रांसफॉर्मर की जांच की और तकनीकी खराबी सुधारने का प्रयास किया। काफी प्रयास के बाद ट्रांसफार्मर में आई खराबी को ठीक किया जा सका। इसके बाद छह बजे के बाद आपूर्ति बहाल की जा सकी।

जनपद में समस्त डिवीजन के अधिशासी अभियंता को मार्च का लक्ष्य दिया गया है। बिजली चोरी पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। राजस्व बढ़ाने लाइनलॉस के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
–वीके आर्या, अधीक्षण अभियंता, मालगोदाम

### ट्रक ने पिकअप को रौंदा, दंपती घायल

**सैदनगर, अमृत विचार:** अजीमनगर थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के ट्रक ने पिकअप को रौंद दिया। हादसे में सब्जी बेचने जा रहे दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में पहुंचवाया।

हसमतगंज गांव निवासी नरेश और उसकी पत्नी पिकअप से सब्जी भरकर मंडी लेकर जा रहे थे। जैसे ही वे गांव से लालपुर मार्ग पर पहुंचे तो सामने से आ रहे ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए ट्रक चालक को पकड़ लिया। सूचना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायल नरेश व उसकी पत्नी बीना को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। भीड़ को हटाने के बाद पुलिस ने रोड से जाम खुलवाया। चालक व ट्रक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक पवनवीर सिंह राणा ने बताया परिजनों की तहरीर मिलने के बाद मामला दर्ज किया जाएगा।

# कभी भागने की नहीं की कोशिश : जयाप्रदा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आचार संहिता से जुड़े दो मामलों में पूर्व सांसद जयाप्रदा ने बुधवार को कोर्ट में बयान दर्ज कराए। इसके बाद कोर्ट से बाहर आकर जयाप्रदा ने कहा कि उन्होने कभी भागने का प्रयास नहीं किया था। स्वास्थ्य खराब होने के कारण कोर्ट नहीं आ पा रही थीं। स्वास्थ्य सही होते ही कोर्ट में आ गई हूं और अब सुनवाई के लिए 22 मार्च की तारीख लगी है।

वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव हुए थे जिसमें जयाप्रदा भी लड़ी थीं। इस दौरान उन पर आचार संहिता उल्लंघन के केमरी और स्वार में दो मुकदमें दर्ज हुए थे। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही है। बुधवार को जयाप्रदा कोर्ट पहुंची जहां उन्होंने स्वार के मामले में बयान दर्ज कराते हुए कोर्ट से कहा कि मैंने ऐसा कोई गलत काम नहीं किया है। अनजाने में कोई वीडियो या फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ हो तो उसका तो मुझे पता नहीं है। मैंने कोई गलत काम नहीं किया, जोकि आगे भी नहीं होगा। मैं अदालत का धन्यवाद कहती हूं, कोर्ट ने मेरे को आज बुलाया था। जिसके बाद कोर्ट में पेश हो गई। मैंने कभी भागने का प्रयास नहीं किया। अभियोजन अधिकारी नीरज कुमार ने बताया कि जयाप्रदा ने अपने स्वार के मामले में बयान दर्ज कराए हैं। अब इस मामले में 22 मार्च को वह कोर्ट में साक्ष्य पेश करेंगी।



कोर्ट से बाहर आने पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देतीं पूर्व सांसद जयाप्रदा।

**▸▸ कोर्ट से बाहर आने के बाद पूर्व सांसद बोलीं- मैंने कुछ गलत नहीं किया**

### हादसों में छात्र-छात्राओं समेत पांच लोग चोटिल

**शाहबाद, अमृत विचार :** अलग-अलग सड़क हादसों में छात्र-छात्राओं समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

जनपद संभल के थाना कुढ़फतेहगढ़ के गांव गुड़सरी निवासी रिशु चौधरी, आदित्य चौधरी एवं दमन चौधरी शाहबाद में परीक्षा देने आए थे। घर वापस जाते समय वह सड़क हादसे का शिकार हो गए। कोतवाली क्षेत्र के गांव जाहिदपुर निवासी रेहान भी सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। दूसरी ओर, अमरोहा जनपद के थाना देहात के मोहल्ला जट बाजार निवासी नसीम ट्रक लेकर रामपुर की ओर जा रहे थे। रास्ते में अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गया। हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। राहगीरों ने एंबुलेंस के माध्यम से उन्हें सीएचसी भिजवाया। चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी पिता-पुत्र। ● अमृत विचार

# सीआरपीएफ जवान की मौत मामले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

संवाददाता, मसवासी (रामपुर)

**अमृत विचार:** गांव रहमतगंज में सोमवार को हुए विवाद के दौरान गोली लगने से सीआरपीएफ जवान धर्मेंद्र यादव की मौत के मामले में बुधवार को पिता-पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

घटना में प्रयुक्त दो नाली बंदूक भी मिल गई है। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया है। स्वार क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मिलक नौखरीद ओवर ब्रिज के नीचे खड़े घटना में शामिल हरस्वरूप पुत्र रामकुमार और कृष्ण कुमार उर्फ पिंटू को पकड़ लिया। पिता-पुत्र की निशानदेही पर पुलिस ने दो नाली बंदूक और एक खाली कारतूस बरामद कर लिया है। हालांकि इस मामले में नामजद दो आरोपी फरार हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से सिपाही जख्मी, रेफर

**शाहबाद, अमृत विचार :** पुलिस डाक लेकर जा रहे सिपाही की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह जख्मी हो गए। एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जनपद अमरोहा निवासी अनिल कोतवाली शाहबाद में सिपाही के पद पर तैनात हैं। बुधवार सुबह वह पुलिस डाक लेकर रामपुर जा रहे थे। शाहबाद-रामपुर मार्ग पर किरा गांव के निकट अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इलाज के लिए उन्हें सीएचसी लाया गया। सूचना पाकर कोतवाल ओमकार सिंह भी पुलिस के साथ सीएचसी पहुंच गए। जहां से रेफर करने के बाद वह उन्हें मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए।



अस्पताल में मौजूद मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

# तालाब में गिरा युवक, मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शराब के नशे धुत बाइक सवार युवक तालाब में गिर गया। लोगों ने उसे बाहर निकाला। लेकिन, उसकी मौत हो गई।



बताया कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव विजइया निवासी रामचंद्र का पुत्र मनोज यादव (28) शहर में बुधवार को शादी में शामिल होने आया था। यहां से बाद में वह घर जा रहा था कि शराब के नशे में होने के कारण वह आगापुर के पास बाइक सहित तालाब में गिर गया। आधे घंटा बाद लोगों ने उसे बाहर निकाला। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर अजय मिश्रा ने बताया कि युवक की तालाब में गिरने से मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

### रसोई गैस सिलेंडर में आग लगने से किशोरी झुलसी

**भोट, अमृत विचार :** खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लगने से किशोरी गंभीर रूप से झुलस गई। क्षेत्र के बांस नगली गांव निवासी नन्हें राम की 17 वर्षीय पुत्री कुसुम बुधवार दोपहर पड़ोस में रहने वाले गोकल प्रसाद के घर पर गई थी। गोकल दास की पुत्री के साथ चाय बनाने को किशोरी भी रसोई में चली गई। चूल्हा जलाते ही आग भड़क गई। जिससे कुसुम आग की चपेट में आ गई। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक किशोरी गंभीर रूप से झुलस चुकी थी। किशोरी के भाई ने उसे गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। आग से किशोरी के झुलसने की सूचना के बाद हलका लेखपाल अभिषेक ध्यानी राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से घटना की जानकारी ली।

# पईपुरा में वेल्डर ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक वेल्डर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने उसका शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

बुधवार सुबह 10 बजे कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि गांव पईपुरा निवासी हर सिमरन सिंह (23) ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते फंदे पर लटककर जान दे दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिस ने मृतक के परिजनों से वार्ता की और मौत का कारण जानने का प्रयास किया। परिजनों ने बताया कि हरसिमरन सिंह के पिता परविंदर सिंह कनाडा में नौकरी करते हैं। वह अपनी सौतेली मां, भाई और दादा-दादी के साथ यहीं रहता है। मंगलवार शाम वह घर आया और खाना खाकर सोने के लिए अपने रूम में चला गया। उसने परिवार के किसी भी सदस्य से वार्ता तक नहीं की। इस बीच रात्रि में किसी समय उसने गले में फंदा लगाकर जान दे दी। सुबह जब परिजनों ने उसे आवाज लगाई तो कोई आहट नहीं हुई। उन्होंने कमरे में जाकर देखा तो वह मृत अवस्था में फंदे पर लटका था। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण भी पहुंच गए। उधर, मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना से संबधित अभी कोई तहरीर उन्हें प्राप्त नहीं हुई है। जांच जारी है।

### पकड़े गए गोतस्कर चार वर्ष से थे फरार

**स्वार, अमृत विचार:** चार वर्ष से फरार घायल दो हिस्ट्रीशीटर गो तस्करों को पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अभिरक्षा में गो तस्करों का चिकित्सक उपचार कर रहे हैं।

मंगलवार रात कोतवाल संदीप त्यागी को मुखबिर ने सूचना दी थी कि क्षेत्र के गांव रतनपुरा के जंगल में कुछ लोग गोवंश को काटने की तैयारी कर रहे हैं। कोतवाल ने टीम गठित कर दबिश दी। तभी गो तस्करों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। पुलिस ने गो तस्करों पर जवाबी कार्रवाई की। पुलिस ने अपने बचाव में की फायरिंग की तो नरपतनगर आराफीन व गांव दूंदावाला निवासी आजम घायल हो गए थे। पुलिस ने घटना स्थल से एक बाइक, एक गोवंश, दो तमंचे, तीन करतूस, उपकरण, काली पन्नी, दो रस्सी बरामद की थी। कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि दोंनो हिस्ट्रीशीटर गोतस्कर चार साल से फरार थे।

**रेलवे** स्टेशन पर पहुंची शताब्दी एक्सप्रेस, लोको पायलट और स्टेशन अधीक्षक का स्वागत

# शताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव होने पर व्यापारी खुश

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** व्यापारियों व नागरिकों की मांग पर जन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव पुनः होने पर स्टेशन पर पहली बार पहुंची ट्रेन को सांसद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान व्यापारियों ने लोको पायलट और स्टेशन अधीक्षक का स्वागत किया।

सांसद धनश्याम सिंह लोधी को भी व्यापार मंडल व नागरिकों ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान सांसद ने कहा कि काठगोदाम-दिल्ली जाने वाली जन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव यात्रियों की कमी की वजह से बंद कर दिया गया था। इसे लेकर व्यापारियों, स्कूली बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। व्यापार मंडल और नागरिक लंबे समय से शताब्दी एक्सप्रेस के पुनः ठहराव की मांग को लेकर कई बार शिकायती पत्र सौंप चुके थे। उन्होंने नागरिकों की रेल मंत्री व रेलवे के उच्च स्तरीय अधिकारियों तक मांग को रखा। इसके बाद उनके अथक प्रयास के बाद यह शताब्दी एक्सप्रेस का बिलासपुर में पुनः ठहराव होने से नागरिकों को राहत मिलेगी। शाम करीब 4 बजकर 58 मिनट पर पहुंची ट्रेन के लोको पायलट और स्टेशन अधीक्षक विपिन कुमार सिंह का नागरिकों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद सांसद ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, चेयरमैन चित्रक मित्तल, इज्जतनगर रेलवे एसीएम ईश्वर चंद्र राणा, इंजीनियर प्रोटोकॉल हरिशंकर राणा, सुदर्शन मदान, महामंत्री राजीव अग्रवाल, रवि राठौर, सीसीएस आरके तिवारी, जीवत राम व प्रवीन आदि मौजूद रहे।





हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना करते सांसद घनश्याम सिंह लोधी, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

# टीम ने खनन, अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग में 71.05 लाख वसूले

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में टॉस्क फोर्स टीम ने अभियान चलाकर अवैध खनन और ओवरलोडिंग में 71.05 लाख रुपये वसूले। इस कार्रवाई से खनन के धंधेबाजों में हड़कंप मच गया है।

जिले में अवैध खनन, अवैध परिवहन और ओवर लोडिंग के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत फरवरी में पूरे जिले में स्थापित 13 चेकपोस्ट पर तैनात टास्क फोर्स के सदस्यों ने चेकिग कर 89 वाहनों पर अर्थदंड के रूप में कुल 31.05 लाख रुपये वूसले। इसके अलावा अवैध भंडारण, अवैध खनन मिलने पर कुल 17 लाख रुपये की धनराशि आरोपियों से जमा कराई है। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने ओवरलोडिंग एवं ओवरस्पीड में कुल 23 लाख रुपये का जुर्माना वसूला है। फरवरी में कुल 71.05 लाख रुपये की धनराशि जमा कराई गई है। उधर, जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को क्षेत्र में खनन होने की शिकायतें मिल रही थीं। डीएम ने टास्क फोर्स टीमों का गठन कर उन्हें सक्रिय किया। अब ये टीमें रोजाना मुख्य चौराहों पर चेकिग अभियान चला रही है। जिससे आरोपियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### अजीतपुर क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहा खनन

अजीतपुर क्षेत्र में खनन रुकने का नाम नही ले रहा है। रात 11 बजे के बाद रास्ते खाली होने पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से खनन का धंधा शुरू हो जाता है। सुबह पांच बजे तक रेत से भरी ट्रॉलियां किटप्लाई रोड होकर पनवड़िया के पास जाकर निकलती हैं। इनसे हादसे का खतरा रहता है लेकिन अजीतपुर चौकी पुलिस इन ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर रोक नहीं लगा पा रही है।

**अभियान**

**▸▸ जिले में गठित टास्क फोर्स के सभी अधिकारियों को सतत निगरानी के हैं निर्देश**

जनपद में अवैध खनन, अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए स्थापित 13 चेकपोस्टों पर तैनात किए गए टास्क फोर्स के सभी सदस्यों द्वारा सतत निगरानी रखते हुए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।
–जोगिन्दर सिंह, जिलाधिकारी

## एक नजर

### बाइक सवार पिता-पुत्री को मारी टक्कर, घायल

**मसवासी, अमृत विचार :** खेत पर जा रहे बाइक सवार पिता-पुत्री को युवक ने टक्कर मार दी। जब पिता ने विरोध किया तो युवक ने लोहे की रॉड से उसकी पिटाई कर दी जिससे वह घायल हो गया। घायल ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर निवासी हरकेश पुत्र पूरन सिंह के अनुसार, बुधवार को वह पुत्री पूजा के साथ बाइक से खेत पर जा रहे थे। तभी अचानक सामने से आए युवक निक्की पुत्र योगेंद्र सिंह ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और गाली-गलौज करने लगा। हरकेश ने विरोध किया तो निक्की ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। आरोप है कि हरकेश पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। घायल हरकेश ने तहरीर दी है।

### भाजपा कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रही पुलिस : इशरत

**रामपुर, अमृत विचार :** परचम पार्टी ऑफ इंडिया की बैठक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी इशरत खां ने कहा कि पुलिस प्रशासन भाजपा कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहा है। शहर के नागरिकों को परेशान किया जा रहा है। शहर के मोहल्ला जेल रोड स्थित बाग छोटे साहब में परचम पार्टी ऑफ इंडिया की बैठक हुई। इसमें पार्टी के मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष सिफात अली खां ने कहा कि मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में पैदल मार्च कर मुस्लिम मतदाताओं को भयभीत किया जा रहा है। पार्टी के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन के कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा की। इस दौरान सैयद फारूख मियां, सैयद फारूख मियां, वसीम अख्तर शमसी, आरिफ आदि मौजूद रहे।

### सांसद ने किया तीन दिवसीय मेले का आगाज

**रामपुर, अमृत विचार :** स्वार रोड स्थित राजकीय शरीरिक प्रशिक्षण मैदान में बुधवार से एग्रोक्लाइमेटिक जोन स्तरीय विराट किसान मेले का सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने आगाज किया। इसमें जनपद सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी के कृषकों प्रतिभाग किया गया। इस दौरान जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी, प्रेमपाल सैनी, उपकृषि निदेशक शैलेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### मजदूर को मारी टक्कर

**रामपुर, अमृत विचार :** अजीतपुर के पास पैदल जा रहे मजदूर को साइकिल सवार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। लोगों ने पास के ही अस्पताल में उसे भर्ती कराया गया। ज्वालानगर निवासी राजेश पैदल अजीतपुर चौराहे पर जा रहा था। साइकिल सवार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया।

---

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक संभालेंगे जोड़ों को लाने ले जाने की जिम्मेदारी

# शहनाइयों के गूंजने के लिए तैयारियां अंतिम दौर में

संवाददाता, रामपुरर

**अमृत विचार :** जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सामूहिक विवाह के लिए साढ़े छह हजार आवेदन आए हैं और 1000 पात्र आवेदकों का चयन कर लिया गया है।

कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सुरक्षा, शांति व्यवस्था एवं यातायात के लिए अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त जोड़ों को कार्यक्रम स्थल तक लाने व वापस ले जाने, नियत स्थान पर बैठाने, वैवाहिक जोड़ों को उपहार सामग्री, विवाह प्रमाण-पत्र वितरण की व्यवस्था संबंधित खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नगर पंचायत को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

> वैवाहिक समारोह में पांच पंडितों के बैठने की व्यवस्था स्टेज के पास होगी। जिससे आयोजन को सकुशल और भव्य स्वरूप दिया जा सके। उपहार सामग्री वितरण संबंधित खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी या उनके द्वारा नामित कर्मचारी करेंगे। समारोह को सफल एवं भव्य बनाने के जिला विकास अधिकारी नोडल होंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन को ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन को नामित किया गया है। – डॉ. नंद किशोर कलाल, मुख्य विकास अधिकारी

महात्मा गांधी स्टेडियम में सभी जोड़ों को 10 मार्च की सुबह 10 बजे तक लाकर उन्हें आवंटित स्थान पर बैठाएंगे। अपने क्षेत्र से संबंधित जोड़ों को विवाह प्रमाण-पत्र वितरित करेंगे। उपहार सामग्री वितरण के नोडल अधिकारी उपायुक्त मनरेगा रहेंगे।

समस्त जोड़ों को उपहार सामग्री देने की जिम्मेदारी संबंधित खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत को दी गई है। स्वास्थ्य एवं एंबुलेंस की व्यवस्था के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी, वैवाहिक जोड़ों के खान-पान की व्यवस्था के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, फायर ब्रिगेड तथा अग्नि सुरक्षा व्यवस्था, फायर सेफ्टी ऑडिट के लिए जिला अग्निशमन अधिकारी, जनप्रतिनिधियों के खान-पान भोजन व्यवस्था के लिए जिला पंचायतराज अधिकारी, वैवाहिक स्थल की कार्यक्रम के पूर्व व पश्चात सफाई व्यवस्था के लिए जिला पंचायतराज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व मोबाइल शौचालय

**कार्यक्रम सफल बनाने के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे**

की व्यवस्था के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, मंच व्यवस्था के परियोजना निदेशक, वैवाहिक स्थल व मुख्यद्वार के आसपास के परिक्षेत्र रहेगा। उपजिलाधिकारी सदर, फ्लैक्स बोर्ड, होर्डिंग्स, बैकड्राप, सीटिंग अरेंजमेंट व स्टेज की संपूर्ण व्यवस्था के लिए परियोजना निदेशक, डीआरडीए, वैवाहिक कार्यक्रम में विद्युत व्यवस्था के लिए अधिशासी अभियंता विद्युत, प्रतिनिधियों के साथ आए मेहमानों के बैठने की व्यवस्था के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं वैवाहिक स्थल पर भोजन खान-पान आदि की गुणवत्ता चेकिंग के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताया कि समस्त उप जिलाधिकारियों को सेक्टर प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समस्त सेक्टर प्रभारी संबंधित खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत के माध्यम से अपने सेक्टर के वैवाहिक जोड़ों को कार्यक्रम स्थल तक सकुशल पहुंचाने व सकुशल घर वापसी तक पर्यवेक्षण करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मुख्यमंत्री की विशेष प्राथमिकता वाली योजना है।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम एक पुनीत व विशिष्ट आयोजन है जिसको दृष्टिगत रखते हुए व्यक्तिगत रूचि लेकर सौंपे गए कार्यों को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए।

---

# भोले के जयकारों से गूंजा हाईवे

## कांवड़िये आने शुरू, सुरक्षा के लिहाज से कोसी नदी के पुल पर पुलिस तैनात

कार्याल संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शिवरात्रि के पास आते ही कांवड़ियों के जत्थे जल लेकर लौटने शुरू हो गए हैं। बुधवार को पूरे दिन हाईवे से कांवड़िये गुजरते रहे। कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर कोसी नदी के पुल से लेकर शहर के अंदर तक पुलिस बल तैनात रहा। मार्ग परिवर्तित होने से बुधवार तड़के तक पटवाई मार्ग पर जाम लगा रहा, इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

आठ मार्च को शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे लेकर पिछले कई दिन से पुलिस सक्रिय है। शिवरात्रि से कुछ दिन पहले जिभेभर से कांवड़ लेने के लिए ब्रजघाट, हरिद्वार के लिए कांवड़ियों के जत्थे रवाना हो गए थे। बुधवार से कांवड़िये जल लेकर लौटने शुरू हो गए हैं। सुबह से ही कांवड़िये धमोरा की ओर चलते रहे। वहीं शिवभक्त बम भोले-बम भोले के जयकारों के साथ चल रहे थे। कोसी पुलिस पर तैनात पुलिस बल भी वाहनों को रुकवाकर पहले कांवड़ियों को रास्ता पार कराते रहे। उधर, शिवरात्रि पर कांवड़िये जल लाकर रठौंडा और भमरौआ मंदिर में चढ़ाते हैं। इसे देखते हुए मंगलवार शाम से ही भारी वाहनों के लिए मार्ग परिवर्तित कर दिया गया था। मंगलवार देर रात से ही शाहबाद पटवाई रोड पर जाम लगना शुरू हो गया था, जो तड़के चार बजे तक लगा रहा। इस दौरान बाइक सवारों को भी परेशानी हुई।



कांवड़ लेकर हाईवे पर गुजरते कांवड़िये। ● अमृत विचार

### कांवड़िये पंजाबनगर के लिए हुए रवाना

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी अजय सैनी के नेतृत्व में सैकड़ों शिवभक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर रामपुर पहुंचे। इसके बाद सभी पंजाब नगर के लिए रवाना हो गए। हर-हर गंगे, जय भोले की बोल भोले की बम के नारों के साथ भोले भोले की भक्ति में मगन चलते रहे। इस दौरान अनिल, अजय, कृति, केसर, सटरू, राजीव, सुनील, अभिषेक, राम, चंद्रावती, ब्रिजेशपाल, हरबंस, प्रेमवती, प्रमोद, विशाल आदि मौजूद रहे।

> भारी वाहन शाहबाद पटवाई रोड से गुजरने के कारण कुछ देर के लिए जाम लग गया था। सड़क किनारे खड़े ट्रकों को हटवाया गया। इसके बाद जाम खुल गया और फिर वाहनों का संचालन सुचारू हो सका। – विजेंद्र सिंह, टीआई

### हॉकी टूर्नामेंट में बरेली स्टेडियम की टीम ने रामपुर हॉस्टल को हराया

**रामपुर, अमृत विचार :** रुहेला टाइगर हॉकी क्लब के मैदान पर मुस्तफा अली खां मेमोरियल प्रादेशिक हॉकी टूर्नामेंट का उद्‍घाटन मैच बुधवार शाम बरेली स्टेडियम और रामपुर हॉस्टल की टीमों के बीच खेला गया। बरेली की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज कर अगले राउंड में प्रवेश किया।

पालिकाध्यक्ष के पति मामून शाह खां ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मैच प्रारंभ होते ही चौथे मिनट में बरेली के खिलाड़ी दानिश खां ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। पहले हाफ से लेकर अंत तक मैच काफी संघर्षपूर्ण रहा। रामपुर हॉस्टल की टीम को 12 पेनाल्टी कार्नर, बरेली को 11 पेनाल्टी कार्नर मिले। लेकिन, दोनों ही टीमें पेनाल्टी कार्नर का लाभ नहीं ले सकी। अंत तक रामपुर हॉस्टल की टीम खाता भी नहीं खोल सकी। हालांकि पूरे मैच में रामपुर स्टेडियम के खिलाड़ियों ने 22 हमले किए, लेकिन कोई गेंद गोल पोस्ट में नहीं जा सकी। मैच की अंपायरिंग तिबयान खां और नवेद खां ने की। टेक्निकल टेबल का काम आतिब खां, उदा खां, सामिद ने देखा।

---

## सार-संक्षेप

### आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मंडलायुक्त को ज्ञापन

**रामपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय जाटव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुमार सागर ने मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह को मुरादाबाद पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि गांव सिलईबड़ा में फायरिंग के दौरान गोली लगने से सुमेश की मौत हो गई थी। उपजिलाधिकारी ने जानबूझकर गोली चलवाई। डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को लेकर ग्राउंड में बोर्ड लगा दिया था। इसकी अनुमति के लिए पत्र दिया था लेकिन, अनुमति नहीं मिली थी। एसडीएम ने बोर्ड हटवाने की कोशिश की थी तो लोगों ने विरोध किया था। आरोप है कि इस दौरान हंगामा होने पर पुलिस ने फायरिंग की थी। इसके में सुमेश की मौत हुई और कई अन्य घायल हुए थे। इसके जिम्मेदार एसडीम अमन देवल, तहसीलदार, थाना अध्यक्ष को जल्द गिरफ्तार किया जाए। इस मौके पर महावीर प्रसाद मौर्य, जबर सिंह सागर, मीना सिंह, शांति देवी, दिनेश कुमार सागर, शांति शरण सागर मौजूद रहे।

### इस्लाम देता है शांति व भाईचारे का पैगाम : शायर

**रामपुर, अमृत विचार :** शहजादनगर स्थित मदरसा खैरूल उलूम गुलशने मकबूल जमील में आयोजित जलसे में मदरसा फुरकानिया के संचालक डा. शायर उल्लाह खां वजीही ने कहा कि बच्चे मदरसे से हाफिज बनकर अपनी जिदंगी को खुशहाल बनाए। इस्लाम शांति, अमन और भाईचारे का पैगाम देता हैं। बुधवार को मदरसा इस्लामिया खैरूल उलूम गुलशने मकबूल जमील में सालना जलसे ए दस्तारबंदी का का आयोजन किया गया। मदरसे के पांच हाफिजों की दस्तारबंदी की गई। इस मौके पर हाफिज मोहम्मद नबी, हाफिज नौशे अली को उनको खिदमात के लिए शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। डा. शायर उल्लाह खां वजीही ने कहा कि मिल्लत को तालीम से जोड़ने की जरूरत है। इस दौरान मौलवी ताज मोहम्मद, डॉ. महफूज अहमद, प्रधानाचार्य मुफ्ती मोहम्मद उस्मान, हाजी सिराजुद्दीन, डॉ. मुनीर अहमद आदि शामिल रहे।

### कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** मंडी के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए। उसके बाद पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंज निवासी नन्हें बाइक से किसी काम से स्वार जा रहा था। मंडी के पास कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। लोगों ने घायल को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना के बाद पुलिस भी आ गई, लेकिन जब तक घायल जा चुका था।

### घरेलू कलह के चलते युवक ने खाया जहर

**रामपुर, अमृत विचार :** घरेलू कलह के चलते युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। बेहोशी की हालत में परिजनों ने उसको अस्पताल में भर्ती कराया। उसका उपचार चल रहा है। कोतवली थाना क्षेत्र के निवासी एक युवक का अपने परिजनों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर उसने गुस्सा में आकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था।

### किसानों ने प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के बैनर तले किसानों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। मंडल अध्यक्ष अब्दुल हफीज ने कहा कि किसानों का कर्ज, फसलों को सही दाम सरकार द्वारा मुहैया कराए जाए। इस अवसर पर मतीन खान, तौसीफ रजा, उवैस खान, खान उल्ला खान शावेज, फईम, इस्लाम, महेश गंगवार, महिपाल गंगवार, राम स्वरूप, राजकुमार, बिलाल खान आदि शामिल रहे।

### 10 केंद्रों पर हुई पेंटिग की परीक्षा

**रामपुर, अमृत विचार :** बुधवार को सीबीएसई की पेंटिग की परीक्षा 10 केंद्रों पर हुई। 1711 के सापेक्ष 1692 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा ग्रीन वुड सीनियर सेंकेड्री, केंद्रीय विद्यालय, सेंट ऐंथोनी स्कूल, सेंट मेरीज, सेंट पॉल्स, दयावती मोदी एकेडमी में हुई। इसके अलावा व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल, आरएनए पब्लिक स्कूल, होली चाइल्ड, बी दत्ता सरस्वती में भी परीक्षा हुई।






---

# 1855 परीक्षार्थियों ने छोड़ी चित्रकला की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बुधवार को हाईस्कूल की चित्रकला की परीक्षा 71 केंद्रों पर हुई। पंजीकृत 23908 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 22053 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि, 1855 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। इसके अलावा व्यक्तिगत के पंजीकृत 149 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 122 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 27 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

बुधवार को हाईस्कूल की चित्रकला की परीक्षा 71 केंद्रों पर सुबह 8:30 से पहली पाली में हुई। जबकि पहली ही पाली में इंटर की व्यवसायिक शिक्षा की परीक्षा हुई। जिसमें पंजीकृत 318 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 299 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इस दौरान 19 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। इसके अलावा सभी सेंटरों पर पुलिस बल तैनात रहा। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा हो रही है। इसके अलावा उड़ाका दलों ने भी परीक्षा केंद्रों पर छापामारी की।

इससे पहले परीक्षार्थियों की परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने से पहले तलाशी ली गई। जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने बताया कि परीक्षार्थी नकल के लिए बटर पेपर पर आकृतियां बनाकर ले आते हैं और उन्हें कापी पर ट्रेस करने के बाद उनमें रंग भर देते हैं। इसलिए छापामारी और परीक्षार्थियों की तलाशी हुई।



परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

### दूसरी पाली में हुई इतिहास की परीक्षा

**रामपुर, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की दूसरी पाली में अपराह्न 2 बजे से इतिहास, कृषि समेत कई विषयों की परीक्षाएं हुईं। जिसमें संस्थागत के पंजीकृत 552 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 516 परीक्षार्थी ही शामिल हुए। जबकि व्यक्तिगत के पंजीकृत 63 के सापेक्ष 36 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि, छह परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। दूसरी पाली की परीक्षा 39 केंद्रों पर हुई।

# जिलाधिकारी ने 34 चयनित किसानों को बांटे कृषि उपकरण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**विधायक बोले- प्रधानमंत्री का यह सपना, वर्ष 2047 तक विकसित भारत का निर्माण हो**

**अमृत विचार :** विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह सपना है कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का निर्माण हो, प्रधानमंत्री जी का यह सपना हम सभी के उत्थान के लिए है। वर्तमान में हर योजना का लाभ निष्पक्ष तरीके से पूरी पारदर्शी व्यवस्था के साथ पात्र लाभार्थी को मिल रहा है। कृषक योजनाओं के प्रति जागरूक बने और पात्रता के अनुरूप योजना का लाभ प्राप्त करें।

मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के अंतर्गत में चयनित लाभार्थियों को उपहार, उपकरणों का वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में शहर विधायक आकाश सक्सेना और जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने 34 चयनित किसानों को कृषि उपकरण प्रदान किए। इस योजना के अंतर्गत मंडी समिति के 12, मंडी समिति बिलासपुर के 10, मंडी समिति मिलक के आठ, मंडी समिति शाहबाद के तीन और मंडी समिति टांडा के एक कृषक लाभार्थी को कृषि उपकरण दिए गए। परंतु इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए कृषक का जागरूक होना बहुत जरूरी है। उन्होंने उन्नत कृषि बीज तथा सौर ऊर्जा पंप सेट जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में भी किसानों को जानकारी दी। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन और नगर मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा भी मौजूद रहे।

---

त्योहार

बुजुर्गों ने साझा किया अपना अनुभव, बोले- हिंदू मुस्लिमों के घर भिजवाते थे परोसा

# होली पर लोकगीतों से गूंजती थीं गांवों और मोहल्लों की गलियां

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** क्षेत्र में अब होली पर पहले जैसी रौनक नहीं देखने को मिलती है। बुजर्गों के हिसाब से अब फाल्गुन माह को लेकर माहौल बदल गया है। अब लोगों में उतना उत्साह नहीं रहा, जितना पहले हुआ करता था।

फाल्गुन माह लगते ही पहले लोकगीतों से गांवों व मोहल्लों की गलियां गूंजने लगती थीं। सभी लोग एक-दूसरे के यहां परोसा (गुझिया, मठरी व मिठाई) भिजवाते थे। हिन्दू समाज के लोग मुस्लिम समाज के लोगों के यहां भी परोसा भिजवाते थे। इससे होली की खुशी के साथ आपसी सौहार्द भी झलकता था। लेकिन समय बदलने के साथ-साथ बहुत कुछ बदल गया। इस बार 25 फरवरी से फाल्गुन की शुरुआत हो गई है। राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत में फाल्गुन का विशेष महत्त्व है। क्षेत्र के गांव मोतीपुरा निवासी पान सिंह बताते हैं कि पहले फाल्गुन शुरू होते ही खुशी का रंग चढ़ने लग जाता था। घर का काम निपटाकर महिलाएं रात को होली के लोक गीत गाया करती थीं। कुछ ही दूर बैठकर हम उनके गीत सुना करते थे। गांवों में देर रात तक चौपाल चलती थी। हंसी-ठिठौली से माहौल खुशनुमा होता था।



होलिका दहन के लिए एसडीएम कॉलोनी में तिराहे पर रखी गईं लकड़ियां।

### होलिका के लिए लकड़ी इकट्ठा होनी शुरू

इस बार 25 मार्च को होली मनेगी। इसके लिए लोगों ने तैयारी शुरू कर दी है। होलिका दहन के लिए बच्चे व युवा लकड़ियां इकट्ठा कर एसडीएम कॉलोनी के तिराहा स्थल पर रख रहे हैं। नगर निवासी रवि वाल्मीकि, राजपाल व गोलू ने बताया कि बसंत पंचमी के दिन से ही होलिका दहन के लिए लकड़ियां एवं अनुपयोगी सामान इकट्ठा करना शुरू हो जाता है। होलिका दहन के दिन विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाती है। इसके बाद होलिका दहन किया जता है।



> पहले हमारे मोहल्ले के चौक में पुरुष एवं महिलाएं इकट्ठा होती थीं। जहां से फाल्गुन गीत गाते हुए शिव मंदिर तक जाया करते थे। साथ ही आपस में एक दूसरे के यहां परोसा (गुझिया, मठरी व मिठाई) भिजवाते थे। यह मुस्लिम समाज के लोगों के यहां भी भेजा जाता था। – हरप्यारी शर्मा



> फाल्गुन शुरू होने पर हिन्दू समाज के लोगों के साथ-साथ मुस्लिम समाज के लोगों में भी उत्साह देखने को मिलता था। हमें भी होली पर गुजियाओं के आने का इंतजार रहता था, लेकिन अब के समय में सब बदल गया है। होली आती है, चली जाती है, अब तो पता ही नहीं चलता है। – मतीन जहां



> फाल्गुन शुरू होते ही गांव की चौपाल पर युवा व बुजर्ग इकट्ठा होते थे। उस समय बुजुर्ग ढोलक बजाकर फाल्गुन गीत सुनाते थे। इस दौरान बुजर्गों के साथ युवा भी ढोलक की थाप और फाल्गुन गीतों का आनंद लेते थे। लेकिन अब मोबाइल के जमाने ने पहले वाले फाल्गुन की रौनक खत्म कर दी। – भीमसैन यादव

### जमीन के विवाद में युवक को पीटा, तहरीर

**रामपुर, अमृत विचार :** जमीन विवाद के चलते कुछ लोगों ने युवक को पीटकर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस को तहरीर दी है।

कोतवाली निवासी हरजोत का कहना है कि उसके गांव के ही कई लोग उसको काफी समय से जमीन के विवाद को लेकर रंजिश चली आ रही है। उसी के चलते रास्ते में आते-जाते समय आरोपी उसके साथ गाली-गलौच करते हैं। आरोप है कि बुधवार शाम रास्ते में रोककर उसके साथ गाली- गलौज कर पीट दिया।

**चार मीटरों में मिली गड़बड़ी, रिपोर्ट दर्ज :** बिजली चोरी पर रोक लगाए जाने को लेकर शहर के मोहल्ला घेर मियां के चार उपभोक्ताओं के मीटरों में गड़बड़ी मिली है। इन सभी के खिलाफ बिजली चोरी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बुधवार को मोहल्ला घेर मियां में चेकिंग जेई संतोष कुमार कौशल ने की।

## एक नजर



मंत्री को पुष्पगुच्छ देते संदीप सोनी।

### मंत्री से मिले व्यापारी नेता

**रामपुर,अमृत विचार :** व्यापारी नेता संदीप सोनी आंवला पहुंचे। इसके बाद उन्होने कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह से मुलाकात की। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सोनी दोपहर को आंवला पहुंचे था। यहां उन्होंने मंत्री धर्मपाल को जन्म दिन की बधाई दी। उन्होंने अब्बास मार्केट में दुकानों का किराया बढ़ाए जाने के मुद्दे पर चर्चा की।

### स्टेडियम में मैच आज से

**रामपुर अमृत विचार :** बमनपुरी स्थित शहीद-ए-आजम में गुरुवार से प्रतियोगिता का आयोजन होगा। सीनियर पुरुष किक्रेट मैच 10 मार्च तक खेला जाएगा। 11 और 12 मार्च को सीनियर पुरुष की हॉकी खेलेंगे।

### मॉडल मांटेसरी स्कूल में हुई नगर स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता, विजेताओं को किया सम्मानित

# चिकित्सा व व्यापारिक क्षेत्र में विज्ञान ने लिया व्यापक स्वरूप

कार्यालय संवाददाता,रामपुर




कार्यक्रम में प्रमाण पत्र दिखातीं छात्राएं, साथ में स्टाफ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा अभियान की ओर से बुधवार को किला परिसर स्थित मॉडल मांटेसरी स्कूल में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत नगर स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता हुई।

इसमें खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सक्सेना ने छात्र-छात्राओं से कहा कि विज्ञान आज की जरूरत है। हर क्षेत्र में विज्ञान ने व्यापक स्वरूप ले लिया है। भारत के वैज्ञानिक विदेश में कार्य कर रहे हैं, चिकित्सा और व्यापारिक क्षेत्र में आज विज्ञान का ही स्वरूप है। इसलिए सभी बच्चों को विज्ञान को समझकर सही दिशा पर कार्य करना चाहिए।

क्विज प्रतियोगिता में नगर क्षेत्र के 20 उच्च प्राथमिक विद्यालय के 120 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कक्षावार 10 छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिला स्तरीय राष्ट्रीय अविष्कार विज्ञान प्रतियोगिता में बनाई। मॉडल मान्टेसरी स्कूल के चार छात्र-छात्राओं, उच्च प्राथमिक विद्यालय के चार छात्र-छात्राओं एवं उच्च प्राथमिक मन्सूरपुर के दो छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी चयनित 10 छात्र-छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी नगरक्षेत्र ने मोमेंटो, प्रमाण पत्र तथा विज्ञान से संबंधित स्टेशनरी किट दी। जिले स्तर पर मॉडल बनाने के लिए सभी बच्चों को नकद धनराशि भी दी। कहा कि विज्ञान सभी क्षेत्रों में फैला हुआ है। नवीन टेक्नोलॉजी से आज व्यापार के अवसर भी लोगों को प्राप्त हो रहे हैं। जिला समन्वयक अंकित सक्सेना ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कहा कि आपकी लगन व मेहनत ने ही आज आपको टॉप 10 में स्थान प्राप्त कराया है। जिला स्तर पर भी यही मेहनत सफलता दिलाएगी। संचालन रूचि सक्सेना व शैफाली शर्मा ने सयुंक्त रूप से किया। इस दौरान जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) अंकित सक्सेना रूचि सक्सेना, सत्यपाल सिंह, मोहित सक्सेना, अरविन्द कुमार, रूही नाज, वर्षा, अदिति विश्नोई, नीता यादव, परबजीत कौर, जुनैद नासिर, राशिद अली, प्रियंका, असमां परवीन, फरहा, बबीता, बबीता जोशी, गुलिस्ताना, ममता, हुमा शब्बीर आदि रहे।



मंडलायुक्त को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते किसान नेता। ● अमृत विचार

# मंडलायुक्त से किया फसलों का मुआवजा दिलाने का आग्रह

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल मुरादाबाद पहुंचा। मंडलायुक्त का कार्यकाल बढ़ने पर हर्ष जताया और उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह से पूरे मंडल के किसानों की खराब फसल का मुआवजा शीघ्र दिलाने का आग्रह किया। बताया कि फसल खराब हो गई है। किसान मजदूर के पास पैसा नहीं है। ऐसे में वसूली तत्काल रोकी जाए। स्वागत करने वालों में जिला महासचिव मक्खन सिंह चौहान, नगर अध्यक्ष बिलासपुर मुराद खान, मोईन मियां, अजहरुद्दीन खां, मोहम्मद शरीफ आदि रहे।

# महिलाओं को सशक्त कर रही केंद्र सरकार

## नगर पालिका में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन का प्रसारण देखा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



शहर विधायक आकाश सक्सेना का नगर पालिका परिषद पहुंचने पर स्वागत करतीं सभासद श्वेता सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले भर में शक्ति वंदन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सीधा प्रसारण दिखाया गया। शहर में नगर पालिका परिषद सभागार में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए महिलाओं का सशक्त होना जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार यह कार्य कर रही है। उन्होंने सरकार की ओर से महिलाओं के हित के लिए उठाए गए कदमों और सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

बुधवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में शहर विधायक आकाश सक्सेना शामिल हुए। शहर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित राष्ट्र का संकल्प लिया है। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार निरंतर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री खुद अपने लक्ष्यों को तय करते हैं। उन्हें समय से हासिल करते हैं। यह उनके कार्यों का रिकार्ड है। उन्होंने महिलाओं के कल्याण के लिए सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने में लगे हैं। क्योंकि, भारत विकसित तब तक नहीं हो सकता, जब तक सर्वाधिक आबादी वाले उत्तर प्रदेश का विकास न हो। यहां की महिलाओं को सुरक्षा न मिले। इसीलिए, प्रदेश सरकार नागरिक सुरक्षा को पुख्ता करने के साथ ही आर्थिक रूप से समृद्ध हो रही है। हाल में केंद्र सरकार ने महिलाओं के उत्थान और उनकी सामाजिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए महिला आरक्षण बिल को मंजूरी दी है, जो बदलते सामाजिक परिवेश का मजबूत आधार बनेगा। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी,जलकल अभियंता मूलचंद, भाजपा के पुराना गंज मंडल अध्यक्ष महेंद्र सक्सेना, नयागंज मंडल अध्यक्ष विवेक रूहेला, पूजा शर्मा आदि मौजूद रहे।

### कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण पर जोर

**टांडा, अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को नगर पालिका के सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन सुना गया। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को पीएम आवास में बेटियों की संयुक्त भागीदारी, मातृत्व वंदन योजना, स्वयं सहायता समूह को ड्रोन विधि से कृषि से जोड़ना, राशन की दुकानों में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करने को कहा। महिलाओं की पीएसी बटालियन बनाना सहित महिलाओं को भारतीय सेवा में शामिल करना और वन स्टॉप सेंटर और महिला शक्ति केंद्र स्थापित करना जैसी महत्वपूर्ण व कल्याणकारी योजनाओं के बारे में महिलाओं को संबोधित किया। क्षेत्रीय मंत्री रवि रूहेला, मंडल अध्यक्ष योगेश सैनी, रोहित सैनी, करन सिंह, पप्पन सक्सेना,लखन सिंह, तरुण कुमार,राम मूर्ति देवी, मीरा देवी आदि रहीं। नोडल अधिकारी धनीराम ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# महिलाओं के विकास पर है ध्यान

संवाददाता,भोट




गांव वाजिदपुर में प्रधानमंत्री का संबोधन देखते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा के नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना गया। लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों से संपर्क कर केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत वाजिदपुर गांव में कार्यक्रम में बुधवार को भाजपा पदाधिकारी शामिल हुए। इसमें भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पंकज कुमार लोधी ने कहा कि सरकार का फोकस महिलाओं के विकास को केंद्र में रख कर नीतियों को आगे बढ़ाने पर रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम कोई सामान्य कानून नहीं है। भारत की नई लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का उद्घोष है। अमृतकाल में सबके प्रयास से विकसित भारत के निर्माण की तरफमजबूत कदम है। सरकार महिलाओं के सामने आने वाली हर अड़चन को दूर कर रही है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष लालता प्रसाद लोधी, कामता प्रसाद लोधी, पूरन लाल लोधी, हरपाल सिंह आदि रहे।

### कार्यक्रम में योजनाओं की दी जानकारी

**मसवासी/ शाहबाद अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पंचायत में महिलाओं ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। बुधवार को कार्यक्रम की शुरूआत नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल ने की। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए मुद्रा लोन योजना, ड्रोन दीदी योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, दीदी लखपति योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि चलाई हैं। इस दौरान बंगाल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सीधा संबोधन सुना गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा, महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष डोली रंधावा, महिला मोर्चा अल्पसंख्यक मंत्री अमृता रंधावा, रुचि जैन, वंदना शर्मा, सपना अग्रवाल, चंद्रावती देवल, सपना राजरानी कमलजीत रामप्यारी शांति देवी कमल प्रमिला कुमारी आदि भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। उधर, शाहबाद नगर पंचायत के सभागार में प्रधानमंत्री के संबोधन का प्रसारण देखा। इस दौरान एमएलसी प्रतिनिधि महेश कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम में उपस्थित मात्र शक्तियों का आभार जताया। संचालन विक्रम सिंह प्रजापति भाजपा महामंत्री ने किया। इस दौरान मंजुलता शर्मा, रेनू श्रीवास्तव, माधुरी सक्सेना,अल्पना सक्सेना, विधानसभा प्रभारी डॉ. नरेन्द्र सिंह, नगर मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, वेदप्रकाश चंद्रवंशी, सुरेश गुप्ता, राजू गुप्ता, अनुभव शर्मा, सुमित भटनागर,शिवम बजरंगी, राजू प्रजापति, लिपिक नवेद मियां, मुजीब मियां आदि रहे।



भ्रमण के दौरान रजा लाईब्रेरी में मौजूद परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थी। ● अमृत विचार

# संस्कृति की समझ विकसित करना ही उद्देश्य

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों की रुचि विकसित कर उनकी उपस्थिति एवं ठहराव सुनिश्चित किए जाना है। भारत वर्ष की समृद्ध एवं पुरातन ऐतिहासिक स्मारक, धरोहर एवं भारतीय संस्कृति की समझ विकसित कर देश के प्रति गौरव की भावना करना है। देश प्रेम जागृत करने के उद्देश्य से भ्रमण कराया गया।

सरकारी स्कूल के बच्चों को एक दिवसीय भ्रमण कराया गया। बीएसए संजीव कुमार ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गांधी समाधि, रजा लाइब्रेरी, किला, कस्तूरबा गांधी पक्षी विहार समेत अन्य स्थलों का बच्चों को भ्रमण कराया गया। इस दौरान सुनील कुमार श्रीवास्तव, जानिसार अख्तर, सत्येंद्र शर्मा, राहुल कुमार सक्सेना, अंकित सक्सेना, शिक्षक मोहम्मद सलीम मियां, डॉ. रिजवान आदि उपस्थित रहे।

# स्वर्ण व मदिरा में है कलियुग का निवास : कथा वाचक

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** कथा वाचक मुमुक्ष कृष्ण शास्त्री ने कहा कि कलियुग का निवास स्वर्ण, मदिरा, जुआ एवं वेश्यावृत्ति में स्थित है। इन सबसे बचने के लिए जीव को प्रभु नाम कीर्तन ही एकमात्र साधन है। उन्होंने भगवान के 24 अवतारों का वर्णन किया।

आवास-विकास कॉलोनी में भागवत कथा में कथा वाचक ने वामन भगवान की कथा सुनाई। कहा कि राजा बलि से तीन पग भूमि मांग कर उनके अहंकार को चूर किया। राम जन्म व उनकी लीलाओं की व्याख्या करते हुए धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर, वनवास, भरत चरित्र, केवट संवाद एवं ध्रुव चरित्र का वर्णन किया। कृष्ण जन्म का भी वर्णन किया। व्यास ने कहा कि जब-जब धर्म की हानि होती है और पाप बढ़ता है तब तब भगवान दुष्ट के संहार के लिए और संतों की रक्षा के लिए अवतार लेते हैं। जिस प्रकार राम-रावण के लिए और श्री कृष्ण-कंस के संहार के लिए पृथ्वी पर अवतरित हुए। कहा कि अहंकार ही भगवान का भोजन है। पृथ्वी, गाय, ब्राह्मण जीव एवं संतों की रक्षा के लिए भगवान पृथ्वी पर अवतरित हुए। कथा से पहले मुख्य यजमान के रूप में राजेश कुमार, पत्नी अनीता देवी व सह यजमान के रूप में दिनेश कुमार व पत्नी कांति देवी ने श्रीमद भागवत ग्रंथ एवं व्यास का पूजन किया। इस दौरान अजय अग्रवाल, जगन्नाथ चावला, दिलीप गुप्ता, पीयूष कुमार, अंकित कुमार, ज्ञानेंद्र जैन, सूर्यनाथ यादव, सुनीता, छाया, रघुवीर यादव, सुमन परिहार, विनय तिवारी, सुभाष सक्सेना, प्रभा, कविता, सीमा गुप्ता, मनोज सक्सेना आदि रहे।

### मातृशक्ति पर हुई फूलों की वर्षा, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर दिया जोर

**बिलासपुर, अमृतविचार :** तीन सरकारी कार्यालयों में बुधवार को नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन सुनने को एलसीडी स्क्रीन लगाई गई। लाभार्थी महिलाओं को सीधा प्रसारण दिखाया गया। बुधवार सुबह 11 बजे नगरपालिका परिषद कार्यालय में पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रत्येक वार्डों से महिलाएं पहुंचीं। इस दौरान चेयरमैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। यहां ईओ नवनीत कुमार, परमजीत कौर पोला, रीतु कुमारी, प्रिया, राजू तनेजा, डॉ.बलविंदर, नवेद खां आदि मौजूद रहे। रामपुर रोड स्थित ब्लाक कार्यालय में भाजपा महिला मोर्चा की नगर मंडलाध्यक्ष मधुबाला गुगलानी की अगुआई में सभागार में लगाई गई एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री मोदी का सीधा प्रसारण दिखाया गया। भाजपा नेत्री गुगलानी, ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, भाजपा के नगराध्यक्ष चेतन परूथी, बीडीओ राजेश कुमार, चौधरी लोकेंद्र सिंह,किरनजीत कौर, नेहा यादव,करन हालदार आदि मौजूद रहे। उधर केमरी नगर पंचायत कार्यालय में पूर्व विधायक ज्वाला प्रसाद गंगवार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम हुआ।




**दिक्कत** — महाशिवरात्रि और होली पर खर्च को लेकर शिक्षकों की चिंता बढ़ी

# शिक्षकों को नहीं मिला फरवरी का वेतन, परेशानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि और होली करीब है। लेकिन जिले के शिक्षकों को फरवरी का वेतन अभी तक नहीं मिला है। इससे शिक्षक मायूस हैं। काफी शिक्षकों को पॉलिसी व लोन की किस्त टूटने का डर सता रहा है। हालांकि वे जल्द वेतन मिलने का उम्मीद लगाए हुए हैं।

जिले में करीब 1596 स्कूल हैं। इनमें करीब पांच से छह हजार शिक्षक तैनात हैं। स्कूल शिक्षको के घरों से करीब 15 से 20 किलोमीटर दूर होने के कारण रोजाना पेट्रोल का खर्च भी होता है। इसके अलावा शिक्षकों के अन्य खर्च भी होते हैं। हर माह सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं को वेतन का एक तारीख को इंतजार रहता है, लेकिन इस बार पांच मार्च हो चुकी है, लेकिन वेतन नहीं आया है। इसके चलते अब शिक्षकों को परेशानी आ रही है। आठ मार्च को शिवरात्रि का पर्व है और उसके बाद होली आ रही है।

जब शिक्षक संघ के नेताओं से इस बारे में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश हैं, एक तारीख को वेतन मिल जाना चाहिए, लेकिन विभाग से देरी हो रही है। इनकम टैक्स का हवाला देखकर वेतन नहीं आने की बात कही जा रही है। इससे शिक्षक काफी परेशान हैं।

गृह ऋण, बीमा पॉलिसी तय तिथि पर किए जाने वाले भुगतान नही हो पा रहे हैं।



वेतन हर महीने आ जाने के कारण कई प्रकार की चल रही पॉलिसी का पैसा जमा किया जाता है, लेकिन इस बार वेतन में देरी हो जाने से पॉलिसी का पैसा भी जमा नहीं हो पाया है। **- एकता गुप्ता, शिक्षिका**



हर माह की एक तारीख को सैलरी जा जाती है। इस बार पता नहीं किन कारणों से अभी तक वेतन नहीं मिला है। परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उम्मीद लगाए हैं कि कब सैलरी आए। **- राना तलत, शिक्षिका**

सभी शिक्षकों के बिल बनाकर भेज दिए गए हैं। वित्त एवं लेखाविभाग में कुछ कार्य होने के कारण समय लग रहा है। एक दो दिन में सभी शिक्षकों की सैलरी आ जाएगी। **-संजीव कुमार,** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी



फरवरी के वेतन में विलंब होना उचित नहीं है। शासन के निर्देश हैं कि प्रत्येक माह की एक तारीख को वेतन मिल जाना चाहिए। जल्दी वेतन का भुगतान जल्द किया जाए। **- आनंद प्रकाश गुप्ता, जिला मंत्री, प्राथमिक शिक्षक संघ**



दिसंबर में ही फॉर्म 16 मांगे गए थे। इसके बाद अध्यापकों फॉर्म भरकर जमा कराए थे। फिर भी फरवरी का वेतन नहीं आया है। इनकम टैक्स काटने का बहाना बनाया जा रहा है। **- प्रेम सिंह चौहान जिलाध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक संघ**

### 3000 लाभार्थियों का हो चुका सत्यापन : सीडीओ

**रामपुर, अमृत विचार :** सीडीओ डा. नंद किशोर कलाल ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पोर्टल पर 43000 से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त हो चुके हैं। लगभग 3000 लाभार्थियों का प्रथम चरण का सत्यापन भी हो चुका है।

जिला सहकारी बैंक के सभागार में बुधवार को भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत जिले में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष विभिन्न निर्धारित ट्रेडों के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को चिन्हित करने के लिए आवेदन,प्रथम चरण में सत्यापन एवं ग्राम पंचायत के ओनबोर्ड से संबंधित ग्राम पंचायत और नगर पालिका के कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। यह प्रशिक्षण आगरा के सहायक निदेशक एमएसएमई सुशील यादव द्वारा आयोजित किया गया। सीडीओ ने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए योजना में निर्धारित 18 ट्रेडों के कुशल कामगारों के आवेदन पत्रों का तीन चरणों में सत्यापन होना है।

## एक नजर

### आज कचहरी में न्यायिक कार्य नहीं करेंगे अधिवक्ता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के अवसर पर कांवड़ यात्रा को देखते हुए कचहरी में गुरुवार 7 मार्च को हड़ताल रहेगी। दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के महासचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान मार्ग अवरुद्ध होने के कारण वादकारी और अधिवक्ताओं को कचहरी में आने में दिक्कतें सामने आ रही है। जिसको देखते हुए बार एसोसिएशन द्वारा गुरुवार को न्यायिक कार्य नहीं करने का निर्णय लिया है।

### गुलाबबाड़ी समेत कई क्षेत्रों में बाधित रहेगी आपूर्ति

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर में बिजली विभाग द्वारा विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं, जिसको लेकर गुरुवार को भी काम किया जाना है। लालबाग में काली मंदिर क्षेत्र, गाड़ीखाना में गुलाबबाड़ी समेत कानूनगोयान में मुफ्ती टोला क्षेत्र की बिजली प्रभावित रहेगी। सुबह साढ़े नौ बजे से शाम साढ़े चार बजे तक बिजली गुल रहेगी।

### 10 मंडलों में 8,000 महिलाओं ने देखा नारी शक्ति वंदन अभियान रैली का सीधा प्रसारण, जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी रहे मौजूद

# लोकसभा चुनाव में अपनी भूमिका निभाने को तैयार रहें बहनें : रितेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



जीएमडी रोड पर नारी शक्ति वंदन अभियान में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता-पदाधिकारी व महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई की ओर से बुधवार को महानगर के 10 मंडलों में नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सभी ने सुना। कार्यक्रम में जन प्रतिनिधि व महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहीं।

नगर विधायक रितेश गुप्ता ने बताया कि कोलकाता में आयोजित नारी शक्ति वंदन अभियान रैली को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि इसी धरती पर टीएमसी राज में नारी शक्ति पर अत्याचार हो रहा है। टीएमसी ने बंगाल में घोर पाप किया है। संदेशखाली में जो कुछ हुआ उससे किसी का भी सिर झुक जाएगा। महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि 9 जनवरी को पार्टी ने नारी शक्ति वंदन अभियान की शुरुआत की।

भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम इस बात का साक्षी है कि पार्टी नारीशक्ति को विकसित भारत की शक्ति बना रही है। विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान ने कहा कि लोकसभा चुनाव के साथ-साथ विधानसभा चुनाव के लिए भी अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए सभी बहनें तत्पर रहें।

अल्पना रितेश गुप्ता, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अभियान का उद्देश्य केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के हित में बनाए गए कानूनों और निर्णयों की जानकारी देना हैं। नारी शक्ति वंदन अभियान के महानगर संयोजक श्याम बिहारी शर्मा ने बताया कि महानगर इकाई की ओर से 10 नगर मंडलों में लगभग 8,000 महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोलकाता में नारी शक्ति वंदन अभियान रैली को संबोधित किए गए कार्यक्रम का प्रसारण देखा।

इस मौके पर महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा, कमल गुलाटी, दिनेश शीर्षवाल, नत्थूराम कश्यप, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी निमित जायसवाल, नगर निगम कार्यकारिणी के उपसभापति डॉ. गौरव श्रीवास्तव, पार्षद दल के उपनेता सुरेंद्र विश्नोई, अक्षय श्रीवास्तव, सुमित चौहान, मंडल अध्यक्ष सूर्यमोहन शमशेरी, अमित सिंह मिंटू, विपिन प्रजापति, संजीव चौहान, आलोक सैनी, सोनू सुमन, मंगलसेन राजपूत, राजीव शर्मा, संजय यादव, सुमनेश सिंह आदि रहे।

#### कार्यक्रम में यह लोग रहे मौजूद

लोकसभा मीडिया प्रभारी निमित जायसवाल ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अभियान वर्चुअल कार्यक्रम में महानगर के दस सराय नगर मंडल में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, कटघर नगर मंडल में नगर विधायक रितेश गुप्ता, दीवान का बाजार मंडल में एमएलसी गोपाल अंजान, लाइनपार मंडल में महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, रामगंगा विहार मंडल में महापौर विनोद अग्रवाल, मध्य नगर मंडल में महानगर महामंत्री व महानगर कार्यक्रम संयोजक श्याम बिहारी शर्मा, चंद्रनगर मंडल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता, सिविल लाइन मंडल में ब्लॉक प्रमुख मनीष कुमार, भोजपुर मंडल में ब्लॉक प्रमुख संतोष सिंह, सेहल मंडल में वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. केके मिश्रा रहे। महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता ने बताया कि मंडलों में कार्यक्रम संयोजक के रूप में विशाल रस्तोगी, भूदेव सिंह, वीरपाल, विक्की कुमार, राकेश कुमार, संतोष शर्मा, विक्रांत शर्मा, गजेंद्र सिंह राजपूत, विशाल सिंह गोलू, अश्वनी शर्मा रहे।

### शासकीय योजनाओं की किसानों को जानकारी दी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** प्रदेश सदस्य किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश एवं महानगर प्रभारी प्रदीप सक्सेना एडवोकेट बुधवार को राम परिक्रमा यात्रा के अंतर्गत गांव खाईया खादर पहुंचे। यहां उन्होंने किसानों से संवाद किया। साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने किसानों को बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 6,000 रुपये की सहायता प्रदान की रही है। गन्ने के मूल्य को 315 रुपये से बढ़कर 340 रुपये किया गया है। उर्वरक के मूल्य में 2014 से कोई वृद्धि नहीं की गई है। किसान की आय बढ़ाने के लिए जैविक खेती को मजबूती प्रदान करने के लिए मिट्टी की उत्पादकता बढ़ाने व खाद सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए योजना बनाई गई है। इस अवसर पर मनीष गुर्जर, सत्येंद्र सैनी, रवि सक्सेना, हरिओम कश्यप, जयराम सिंह, भूकन सिंह, राजू सिंह, जयवीर, रामपाल सिंह, हरपाल सिंह, जोगिंदर सिंह, प्रशांत आदि मौजूद रहे।

# महानगर की सड़कों पर बम-बम भोले के जयकारों की गूंज

### हरिद्वार से कांवड़ लेकर अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे भोले के भक्त, कल धूमधाम से मनाया जाएगा महाशिवरात्रि का पर्व

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


कांठ रोड से गुजरता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शिवभक्त कांवड़िए हरिद्वार से कांवड़ में पवित्र गंगाजल भरकर अपने मंदिरों की ओर बढ़ रहे हैं। महाशिवरात्रि से पहले ही पूरा महानगर कांवड़ियों की गूंज से शिवमय हो गया है। हम चलेंगे कंकड़ पर जल चढ़ेगा शंकर पर जयकारा वीर बजरंगी हर-हर महादेव की गूंज से महानगरवासियों में महाशिवरात्रि पर्व पर आस्था का रंग गहरा हो गया है। स्वयंसेवी संस्थाएं भी भक्तों की सेवा में लग गई हैं। प्रशासन ने भी कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए तैयारी की है।

कांवड़ियों के हरिद्वार से लौटने से महानगर का माहौल शिवमय हो गया है। डीजे पर भोले के भजन बज रहे हैं और कांवड़िये हर-हर महादेव व बोल बम के जयकारे लगा रहे हैं। जगह-जगह लगे शिविरों में कांवड़ियों की सेवा की जा रही है। पंडालों में सजी भोले शंकर और मां पार्वती की झांकियों के साथ शिव-लीला देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। बुधवार को कांठ रोड से रामपुर, संभल व बरेली जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

दोपहर होते-होते दिल्ली रोड पर लगातार कांवड़ियों के जत्थे लगातार बढ़ने लगे। वाहनों पर बड़े-बड़े डीजे लगे हैं जिन पर बज रहे भक्ति गीतों पर कांवड़िए थिरकते नजर आए।

#### मंदिरों में की गई कांवड़ियों के ठहरने की व्यवस्था

महाशिवरात्रि के लिए श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है। बुधवार को हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों की धूम रही। विधि विधान से कांवड़िए और श्रद्धालु जलाभिषेक कर सकें, इसके लिए महानगर के प्रमुख मंदिरों में तैयारियां जोरों पर हैं। मुख्य पुजारियों का कहना है कि कांवड़ियों के ठहरने की व्यवस्था मंदिर परिसरों में ही की गई है। चौरासी घंटा मंदिर के मुख्य पुजारी पं. विष्णु दत्त शर्मा का कहना है कि महिला और पुरुष श्रद्धालुओं को अलग-अलग गेट से मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा। 8 मार्च (शुक्रवार) को तड़के मंदिर के द्वार खोल दिए जाएंगे।

**आस्था**

- रामपुर, संभल व बरेली जाने वाले श्रद्धालुओं की रही भीड़
- जगह-जगह शिविरों में कांवड़ियों की सेवा कर रहे लोग

#### शिवसैनिकों ने की कांवड़ियों की सेवा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिवसैनिकों ने बुधवार को जलाभिषेक के लिए कांवड लेकर आ रहे शिवभक्तों की सेवा की। इसमें विशाल भंडारे के साथ ही मेडिकल सुविधाओं की व्यवस्था की गई। जिला प्रमुख गुड्डू सैनी ने बताया शिवभक्तों से विश्राम का आग्रह करते हुए उनकी सेवा की गई। पैदल यात्रा कर रहे शिवभक्तों के लिए मेडिकल सेवा का भी विशेष प्रबंध किया गया है। जलपान एवं भोजन के साथ ही शिवभक्तों के विश्राम की पूरी व्यवस्था शिविर में की गई। इस दौरान मनोज कुमार, राकेश कुमार प्रजापति, मो. कासिम, कपिल देव, ठाकुरदास सैनी आदि मौजूद रहे।



बीते तीन साल से लगातार कांवड़ ला रहा हूं। मैंने शादी के बाद 5 कांवड़ लाने की मन्नत मांगी थी। जिसे श्रद्धा के साथ पूरा कर रहा हूं।
**-सोनू,** हयातनगर (संभल)



भोले बाबा की कांवड़ लाने में अलग ही आनंद है। बाबा के प्रति मेरी अगाध श्रद्धा है। मैं भोले बाबा की कांवड़ बीते 10 साल से ला रहा हूं।
**-महिपाल,** संभल



मैंने बाबा से कभी कोई मन्नत नहीं मांगी है। बीते 18 साल से कांवड़ ला रहा हूं। जब तक बाबा की कृपा शरीर पर होगी, तब तक कांवड़ लाएंगे।
**-राम निवास,** संभल


नया मुरादाबाद में भूमि पूजन के दौरान यज्ञ में आहुति देते ट्रस्ट के पदाधिकारी।

# 18 को महानगर में प्रवचन करेंगे धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** श्रीराम बालाजी धाम बाबा नीव करोरी आश्रम ट्रस्ट और लोहिया मानव कल्याण ट्रस्ट की ओर से 18, 19 और 20 मार्च को हनुमंत कथा का आयोजन किया जाएगा। इसमें कथा व्यास पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पीठाधीश्वर श्री बागेश्वर धाम सरकार का दिव्य दरबार लगाया जाएगा। इसमें करीब 2 लाख लोगों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

इस उपलक्ष्य में बुधवार को भूमि पूजन कथा स्थल लोहिया स्टेट सेक्टर 6 के सामने नया मुरादाबाद पर भूमि पूजन किया गया। इसमें सभी देवी-देवताओं का आह्वान किया गया। पूजन में मुख्य यजमान विनीत कुमार गुप्ता लोहिया, विभोर कुमार गुप्ता लोहिया, अनिल कुमार शर्मा ने भूमि पूजन एवं हवन किया।

पूजन के बाद प्रेसवार्ता में विनीत कुमार गुप्ता लोहिया ने कहा कि आयोजन 17 मार्च से कलश यात्रा के साथ आरंभ किया जाएगा। इसमें कथा व्यास पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर धाम सरकार का 18 मार्च को महानगर में आगमन होगा। दोपहर 2 बजे से हनुमंत कथा का आरंभ किया जाएगा। इस दौरान पीयूष लोहिया, अनमोल लोहिया, पंकज सक्सेना, राकेश गुप्ता, देवेंद्र बिष्ट, विनीत गुप्ता, शैलेंद्र प्रकाश गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# छात्राओं ने महिलाओं को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


रासेयो शिविर के दौरान नई बस्ती के बच्चों के साथ प्राचार्या प्रो. चारु मेहरोत्रा व अन्य।

**अमृत विचार:** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में बुधवार का दिन महिलाओं के लिए वित्तीय एवं कानूनी जानकारियां देकर मनाया। कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्या प्रो. चारु मेहरोत्रा द्वारा मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके हुआ। इसके बाद स्वयं सेविकाओं ने लक्ष्य गीत गाकर योगाभ्यास किया।

शिविर के प्रथम सत्र में स्वयं सेविकाओं ने छोटी-छोटी टोली बनाकर समाज सेविका नीतू सक्सेना के निर्देशन में गोद ली गई नई बस्ती और घोसी वाली गली में घर-घर जाकर लोगों को विभिन्न कानून के बारे में जागरूक किया। साथ ही उन्हें महानगर में लगने वाली लोक अदालत के बारे में भी बताया। द्वितीय सत्र में प्राचार्य ने कहा कि आज स्वयं सेविकाओं द्वारा शिविर में महिलाओं को कानूनी और वित्तीय जानकारियां देने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को अपने लिए बनाए गए कानून की जानकारी देना है।

शिविर के तृतीय सत्र में यूनियन बैंक के मैनेजर अनिल कुमार सैनी ने बताया कि बैंकों द्वारा अनेक प्रकार के लोन उपलब्ध कराए गए हैं। उपप्राचार्य प्रोफेसर अंजना दास ने कहा कि दिन का विषय अत्यंत ही प्रशंसनीय विषय है। मुख्य अनुशासिका प्रो. कविता भटनागर ने भी स्वयंसेविकाओं को शुभकामनाएं दी। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शेफाली अग्रवाल और डॉ. रेनू शर्मा ने किया। इस दौरान प्रो. अंशु सरीन, प्रो. पुनीता शर्मा, प्रो. किरण साहू, प्रो. सीमा गुप्ता, प्रो. अपर्णा जोशी, प्रो. किरण त्रिपाठी, प्रो. मीनाक्षी शर्मा, प्रो. अनुराधा सिंह, प्रो. सीमा अग्रवाल, डॉ. इंदू सिंह राजपूत, डॉ. प्रीति पांडे, डॉ. सविता अग्रवाल, डॉ. सीमा मलिक, डा. रूपाली गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### वेतन न दिए जाने की उप श्रमायुक्त से शिकायत

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बिजली विभाग में संविदा पर कार्यरत कर्मियों को कई महीने से वेतन नहीं मिलने का मामला सामने आया है। वेतन नहीं मिलने से परेशान कर्मचारी बुधवार को उप श्रमायुक्त कार्यालय पहुंचे और वेतन दिलाने की गुहार लगाई।

विद्युत संविदा कर्मचारी संघर्ष मोर्चा संघर्ष समिति के अध्यक्ष उमेश चंद्रा ने कहा कि एक कार्यदायी संस्था की ओर से कर्मचारियों को कई माह से वेतन नहीं दिए जाने का मामला संज्ञान में आया है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी एके पांडेय ने बताया कि संविदा कर्मचारियों की ओर से उन्हें कई महीने से वेतन नहीं मिलने की शिकायत संज्ञान में लाई गई है। निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत वेतन बकाया को लेकर मुकदमा दायर किए जाने की कार्यवाही करने की सलाह बिजली विभाग में संविदा पर कार्यरत कर्मियों को दी है।

# ईएसआई प्रतिनिधि के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


अपने कार्यालय सभागार में मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह व उपस्थित अधिकारी। ● अमृत विचार

- मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक
- महानगर के कारोबारियों ने बैठक में रखीं प्रमुख समस्याएं

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय सभागार में मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक हुई। मंडलायुक्त ने उद्यमियों की शिकायतों को सुनकर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। मुरादाबाद में ईएसआई हास्पिटल स्थापित करने के संबंध में सही जानकारी न देने पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। ईएसआई प्रतिनिधि के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिखने के निर्देश दिए।

रामपुर रोड एकता विहार कबीरनगर, काशीपुर तिराहा पर पानी निकासी के लिए आरसीसी नाला निर्माण की समस्या उद्यमियों ने बताई। एमडीए की सचिव अंजूलता ने बताया कि नाले का निर्माण प्रारम्भ करा दिया गया है।

मोहम्मदपुर बस्तौर सम्भल रोड मुरादाबाद पर नाला निर्माण के संबंध में सचिव ने बताया कि 350 मीटर नाले का निर्माण करा दिया गया है, शेष कार्य प्रगति पर है।

मुरादाबाद में पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-24 के किलोमीटर 164 प्रेम वंडर लाइन के समीप स्थित समपार संख्या-413-ए पर दूसरे चरण में अतिरिक्त दो लेन ऊपरगामी सेतु निर्माण के संबंध में सेतु निगम एवं रेलवे के अधिकारियों को कार्यवाही करने का निर्देश मंडलायुक्त ने दिया। बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार के अलावा, बिजली, सेतु निगम, रेलवे के अधिकारियों के अलावा लीड बैंक प्रबंधक व अन्य मौजूद रहे।

# रमजान को लेकर तैयारियां तेज, सजने लगी दुकानें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- महानगर से लेकर देहात क्षेत्र में मस्जिदों में हो रही रंगाई-पुताई

**अमृत विचार:** इस बार रमजान उल मुबारक का महीना 11 या 12 मार्च से शुरू होने जा रहा है। जिसको लेकर महानगर और देहात के इलाकों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। शहर इमाम ने मुसलमानों से रमजान के महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करने की अपील की है।

मुस्लिम समाज में सबसे मुकद्दस महीना रमजान का माना जाता है। आगामी 11 या 12 मार्च से रमजान का महीना शुरू हो जाएगा। जिसके चलते शहर से लेकर देहात क्षेत्र में तैयारियां की जा रही हैं। महानगर के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में इफ्तार और सहरी के लिए दुकानें सजना शुरू हो गई हैं। महानगर के तहसील स्कूल, चौकी हसन खां, लाल मस्जिद, फैज गंज, जामा मस्जिद, चक्कर की मिलक, असालतपुरा, ईदगाह, करुला, पीर का बाजार, रहमत नगर, मकबरा, गलशहीद, इंदिरा चौक और ताजपुर इलाके में रमजान की रौनक दिखने लगी। दूसरी ओर महानगर की मस्जिदों में रंगाई-पुताई का कार्य भी पूरा हो गया है। शहर इमाम सैय्यद मासूम अली आजाद ने बताया रहमत और बरकत वाले महीने रमजान में सभी लोग ज्यादा से ज्यादा इबादत करें और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगे। वहीं कुर्ता-पायजामा के लिए कपड़ों की दुकानें तैयार हो गई है।

**संदेश** कलेक्ट्रेट सभागार में स्माइल योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन

# ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति समाज हो जागरूक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


कलेक्ट्रेट सभागार में स्माइल योजना के अन्तर्गत प्रमाणपत्र वितरित करते अधिकारी।

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को उभयलिंगी व्यक्तियों के अधिकारों के संरक्षण, समस्याओं के स्थानीय निराकरण व केंद्र सरकार की स्माइल योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें भारत सरकार के स्माइल (सपोर्ट फार मार्जिनेलाइज्ड इंडीविजुअल फार लिवलीहुड एंड एंटरप्राइजेज) के अन्तर्गत केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र कुमार गौतम ने बताया।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने उभयलिंगी व्यक्तियों के हितों से जुड़े प्राविधानों की जानकारी देकर उनको योजनाओं का लाभ लेने को प्रेरित किया। उनको केंद्र सरकार के पोर्टल पर अपना आनलाइन पंजीकरण कराकर पहचान प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्हें अधिनियम 2019 के अन्तर्गत मिले अधिकारों के बारे में बताया। कहा कि समाज को इन्हें उपेक्षित करने की बजाय इनके प्रति सहानुभूति रखने की जरूरत है।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने चिकित्सा विभाग द्वारा उभयलिंग व्यक्तियों के उपचार के बारे में जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी अपेक्षा निम्बाडिया ने ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति समाज को जागरूक होने का संदेश दिया। कहा कि इनके प्रति जागरुकता के लिए समय-समय पर शैक्षणिक संस्थाओं में जागरूकता गोष्ठी भी आयोजित की जानी चाहिए। अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह ने निगम की ओर से ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। गोष्ठी में उप निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एमपी सिंह, चिकित्सीय मनोवैज्ञानिक डॉ. एस धनंजय के अलावा माध्यमिक शिक्षा विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी व ट्रांसजेंडर समुदाय के लोग मौजूद रहे।

# बदला मौसम, सर्द हवा ने कराया ठंड का एहसास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बुधवार की सुबह बादल छाए रहने से ठंड और बढ़ गई

**अमृत विचार:** फाल्गुन में मौसम के बदले मिजाज ने लोगों को कड़ाके की ठंड का एहसास करा दिया। बारिश के बाद पिछले दो दिन से तेज रफ्तार के साथ चल रही सर्द हवा के चलते रात और सुबह के समय जबरदस्त ठंड महसूस की जा रही है। वहीं बुधवार सुबह बादल छाए रहने से ठंड और बढ़ गई। लोग ठंड से बचने के लिए घरों से गर्म कपड़े पहनकर निकले।

पिछले दिनों पहाड़ों पर हुई बर्फबारी और मैदानी इलाकों में हुई बारिश से जनपद में ठंड ने दोबारा दस्तक दे दी है। इस दौरान न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बुधवार को सर्द हवा के झोंकों के बीच आसमान में बादल छाने से धूप की गर्माहट भी घट गई। जिसके बाद दिन का अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जोकि औसत से तीन डिग्री सेल्सियस कम है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में मौसम का मिजाज ऐसा ही बने रहने की संभावना व्यक्त की है। जिसके चलते रात का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहेगा। दिन के अधिकतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। वहीं चिकित्सकों ने इस मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दी है।

## एक नजर

### दूसरे दिन भी नहीं हुई युवक के शव की शिनाख्त

**गजरौला, अमृत विचार :** गंगा में उतराते मिले युवक के शव की दूसरे दिन भी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने लगातार शव की शिनाख्त कराने में जुटी है। मंगलवार की दोपहर तिगरी में मुख्य घाट की ओर एक युवक का शव किनारे पर आकर लग गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। इसके बाद उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया था मगर कोई सफलता नहीं मिली थी। कोतवाली के अपराध निरीक्षक बालेन्द्र ने बताया ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए सोशल मीडिया का सहारा भी लिया जा रहा है।

### पूर्व सांसद ने मृतकों के परिजनों को दी सांत्वना

**अमरोहा, अमृत विचार :** पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने ग्राम खुशहालपुर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। राजपाल सिंह खड़गवंशी एवं उनके सुपुत्र प्रवीन खड़गवंशी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। इसके अलावा गांव रहरई निवासी जगपाल सैनी के आवास पर पहुंचकर उनके पुत्र अरुण सैनी के निधन पर शोक व्यक्त किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य के पति पिंटू भाटी, महेश खड़गवंशी, मोनू यादव, भीष्म खड़गवंशी, डॉक्टर शिवचरण सैनी, राम प्रकाश सचिन सैनी विशाल त्यागी आदि मौजूद रहे।

### बस की टक्कर से पिकअप चालक घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** रेलवे फाटक के पास बस ने पीछे से पिकअप में टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप चालक घायल हो गया। दोनों वाहनों के चालकों के हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह विवाद शांत कराते हुए दोनों को कब्जे में लिया। मंगलवार की देर रात भानपुर रेलवे फाटक के पास तेज गति बस ने आगे चल रही पिकअप में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप चालक घायल हो गया। पिकअप और बस चालक के बीच विवाद के बीच हंगामा हो गया। जाम की स्थिति बन गई। वाहनों की लंबी लाइन लग गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर किसी तरह जाम खुलवाया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

### निराली खादर में तेंदुए ने बकरी को बनाया निवाला

**बुरावली, अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव निराली खादर में घर के बरामदे में बंधी बकरी को तेंदुए ने निवाला बना डाला। गांव निवासी कमल सिंह परिवार के साथ कमरे में सोए थे। बरामदे में दो बकरी बंधी थीं। बुधवार की रात तेंदुआ एक बकरी को ले गया। घर से कुछ ही दूर उसने बकरी को अपना शिकार बनाया लिया। वन दरोगा सुमित कुमार ने बताया कि तेंदुए के पंजों पैर के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेज दिए हैं। जांच कराई जा रही है।

### भाजपा प्रत्याशियों के विरोध की दी चेतावनी

**गजरौला, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के पदाधिकारियों की बैठक में किसानों से जुड़ी समस्याओं को उठाया गया। समाधान नहीं होने पर लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के बहिष्कार की चेतावनी दी। बुधवार दोपहर गांव कूबी में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि लेखपाल व कानूनगो किसानों में झगड़ा करा रहे हैं। समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। अगर समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो भाजपा उम्मीवारों का विरोध किया जाएगा। इस दौरान संगठन के जिला सचिव रवि चौधरी, संजीव चौधरी, जोगिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# लापरवाही पर जिलाधिकारी ने रोका डीपीआरओ व एक्सईएन का वेतन

## मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं ठीक नहीं मिलने पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



कार्यालय में बैठक करते जिलाधिकारी राजेश त्यागी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक ली। मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सही नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए डीपीआरओ और एक्सईएन विद्युत का वेतन रोकने के निर्देश दिए। कहा कि पूर्व की बैठकों में निर्देश देने के बावजूद लापरवाही बरती जा रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बुधवार को जिलाधिकारी राजेश त्यागी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत अपने कार्यालय में सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि मतदेय स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं के निरीक्षण के बाद मिली कमियों को दूर नहीं किया गया है। कई बार सम्बन्धित अधिकारियों को चेतावनी दी गई थी। जिला पंचायत राज अधिकारी ने मदतान केंद्रों पर शौचालय, रैम्प, पेयजल व्यवस्था को ठीक नहीं कराया। इसके अलावा अधिशासी अभियंता विद्युत द्वारा बिजली लाइन, पंखे, बोर्ड, प्रकाश आदि कार्य पूरे नहीं कराए। जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए तत्काल प्रभाव से जिला पंचायत राज अधिकारी और अधिशासी अभियंता विद्युत का वेतन रोकने के निर्देश दिए। कहा कि लगातार शिथिलता बरती जा रही है। कोई भी फर्क नहीं पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि जिन बूथों पर संबंधित विभाग द्वारा कराये जाने वाले कार्यों में कमी है उसे हर हाल में चार दिन के अंदर पूर्ण कर लें। दोबारा निरीक्षण कराया जाएगा। यदि फिर भी कमी मिलती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



ब्लाक सभागार में प्रधानमंत्री का संबोधन सुनते विधायक एवं कार्यकर्ता।

## भाजपा सरकार ने दिया मातृशक्ति को सम्मान

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार ने मातृशक्ति को सम्मान देने का कार्य किया है। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है।

भाजपा महिला मोर्चा द्वारा नारी शक्ति वंदन अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को ब्लॉक सभागार में एक कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी रहे। कार्यक्रम में समूह से समृद्धि की ओर पंडित दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह एवं ग्रामीण संगठन एवं संकुल स्तरीय पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एलईडी पर प्रधानमंत्री का भाषण सुना गया। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार ने मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई हैं। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख ममता गुर्जर, नगर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उषा शर्मा, मयंक अग्रवाल, अमरपाल सिंह चौहान, अमरपाली गुर्जर, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री उमा नगर, भावना चौधरी आदि मौजूद रहे।



गजरौला में हाईवे से गुजरते कांवड़िए। ● अमृत विचार

## कांवड़ियों की सुरक्षा में तैनात रही पुलिस

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** बम-बम भोले के जयकारों के साथ बुधवार को दिनभर कांवड़िये हाईवे से गुजरते रहे। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए जगह-जगह पुलिस तैनाती रही। स्टेट हाईवे से दिन भर कांवड़ियों के गुजरने का सिलसिला जारी रहा।

नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक वन-वे रहा और स्टेट हाईवे पर पूरी तरह वाहनों पर रोक जारी रही। इन्दिरा चौक पर जाम लगा गया। करीब दो घंटे तक जाम में वाहन फंसे रहे। पुलिस ने किसी तरह जाम पर काबू पाया। आठ मार्च को महाशिवरात्रि के चलते पुलिस ने शिव मंदिरों की चौकसी बढ़ा दी है।

# एकजुट हो जाएं कार्यकर्ता : गोस्वामी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** भाजपा जिला कार्यालय पर प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर का स्वागत समारोह हुआ। इस दौरान आयोजित बैठक में भाजपा के जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए कार्यकर्ता एकजुट हो जाएं। अपने बूथ पर 80 से 90 प्रतिशत भाजपा के पक्ष में मतदान कराने की अपील की।

धनौरा विधायक राजीव तरारा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर समाज के सेवक हैं। उन्होंने कोरोना काल में जिस समय जिले में ऑक्सीजन की कमी चल रही थी, तब अपने पास से 60 लाख रुपये देकर अमरोहा लोकसभा में ऑक्सीजन प्लांट लगवाया। वह हर वर्ष 150 गरीब बहनों की शादी कराते हैं। इस अवसर पर विधायक महेंद्र खड़कवंशी ने भी कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की। उन्होंने केंद्र तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं को विस्तार से बताया तथा भाजपा का मिशन एक बार फिर भाजपा सरकार 400 पार का नारा दिया।

इस अवसर पर लोकसभा संयोजक बृजेश चौधरी, जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, ब्लॉक प्रमुख गुरिंदर सिंह ढिल्लो, सैदनगली नगर पंचायत की अध्यक्ष अनुकृति चौधरी, मोमराज सिंह गुर्जर, राकेश वर्मा, चंद्रभान भाटी, रमेश कलाल, कैलाश गुर्जर, राम सिंह सैनी, हिमांशु त्यागी, मनोज शर्मा, पिंकी वर्मा, सीमा रायजादा, उषा शर्मा आदि मौजूद रहे।



भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर का स्वागत करते जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी।

# किशोरी से दुष्कर्म में दोषी को 10 साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** किशोरी के साथ 8 साल पहले हुए दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने आरोपी को 10 साल कारावास की सजा सुनाई है। 40,000 रुपये जुर्माना भी लगाया है।

थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव निवासी किसान की 15 वर्षीया बेटी को दो सितंबर 2016 को एक गांव का युवक बहला-फुसलाकर ले गया था। तीन दिन बाद आरोपी ने किशोरी से शादी कर ली थी। किसान ने बेटी के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने सात दिन बाद किशोरी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। किशोरी के बयान के आधार पर दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई थी। बाद में आरोपी हरिओम को जमानत मिल गई। यह मामला अपर जिला सत्र न्यायाधीश पॉस्कोएक्ट तृतीय संजय कुमार चतुर्थ की कोर्ट में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष शलोक अभियोजक पॉस्को एक्ट बसंत सिंह सैनी ने पैरवी की। कोर्ट ने पत्रावली के अवलोकन में साक्ष्य के आधार पर चार मार्च को हरिओम को दोषी करार दिया। बुधवार को सजा के प्रश्न पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई।

## बाइक की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव के निकट सड़क किनारे खड़े युवक को बाइक ने टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है।

गांव हथियाखेड़ा निवासी नरेंद्र मंगलवार की रात बस स्टैंड के निकट खड़ा था। तभी रहरा की ओर से आ रही बाइक ने उसे टक्कर मार दी। इसमें नरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक सवार भी सड़क पर गिर गया। ग्रामीणों ने घायल नरेंद्र को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। ग्रामीणों ने बाइक सवार को भी पकड़ लिया। दोनों पक्षों में समझौते की बात चल रही है। इसलिए पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है।



हाशमी परिवार को ढांढस बंधाते मशहूर शायर नवाज देवबंदी। ● अमृत विचार

# नवाज देवबंदी ने मृतक के परिजनों को बंधाया ढांढस

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन डा. सिराज उद्दीन हाशमी के छोटे भाई हकीम ताज उद्दीन हाशमी के इंतेकाल के बाद उनके आवास पहुंचे मशहूर शायर नवाज देवबंदी ने परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने सिराज उद्दीन हाशमी एवं उनके परिवार को ढांढस बंधाया।

उर्दू अदब की दुनिया के मशहूर शायर नवाज देवबंदी नगर के मौहल्ला काजीजादा स्थित हाशमी हाउस पहुंचे तथा हकीम ताज उद्दीन हाशमी के इंतेकाल पर रंजोगम का इजहार किया। उनकी मगफिरत के लिए दुआ की व गमजदा परिजनों का ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि वह बेहद इमान पसंद और नेक इंसान थे। हर जरूरतमंद की करना हमेशा उनका मकसद रहा।

इस दौरान हाशमी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डा. सिराज उद्दीन हाशमी, आईएम इंटर कालेज अमरोहा के प्रधानाचार्य एवं शायर डा. जमशेद कमाल, डा. शहजाद हाशमी, आदिल रशीद आदि मौजूद रहे।

# कुत्तों के हमले से बच्ची घायल, दिल्ली रेफर

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** रजबपुर में कुत्तों के झुंड ने परचून की दुकान से सामान लेने जा रही बच्ची पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बच्ची का दिल्ली में उपचार चल रहा है।

रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव कूबी में तीन दिन पहले कुत्तों के झुंड ने मां के साथ खेत पर गए नौ वर्षीय बच्चे पर हमला कर दिया था।प् बाद में उसकी मौत हो गई थी। बुधवार को कुत्तों ने कस्बा रजबपुर निवासी जमशेद की चार साल की बेटी को हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहां से गुजर रहे लोगों ने उसे किसी तरह बचाया। परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इसके बाद बच्ची को दिल्ली अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सार-संक्षेप



सीसी रोड का फीता काटकर उद्घाटन करती नगर पंचायत अध्यक्ष।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया सीसी रोड का उद्घाटन

**सैदनगली, अमृत विचार :** नगर पंचायत की अध्यक्ष डॉ. अनुकृति चौधरी ने क्षेत्र के इकौंदा गांव में 250 मीटर लंबी सीसी रोड का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा सभी वार्डों का विकास बिना भेदभाव कराया जाएगा। भाजपा के जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, हेमराज सिंह, फजले अब्बास, सुखा सिंह, राशिद अली, नईम अहमद, विनय कुमार, मेहरबान आदि मौजूद रहे।

### 24 घंटे में दिलाएं बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा

**अमरोहा, अमृत विचार :** शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से बारिश से फसल को हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर सीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सुधीर कुमार को सौंपा। बुधवार को नगर अध्यक्ष फैज आलम राईनी के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील पहुंचे और नारेबाजी कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि ओलावृष्टि और बारिश की वजह से किसानों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। किसान की पूरी साल की मेहनत पर पानी फिर गया। ऐसे में किसानों को 24 घंटे के अंदर बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा दिलाया जाए। अगर किसानों को मुआवजा नहीं मिलता है तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर हरि सिंह मौर्य, हाजी खुर्शीद अनवर, रहीस अहमद आदि मौजूद रहे।

### उर्दू लेखन प्रतियोगिता में विजयी बच्चों को दी बधाई

**सैदनगली, अमृत विचार :** चौधरी इकबाल मेमोरियल इंटर कालेज ढक्का में बुधवार को उर्दू लेखन प्रतियोगिता हुई। इसमें प्राइमरी, जूनियर व सीनियर वर्ग की कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने अपनी लिखने की कला का प्रदर्शन किया। इसके आधार पर निर्णायक टीम ने बच्चों का चयन किया। उर्दू राइटिंग प्रतियोगिता में प्राइमरी वर्ग से कक्षा दो के सलमान व कक्षा पांच की अरसला, जूनियर वर्ग से कक्षा छह के अदनान व कक्षा आठ की हफ्शा और सीनियर वर्ग से कक्षा नौ की शाजिया व कक्षा 11 के आजम का चयन हुआ। प्रधानाचार्य मुजम्मिल हुसैन रिजवी ने कामयाब हुए बच्चों को बधाई दी और उनकी सराहना की। प्रतियोगिता प्रभारी अम्मार हैदर रिजवी, अंजुम, शबीना, समरीन आदि मौजूद रहे।

### अत्याचार के विरोध में महिलाओं ने बुलंद की आवाज

**अमरोहा, अमृत विचार :** संदेशखाली (पश्चिम बंगाल) में महिलाओं, बच्चों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में महिलाओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। महिलाओं ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा। बुधवार को जिला समन्वय संयोजिका के नेतृत्व में महिलाओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर संदेशखाली (पश्चिम बंगाल) में महिलाओं और बच्चों पर हो रहे अत्याचार पर विरोध जताया। महिलाओं ने पश्चिम बंगाल में हो रहे कृत्यों के लिए दोषियों के विरुद्ध तुरंत कार्रवाई की मांग की। दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराकर फास्ट ट्रैक कोर्ट में केस चलाया जाए। पीड़ित महिलाओं, बच्चों और परिवारों को सुरक्षा व आर्थिक सहायता दी जाए। उन्होंने मांग की है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय तुरन्त घटनाओं का संज्ञान लेकर कार्रवाई करे। इस दौरान सरोज, सलोनी, प्रीति आदि मौजूद रहीं।

### नगर के अमीर-ए-जमात का इंतेकाल

**हसनपुर, अमृत विचार :** बीमारी के चलते नगर के अमीर-ए-जमात का इंतेकाल हो गया है। इससे मुस्लिम समुदाय में गम की लहर दौड़ गई। जनाजे में काफी संख्या में लोगों ने शिरकत की। नगर के मोहल्ला नवाबान निवासी नौशाद अहमद काफी लंबे समय से तबलीगी-जमात से जुड़े हुए थे। वह नगर के जमात-ए-अमीर भी थे। बताया जा रहा है कि वह काफी समय से बीमार थे। मंगलवार रात 57 वर्षीय नौशाद अहमद का इंतेकाल हो गया। बुधवार दोपहर में दफीना हुआ। जनाजे में नगर के आम-ओ-खास समेत तमाम लोगों ने शिरकत की। नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने भी उन्हें आखिरी विदाई दी। परिजनों के अनुसार नौशाद अहमद मलेशिया, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका समेत कई देशों में तबलीगी जमात के साथ दीन का काम करने के लिए गए थे।

### जल्द दिया जाए बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी के स्टेनो श्याम सिंह टांक को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि कुछ दिन पूर्व हुई ओलावृष्टि व बारिश से किसानों की गेहूं, मटर, आलू व सरसों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। इस पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने 24 घंटे के अंदर किसानों की बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा देने की घोषणा की थी। लेकिन अभी तक मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल नहीं किया गया। जल्द से जल्द किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष मानव त्यागी, विधानसभा प्रभारी नकुल पवार, ब्लॉक प्रभारी हारून अली, डॉ. महेंद्र प्रताप शर्मा व सोहेल आदि मौजूद रहे।

### नाराज होकर घर से गई बालिका बरामद

**अमरोहा, अमृत विचार :** पुलिस ने नाराज होकर घर से गई 10 वर्षीया से बालिका को परिजनों को सौंप दिया। बुधवार को जट बाजार पुलिस चौकी टीम ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत मुरादाबाद निवासी 10 वर्षीया बालिका को परिजनों के हवाले कर दिया। वह किसी बात पर नाराज होकर अमरोहा पहुंच गई थी। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने उसे तीन घंटे के अंदर बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। बालिका को पाकर परिवार के लोग प्रसन्न हो गए।

### खनन विभाग ने मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को किया सीज

**संवाददाता, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के कस्बा ढबारसी में जेसीबी से मिट्टी खनन हो रहा था। सूचना पर मंगलवार की रात जिलाधिकारी ने एडीम तथा जिला खनन अधिकारी की टीम गठित कर खनन माफिया को पकड़ने के आदेश दिए। मौके पर पहुंचीं टीम ने खनन माफिया की दो मिट्टी से भरी व दो खाली ट्रैक्टर ट्राली तथा एक ट्रैक्टर के पीछे लगी लेवलर मशीन को पकड़ लिया। जबकि खनन माफिया आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टर-ट्राली लेकर भाग गए। पुलिस ने खनन अधिकारियों की तहरीर पर मामला दर्ज कर इन्हें सीज कर दिया। खनन अधिकारी मनीष यादव ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर आधा दर्जन ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ा है।

# कान की देखभाल करने की जानकारी दी

संवाददाता, गजरौला



श्रवण दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**▸▸ श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में मनाया विश्व श्रवण दिवस**

**अमृत विचार :** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में बुधवार को विम्स मल्टीस्पेशिलिटी अस्पताल एवं वीजीआई मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में विश्व श्रवण जागरुकता सप्ताह मनाया गया। इस दौरान नाक, कान एवं गला रोग विभाग ने पश्चिमी यूपी के 1200 से अधिक मरीजों के कानों की जांच कर 70 से अधिक लोगों की सर्जरी की। इसके अलावा ईएनटी विभाग के चिकित्सकों एवं मेडिकल के छात्र-छात्राओं ने जागरुकता रैली, पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिताओं द्वारा लोगों को कान की देखभाल के बारे में बताया।

विश्वविद्यालय के डा. सीवी रमन सभागार में आयोजित सात दिवसीय विश्व श्रवण जागरुकता सप्ताह के समापन समारोह का शुभारम्भ चेयरमैन डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, ईएनटी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. वीपी सिंह, डा. मैत्री कौशिक, डा. शिवम अग्रवाल एवं डा. मोनिका देशवाल ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। ईएनटी विशेषज्ञ एवं विभागाध्यक्ष ने कहा कि आज पूरे विश्व में 150 करोड़ से अधिक व्यक्तियों में सुनने की क्षमता में कमी है। 43 करोड़ लोग श्रवण हानि हियरिंग लॉस से पीड़ित हैं।

इस अवसर पर सीईओ विम्स डा. एचपी सिंह, डीन डा. संजीव भट्ट, डा. नीतेश अग्रवाल, डा. रजत, डा. इरशाद, डा. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि मौजूद रहे।

## कलाकारों ने लोगों को गीतों से किया मंत्रमुग्ध

**गजरौला, अमृत विचार :** मन की बात रेडियो संग्रहालय न्यास आकाशवाणी दिल्ली की ओर से सिद्धार्थ इंटर कालेज में लोक संगीत का कार्यक्रम हुआ। इसमें कलाकारों ने गीतों से मंत्रमुग्ध कर दिया।

बुद्ध नगर नाईपुरा निवासी राम सिंह बौद्ध ने 1100 रेडियो का अनूठा संग्रहालय बनाया है। उन्होंने आकाशवाणी दिल्ली स्थित रेडियो संग्रहालय को कुछ रेडियो भेंट करने की घोषणा की थी। इसी उपलक्ष्य में आकाशवाणी दिल्ली द्वारा लोक संगीत कार्यक्रम किया गया। मुख्य कार्यक्रम अधिकारी मन की बात एमएस रावत, कृषि कार्यक्रम अधिकारी शिवनंदन लाल, पीएमओ कार्यालय मन की बात के सचिव बीसी भूखण्डी, सिद्धार्थ, डा. मधु चतुर्वेदी, कालेज के प्रबंधक रविराज सिंह, पूर्व चेयरमैन रोहताश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अर्थव्यवस्था में महिलाओं की बड़ी भूमिका

संवाददाता, गजरौला



कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं एवं अतिथि। ● अमृत विचार

**▸▸ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित किया गया कार्यक्रम**

**अमृत विचार :** हसनपुर रोड स्थित एक डेयरी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि नावार्ड के जिला विकास प्रबंधक रजत सहगल ने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी उर्जा, आत्मविश्वास और प्रयास से सफलता की नई कहानी लिख रही हैं। देश की अर्थव्यवस्था में भी महिलाओं की बड़ी भूमिका है।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विकास प्रबंधक रजत सहगल, विशिष्ट अतिथि ऊर्जा स्पर्श एग्रो प्रोडयूसर कम्पनी के निदेशक हिमांशु शर्मा, सरिता एवं क्षेत्रीय प्रबंधक प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक रामअवतार शर्मा, उमंग डेयरीज के प्लांट हेड श्रीनिवास यादव, स्पर्श सोशल फाऊंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक मनोज यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। निदेशक हिमांशु शर्मा ने कहा कि महिलाओं को समान अधिकार, समान अवसर और ससम्मान स्वतंत्रता का पूर्ण अधिकार है। प्रथमा बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि महिलाएं कारोबार करके आत्म निर्भर हो रही हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की ओर से छोटे-छोटे उद्यम करने वाली स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को 1.35 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया। कार्यक्रम में स्पर्श संस्था से शिव कुमार, सारिका, आकांक्षा व कामना मौजूद रहीं।

## आइजीआरएस की रैंकिंग में अमरोहा पुलिस प्रदेश में प्रथम

**अमरोहा, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की ऑनलाइन शिकायत प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल (आइजीआरएस) में शिकायतों का निस्तारण करने में जनपद पुलिस ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

बुधवार को की गई फरवरी 2024 में आइजीआरएस पर की गई शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा हुई। इसमें जनपद पुलिस को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि जनपद के सभी 12 थानों में गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण किया गया। फरवरी में 805 शिकायत जनसुनवाई समाधान पोर्टल पर प्राप्त हुई थी। एसपी ने बताया कि आईजीआरएस शाखा के निरीक्षक प्रभाकर शर्मा, आरक्षी सारूल चौहान, प्रशांत चौहान, रीना ढाका ने लगन के साथ पोर्टल पर आई शिकायतों का निस्तारण किया गया।

## एक नजर

### अधिवक्ताओं ने डिप्टी कलेक्टर न्यायिक को बताई समस्याएं

**संभल, अमृत विचार :** जिला सीनियर बार एसोसिएशन संभल के अधिवक्ताओं ने बुधवार को पुरानी तहसील परिसर में राकेश कुमार की अध्यक्षता में डिप्टी कलेक्टर न्यायिक दीपक चौधरी के साथ परिचय वार्ता का आयोजन किया। अधिवक्ताओं ने डिप्टी कलेक्टर न्यायिक से वादकारियों को सुलभ व सस्ता न्याय दिलाने की मांग की। अधिवक्ता उमेश कुमार शर्मा ने न्याय प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए मुकदमों में न्याय दिलाने की बात कही। राकेश रस्तोगी ने वादकारियों के हित के लिए बार बैंच के बीच न्याय के लिए तालमेल की बात कही। शाहिद हुसैन ने शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की। माधव मिश्रा ने कहा कि न्यायालय का स्टाफ भी वादों के निस्तारण में सहयोग कर रहा है।

### बाइक की टक्कर से महिला घायल

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मियां सराय निवासी अनीस की पत्नी वसीमा बुधवार को दवा लेने जिला अस्पताल आ रही थी। वसीमा पैदल चलते हुए जैसे ही जिला अस्पताल पहुंची। सामने से बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वसीमा सड़क पर गिरकर घायल हो गई। भागने की कोशिश कर रहे चालक को लोगों ने पकड़ लिया और वसीमा को जिला अस्पताल पहुंचाकर उपचार कराने के बाद ही चालक को जाने दिया।

### अलग अलग जगहों से दो गिरफ्तार

**संभल/सरायतरीन, अमृत विचार :** हयातनगर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में अलग अलग जगहों से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो तमंचे बरामद किए। थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपुर खुर्द निवासी नन्हें बुधवार को गांव आढ़ोल जाने वाले रास्ते पर तमंचे के साथ खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तमंचा बरामद कर नन्हे को गिरफ्तार कर लिया। हयातनगर के मुहल्ला अंबेडकर गेट निवासी अजय के पास से पुलिस ने तमंचा बरामद कर उसे गांव दतावली मार्ग पर हनुमान मंदिर हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर अजय नन्हे का चालान कर दिया।

### विधायक इकबाल महमूद को लखनऊ से हेलीकॉप्टर में बैठाकर लाए थे सपा अध्यक्ष

# इकबाल को साध जिया को टिकट का संकेत दे गये अखिलेश

भीष्म सिंह देवल,संभल



डॉ शफीकुर्रहमान बर्क के घर अखिलेश यादव के साथ जियाउर्रहमान, सांसद एसटी हसन व विधायक इकबाल महमूद। ● अमृत विचार

▸▸ सांसद डा. बर्क के दसवें में पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संभल में पैर रखने से पहले संभल लोकसभा सीट पर भविष्य की राजनीति को लेकर पूरा प्लान सेट कर लिया था। सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के इंतकाल के बाद परिवार के बीच शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे अखिलेश यादव संभल के सपा विधायक इकबाल महमूद को लखनऊ से हेलीकॉप्टर में साथ बैठाकर लाये। जब डा. शफीकुर्रहमान बर्क के दसवें में शामिल हुए तो जियाउर्रहमान बर्क को लोकसभा टिकट का संकेत दे गये।

अखिलेश यादव ने डा. शफीकुर्रहमान बर्क को संभल सीट से पार्टी का उम्मीदवार घोषित कर दिया था लेकिन चुनाव से पहले ही 27 फरवरी को बीमारी के चलते डा. बर्क का इंतकाल हो गया तो सवाल यह खड़ा हुआ कि अब सपा का प्रत्याशी कौन होगा। डा. बर्क के पौत्र कुंदरकी से विधायक जियाउर्रहमान बर्क को टिकट का दावा डा. बर्क समर्थक कर रहे थे। बुधवार को परिवार को शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव संभल पहुंचे तो कयास लगाये जाने लगे कि अखिलेश टिकट को लेकर कुछ ऐलान कर सकते हैं। दोपहर 1 बजकर 13 मिनट पर अखिलेश यादव का हेलीकॉप्टर संभल में लैंड हुआ तो सपा विधायक इकबाल महमूद भी अखिलेश यादव के साथ नजर आये। इतना ही नहीं इकबाल महमूद अखिलेश यादव के साथ डा. शफीकुर्रहमान बर्क के घर भी गये। इस नजारे को देखकर साफ हो गया कि भविष्य की राजनीति के लिए पुरानी अदावत को खत्म कराकर अखिलेश अब इकबाल महमूद व डा. बर्क के परिवार को एक साथ लाने के लिए यह सब कर रहे हैं। इस घटनाक्रम के बाद सगीर पैलेस में डा. शफीकुर्रहमान बर्क के दसवें में अखिलेश यादव ने जियाउर्रहमान को लोकसभा टिकट का संकेत देते हुए कह दिया कि मैं आपकी भावना को समझता हूं, उस पर अमल करूंगा। अखिलेश यादव के यह बात कहने के बाद बर्क समर्थक कह रहे हैं कि अब टिकट में कोई संशय नहीं है।

### चित्रकला के 1617 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

**बहजोई, अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा चल रही हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को गहन तलाशी के बाद परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया। प्रथम पाली में हाई स्कूल चित्रकला विषय की परीक्षा में 24523 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 22906 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 1617 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे।

इंटरमीडिएट की व्यावसायिक विषय की परीक्षा में 252 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 224 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 28 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। वहीं द्वितीय पाली में इतिहास कृषि अभियंत्रण विषय की परीक्षा में 881 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 841 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 40 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। डीआईओएस वेदराम ने बताया कि सभी केंद्रों पर परीक्षा को नकल विहीन करने को लेकर सचल दलों ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

# समस्याओं को लेकर शिक्षकों ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता,बहजोई

▸▸ शिक्षकों पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने की मांग उठाई

▸▸ डिजिटाइजेशन अभी जल्दबाजी का निर्णय

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश से जुड़े पदाधिकारियों ने महानिदेशक बेसिक शिक्षा को संबोधित ज्ञापन बीएसए को सौंपा। परिषदीय विद्यालयों की समस्याओं को उठाया। वहीं शिक्षकों पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने की मांग उठाई।

जिला संयोजक विकास यादव के नेतृत्व में पदाधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दफ्तर पहुंच गए। जहां पर उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग की निदेशक को संबोधित ज्ञापन बीएसए चंद्रशेखर को सौंप कर कहा कि शिक्षकों को शैक्षणिक कार्यों के अतिरिक्त अन्य बहुत से गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाया जाता है। जिसको लेकर शिक्षक राशन वितरण ड्यूटी, बीएलओ ड्यूटी, गैर शैक्षणिक कार्यों में ड्यूटी लगा दी जाती है। जिससे व्यवहारिक समस्याओं का समाधान किए बिना डिजिटाइजेशन अभी जल्दबाजी का निर्णय है। इसका वह बहिष्कार करेंगे। शिक्षक के आगमन एवं प्रस्थान की उपस्थिति दर्ज करने की सीमा 15 मिनट से बढ़कर 30 मिनट किया जाए। अन्य राज्य कर्मियों की भांति 30- 31 उपार्जित अवकाश प्रदान किए जाएं। इस दौरान जिला संयोजक विकास यादव, बिजनेस यादव, पूनम सिंह, भावना सागर, हर प्रसाद पाल, सुभाष चंद्र, जितेंद्र कुमार, उधम सिंह, विजय राठी, पुष्पेंद्र तोमर, ओमवीर, नौरंगीलाल आदि मौजूद रहे।

# भाजपा चार सौ पार नहीं, चार सौ हार

## सांसद डा. बर्क की मृत्यु के बाद उनके घर शोक संवेदना प्रकट करने आये थे अखिलेश

कार्यालय संवाददाता,संभल



संभल में पत्रकारों से बातचीत करते सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव।

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा के मिशन चार सौ पार पर तंज करते हुए कहा कि दरअसल भाजपा का मिशन चार सौ पार नहीं बल्कि चार सौ हार है। भाजपा के मेरा परिवार मोदी का परिवार कैंपेन को लेकर कहा कि भाजपा वाले यह भी तय करें कि जो परिवार वाले हैं उन्हें टिकट नहीं देंगे, उनसे वोट मांगने नहीं जायेंगे। राजभर के मंत्री बनने को लेकर कहा कि पलटा पलटी से कुछ होने वाला नहीं है। अखिलेश यादव डा. बर्क के पौत्र कुंदरकी विधायक जियाउर्रहमान को लोकसभा के टिकट का भी संकेत दे गए।

संभल लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के सांसद डा. शफीकुर्रहमान की मृत्यु के बाद उनके घर शोक संवेदना प्रकट करने आये समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत में समाजवादी पार्टी की तरफ से मुसलमान के लिए अगला प्लान के सवाल पर कहा कि इस बार देश में सबसे बड़ी लड़ाई संविधान को बचाने की होने जा रही है। इस बार संविधान मानने वालों और संविधान पर नहीं चलने वालों के बीच यह चुनाव होने जा रहा है और हमें पूरा भरोसा है कि देश की जनता संविधान बचाने वालों के साथ रहेगी। जौनपुर से धनंजय सिंह के द्वारा भाजपा प्रत्याशी के सामने चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद जेल जाने को लेकर अखिलेश यादव ने सवाल से किनारा करते हुए कहा कि यह कोई खबर नहीं है। अखिलेश यादव धनंजय सिंह की पत्नी के चुनाव लड़ने के सवाल पर भी चुप्पी साधे रहे। अदालत के मौलाना तौकीर रजा को दंगे का आरोपी माने जाने को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि मैं अदालत के फैसले पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। लखनऊ का नाम बदलने की चर्चाओं पर अखिलेश यादव ने कहा कि नाम बदलने से ज्यादा जरूरी है कि नौजवान को रोजगार दें, पेपर लीक न हो। अखिलेश यादव ने कहा कि जनता इन लोगों की सरकार बदलेगी तो नाम अपने आप बदल जाएगा।

### राजनीति में आसान नहीं बर्क जैसा सम्मान मिलना

**संभल, अमृत विचार :** डा. शफीकुर्रहमान बर्क को खिराजे अकीदत पेश करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि डा. शफीकुर्रहमान बर्क का किरदार अनूठा था। उन्होंने जनता के बीच जो पैठ बनाई उसका नजारा उनके जनाजे में देखने को मिला। जो सम्मान उन्होंने हासिल किया उसे पाना आसान नहीं। संभल के सगीर पैलेस में डा. शफीकुर्रहमान बर्क के दसवां कार्यक्रम में बोलते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि कई बार लोग हमसे बोलते थे कि डा. बर्क साहब आपकी पार्टी के सांसद हैं उन्होंने यह बात कही है। मैं कहता था कि जो बात उन्होंने रखी है वह अपने लोगों की भावना उन्होंने कही है। उन्होंने कभी परवाह नहीं की किसी की। जो उन्हें लगा कि यह अच्छा है वही बात उन्होंने हमेशा रखी। कहा कि जो राजनीतिक विरासत मिली है उसको संभाल करके आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी परिवार और समर्थकों की है। अखिलेश ने टिकट का संकेत देते हुए कहा कि जिस भावना से आप लोग इकट्ठा हुए हैं उस भावना पर हम अमल करने का काम करेंगे। मैं आपकी भावना को समझता हूं उस पर अमल करूंगा। इस दौरान डा. बर्क पुत्र ममलूकुर्रहमान बर्क, पौत्र जियाउर्रहमान बर्क, सांसद एसटी हसन, विधायक इकबाल महमूद, रजी उर्रहमान आदि रहे।

# मुक्त कराये बच्चों का ठिकाना बनेगा बाल कक्ष

संवाददाता,बहजोई (संभल)

**अमृत विचार:** बाल संरक्षण अधिकार को लेकर जनपद में नोडल अधिकारी एएसपी आईपीएस अनुकृति शर्मा द्वारा की गई है। बाल श्रम से छुड़ाकर ले गए व किसी अपराध में शामिल बच्चों के लिए बाल कक्ष बनवाया गया है। बाल कक्ष का डीआईजी मुनीराज जी ने शुभारंभ किया।

अब तक जनपद में बाल संरक्षण के लिए बाल कक्ष की स्थापना नहीं की गई थी। बाल श्रम से छुड़ाकर ले गए बच्चों व अपराधों में पूछताछ के लिए लाए गए किशोरों व पाक्सो एक्ट के तहत दर्ज मुकदमा में किशोरियों व बच्चों से पूछताछ के लिए कोई उचित व तय स्थान नहीं था। इसके लिए जनपद में नोडल अधिकारी एएसपी दक्षिणी आईपीएस अनुकृति मिश्रा शर्मा ने इस पहल को प्रारंभ किया है। इसकी शुरुआत बहजोई थाने से की गई है। बहजोई थाने में बाल कक्ष बनाया गया है। जिसका शुभारंभ डीआईजी मुरादाबाद मुनिराज जी ने किया।

जिसमें ऐसा माहौल बनाया गया है कि जहां बच्चों तथा किशोर को ऐसा न लगे कि वह पुलिस की कस्टडी में हैं और उन्हें पुलिस से डरने की जरूरत हो। ऐसी व्यवस्था की गई है कि आराम से बच्चे व किशोरों से पूछताछ की जा सके।



बहजोई कोतवाली में बनाया गया बाल कक्ष। ● अमृत विचार

### व्यवस्था

▸▸ बाल श्रम से छुड़ाकर ले गए बच्चों को रखने का होगा इंतजाम

▸▸ अपराधों में शामिल किशोर से बाल कक्ष में होगी पूछताछ

### वर्दी से नहीं डरेंगे बच्चे, सादा कपड़ों में पुलिस करेगी पूछताछ.

**बहजोई, अमृत विचार :** बाल कक्ष की स्थापना के साथ ही चाइल्ड वेलफेयर ऑफिसर के रूप में उपनिरीक्षक सीमा चौधरी की नियुक्ति की गई है। इस बाल कक्ष में नाबालिग किशोर का पोक्सो एक्ट से जुड़ी हुई बच्चियों को पूछताछ के लिए लाया जाएगा। यहां सादा कपड़ों में पुलिस उनसे व्यावहारिक रूप से पूछताछ किया करेगी। एएसपी ने बताया कि बच्चों को ऐसा माहौल दिया जाएगा कि वह डर के माहौल में न रहें।

### खेल खिलौने व खाने की भी होगी व्यवस्था

**बहजोई, अमृत विचार :** बाल कक्ष में किसी बच्चे व किशोर को यहां पूछताछ के लिए लाया जाता है तो स्कूलों की तरह यह कक्ष बनाया गया जहां खेल-खिलौने रखे गए हैं। वहीं चॉकलेट बिस्किट व अन्य खानपान की वस्तुएं भी इस बाल कक्ष में रखी जाएंगी।

# खम्भे पर काम कर रहे संविदा लाइनमैन की करंट से मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल



लाइनमैन की मौत के बाद रोते परिजन।

▸▸ शट डाउन लेकर खम्भे पर चढ़कर केबिल जोड़ रहा था

**अमृत विचार :** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में शटडाउन लेकर गांव की बिजली के खम्भे पर काम कर रहे संविदा लाइनमैन की करंट लगने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

थाना क्षेत्र के गांव मढ़ावली निवासी विश्वनाथ उर्फ बिस्सू (35 वर्ष) ऐचोड़ा कंबोह स्थित विद्युत उप केंद्र पर संविदा पर लाइनमैन था। विश्वनाथ बुधवार की सुबह खम्भे पर चढ़कर लाइन पर केबिल जोड़ रहा था। अचानक करंट लगने से विश्वनाथ खम्भे से नीचे गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने विश्वनाथ के शरीर को मिट्टी व गोबर लगाकर मालिश की, लेकिन विश्वनाथ की हालत बिगड़ती रही। परिजन विश्वनाथ को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर विश्वनाथ को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। बताया कि विश्वनाथ शट डाउन लेकर काम कर रहा था। ऐसे में तारों में करंट कैसे दौड़ गया।

# त्योहार व चुनाव को लेकर सतर्क रहे पुलिस : डीआईजी

संवाददाता,बहजोई(संभल)



पुलिस लाइन में निरीक्षण करते डीआईजी मुरादाबाद मुनिराज जी। ● अमृत विचार

▸▸ डीआईजी ने पुलिस लाइन व बहजोई कोतवाली का किया वार्षिक निरीक्षण

▸▸ पुलिस लाइन में डीआईजी ने बैठक में अधिकारियों को दिए सुरक्षा को लेकर कड़े निर्देश

**अमृत विचार:** जनपद दौरे पर पहुंचे डीआईजी मुरादाबाद मुनिराज जी ने पुलिस लाइन व बहजोई कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। वहीं पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ कानून व्यवस्था को लेकर बैठक की। डीआईजी ने सभी अधिकारियों को महाशिवरात्रि, रमजान व होली को लेकर सतर्क रहने के निर्देश दिए। वहीं चुनाव की तैयारी में भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क रहने की बात कही।

जनपद दौरे पर पहुंचे डीआईजी मुरादाबाद मुनिराज जी ने पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित बैठक में कानून व्यवस्था को लेकर थाना वार समीक्षा कर निर्देश दिए कि पुलिस अधिकारी आगामी त्यौहारों पर शांति व्यवस्था को सतर्क रहें। ऐसे व्यक्तियों पर नजर रखें जो कानून व्यवस्था खराब करने की मंशा रखते हों। उनको चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। याद रहे कि कोई भी नई परंपरा न डाली जाए। कोई इसकी चेष्टा करे तो कड़ी कार्रवाई करें। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर डीआईजी ने कहा कि जनपद पुलिस आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी तैयारी पहले से ही पूरी कर ले। चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न करना है। ऐसे लोगों को चिन्हित करें जो चुनाव में खलल डालने की कोशिश कर सकते हैं। इसके लिए आमजन को भी जागरूक किया जाए। डीआईजी ने क्राइम कंट्रोल को लेकर भी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान एसपी कुलदीप सिंह गुनावत, एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा, एएसपी उत्तरी श्रीश्चंद सहित जनपद के सभी सीओ व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

### कोतवाली और पुलिस लाइन का निरीक्षण किया

**बहजोई, अमृत विचार :** डीआईजी मुनिराज जी रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचे। जहां उन्होंने शस्त्रागार का निरीक्षण कर शास्त्रों के रखरखाव को देखा व रजिस्टरों का अवलोकन किया। शस्त्रागार में रखे राजकीय शास्त्रों के रखरखाव के बारे में जानकारी की। संपत्ति स्टोर रूम के निरीक्षण में राजकीय संपत्ति से संबंधित जानकारी करते हुए संपत्ति के रखरखाव के बारे में निर्देश दिए। डीआईजी ने डीसीआर कार्यालय, डायल 112 कार्यालय, क्वार्टर, गार्ड रूम, कैंटीन, परिवहन शाखा, यातायात कार्यालय पर अभिलेखों का निरीक्षण किया। डीआईजी इसके बाद बहजोई थाने पहुंचे। जहां उन्होंने निरीक्षण करते हुए सुधार के निर्देश दिए।

## सार संक्षेप



संभल में गवां मार्ग पर पलटा ट्रक। ● अमृत विचार

### ट्रक खंदक में पलटा, चालक ने कूदकर बचाई जान

**संभल, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल गवां मार्ग पर आगे चल रहे चालक ने कंटेनर के इमरजेंसी ब्रेक लगाए तो पीछे चल रहा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में पलट गया। समय रहते चालक ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। बुधवार को चालक अंसार संभल की ओर से 22 टायरा ट्रक में सामान लादकर हरियाणा के रेवाड़ी जा रहा था। अंसार ट्रक लेकर कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल गवां मार्ग पर गांव उधरनपुर के पास पहुंचा। आगे चल रहे चालक ने कंटेनर के अचानक ब्रेक लगा दिए। अंसार ने ट्रक को कंटेनर में टक्कर लगने से बचाया तो ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में पलट गया। गनीमत रही कि अंसार ट्रक से कूद गया। वरना हादसा बड़ा हो जाता।

### मौसम में बदलाव से बढ़े बुखार व खांसी के मरीज

**गुन्नौर, अमृत विचार :** बदलते मौसम और बारिश के कारण ठंडी हवा से वायरल फीवर, सर्दी, खांसी और त्वचा संबंधित रोगों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। मौसम के करवट बदलते ही वायरल से ग्रस्त मरीजों की संख्या अचानक बढ़ गई है। दिन में गर्मी और सुबह-शाम सर्दी होने के कारण लोग संक्रामक रोगों की चपेट में आ रहे हैं। जिसमें सबसे ज्यादा लोगों को वायरल बुखार जकड़ रहा है। सीएचसी में दवा लेने के लिए सुबह से ही ओपीडी कक्ष के बाहर मरीजों की भीड़ लगनी शुरू हो जाती है। बुधवार को अस्पताल की ओपीडी 200 के पार पहुंच गई। अस्पताल में इन दिनों 150 से अधिक वायरल बुखार के साथ खांसी, सर्दी जुकाम से पीड़ित मरीज आ रहे हैं। चिकित्सक मरीज के खून की जांच कराने के बाद दवा देने के साथ उसे बचाव के उपाय और खानपान का ध्यान रखने की सलाह दे रहे हैं। इसके अलावा खुजली से पीड़ित भी अपना उपचार कराने के लिए आ रहे हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उनके पास रोजाना आ रहे मरीजों में 70 से 75 प्रतिशत मरीज खांसी और जुकाम के हैं। मौसम में बदलाव हो रहा है। दिन और रात के तापमान में अंतर है। जिसके चलते ठंड लगने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में लोगों को बुखार और खांसी संबंधी समस्या अधिक हो रही है।

**धर्म** | महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर विश्व शांति के लिए किया यज्ञ

# महायज्ञ में आहुतियां देकर विश्व शांति की कामना

संवाददाता, संभल



कल्यानपुर गांव में 200 कुंडीय महायज्ञ में आहुतियां देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** संभल ब्लाक क्षेत्र में स्थित त्यागी स्पोर्टस स्कूल व कन्या गुरुकुल में महर्षि दयानंद की जयंती 200 कुंडीय यज्ञ व ओम ध्वज और राष्ट्रीय ध्वज फहराकर अमृत महोत्सव के रुप में मनाई। कार्यक्रम में महर्षि दयानंद के जीवन पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर आचार्य धर्मवीर आर्य, ओम व्रत, जय गोपाल ने मंत्रों का उच्चारण कर 200 कुंडीय यज्ञ कराया। लोगों ने विश्व शांति के लिए यज्ञ में आहूतियां डालीं। यज्ञ समापन के बाद ओम ध्वज व राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन पर आयोजित प्रतियोगिता के विजयी छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली, मुरादाबाद, मेरठ, अलीगढ़, मथुरा, लखनऊ, कौशांबी, बिलारी, कुंदरकी, असमोली, संभल, अमरोहा आदि जगह से आर्य समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ किया गया। इस दौरान विभाग प्रचारक अतुल, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, नरेंद्र चौधरी, कुलदीप चाहल, संजीव सारस्वत, दिनेश जाटव, अवधेश, प्रताप वर्मा, सुशील, सुशील गुप्ता, यादराम सिंह, जेके शर्मा, किशनपाल सिंह, उदयवीर सिंह, हरिसिंह, सुनील गुप्ता, हरनाम सिंह, आर्य भोले सिंह त्यागी, डॉ. पुष्पेंद्र आर्य, देवेंद्र पाल, भारत सिंह यादव आदि रहे।

# सीसीटीवी कैमरे में नहीं दिखा जंगली जानवर

कार्यालय संवाददाता, संभल

▸▸ टीम को फिर जानवर के पंजों के निशान मिले

▸▸ जानवर के पकड़ में नहीं आने से ग्रामीण डर के साए में

**अमृत विचार:** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के जंगल में पंजों के निशान मिलने के एक सप्ताह बाद भी वन विभाग की टीम जंगली जानवर को नहीं पकड़ पाई। न तो जंगली जानवर सीसीटीवी कैमरों में दिखा और न ही पिंजरे में कैद हुआ है। वन विभाग की टीम को फिर जंगली जानवर के पंजों के निशान जरुर मिले हैं। जंगली जानवर के पकड़ में नहीं आने से ग्रामीण डर के साए में हैं।

थाना क्षेत्र के गांव तिमनपुर के ग्रामीणों ने एक सप्ताह पहले जंगली जानवर के पंजों के निशान व चार दिन पहले एक खेत से दूसरे खेत में जाते जंगली जानवर को देखा था। वन विभाग की टीम ने सोमवार को जंगली जानवर की फुटेज कैद करने के लिए जंगल में रास्तों पर दो जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए थे। मंगलवार को वन विभाग की टीम सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग चेक किए बिना ही सर्च अभियान चलाकर व दो स्थानों पर पिंजरा लगाकर गांव से वापस लौट आई थी। बुधवार को अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे डिप्टी रेंजर उस्मान अली ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगालने पर नीलगाय, गीदड़ व अन्य जानवरों की फुटेज मिली हैं, लेकिन जंगली जानवर न तो वीडियो रिकॉर्डिंग और न ही पिंजरे में कैद हुआ है। कैमरों से थोड़ी दूरी पर स्थित खेत में जंगली जानवर के पंजों के निशान जरुर मिले हैं। हो सकता है देर रात तक पिंजरे या सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग में कैद हो जाए।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

## एक नजर

### आज न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

**चन्दौसी, अमृत विचार:** चन्दौसी बार एसोसिएशन की एक बैठक बुधवार को बार सभागार में संपन्न हुई। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि सात मार्च दिन गुरुवार को कांवड़ यात्रा के मद्देनजर प्रशासन द्वारा पूरे जनपद में रूट डायवर्जन किया गया है। जिस कारण वादकारी एवं अधिवक्ता गण के आवागमन में असुविधा होगी। जिससे गुरुवार को अर्जेंट कार्य को छोड़ कर शेष न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया। अध्यक्षता बार अध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने की। संचालन सचिव नितिन कुमार सिंह ने किया।

### जिला अस्पताल में खड़ी एंबुलेंस जल कर राख

**बदायूं, अमृत विचार:** जिला अस्पताल में कई सालों से खड़ी निष्प्रयोज्य एंबुलेंस में आग लग गयी। आधा दर्जन एम्बुलेंस जल कर राख हो गयी। सूचना मिलने के आधे घंटे बाद पहुंची दमकल की गाड़ियों ने काफी देर तक मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया। आग की सूचना मिलने पर पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। अग्निकांड के बाद अस्पताल की बिजली गुल हो गयी। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# दिल्ली कूच को निकले भाकियू के कई कार्यकर्ता हिरासत में

## नोएडा सेक्टर 62 व सिकंदराबाद में पुलिस ने की कार्रवाई

संवाददाता, संभल



दिल्ली रवाना होते भाकियू असली से जुड़े किसान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर दिल्ली जा रहे भाकियू असली के कार्यकर्ताओं को अलग अलग जगहों से पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वहीं हिसामपुर व भटौला में गंगा एक्सप्रेस वे पर अंडरपास की मांग को लेकर भाकियू का धरना 44 वें दिन भी जारी रहा।

संयुक्त किसान मोर्चा अराजनैतिक के आह्वान पर बुधवार को दिल्ली जा रहे भाकियू असली के कार्यकर्ताओं को सिकंदराबाद में पुलिस ने रोककर दर्जनों कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वहीं मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष चौधरी डूंगर सिंह व मेरठ मंडल अध्यक्ष प्रहलाद पूनिया के साथ दिल्ली जा रहे कार्यकर्ताओं को पलवल एक्सप्रेस वे पर पकड़ लिया। संजीव

- **अंडरपास की मांग को लेकर भाकियू असली का धरना 44 वें दिन भी जारी**

गांधी, दिनेश सिरोही, अर्जुन सिंह, दिलशाद अली व आदि कार्यकर्ताओं को दिल्ली पहुंचने से पहले नोएडा सेक्टर 62 से हिरासत में ले लिया। वहीं संभल ब्लाक क्षेत्र के गांव हिसामपुर व भटौला में गंगा एक्सप्रेस वे पर अंडरपास की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक का धरना 44 वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान तहसील अध्यक्ष राहिद, गनपत, रामकिशन जाटव, विनय सैनी, बाल किशन, रनवीर, प्रकाश, दौजी, बाबूराम, अशोक, पातीराम, छत्रपाल, गंगासरन आदि मौजूद रहे।



संभल में टूलकिट वितरित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# विश्वकर्मा योजना के तहत टूल किट वितरित किए

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन मुरादाबाद की ओर से मुहल्ला आलम सराय में स्थित निजी स्कूल में दस दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षार्थियों को टूल किट का वितरण किया गया।

बुधवार को संभल के मुहल्ला आलम सराय में स्थित जमजम स्कूल में सरकार की ओर से आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाई जा रही विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 50 प्रशिक्षार्थियों को कारपेंटर टूल किट का वितरण किया गया। जिससे प्रशिक्षार्थी अपना रोजगार शुरू कर सकें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई अपना दल एस महिला मंच की जिलाध्यक्ष बबीता भारद्वाज व भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री कमल दिवाकर को बुके देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद से महेंद्र स्वामी, अपना दल एस की जिला उपाध्यक्ष नीता शर्मा, जिला महासचिव गीता गुप्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### गाली-गलौज का विरोध करने के मामले में तीन नामजद

**चन्दौसी, अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव नेहटा में घर में महिला व उसके परिवार के साथ मारपीट के मामले में तीन लोगों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गांव नेहटा निवासी अंजू शर्मा पत्नी सत्यदेव शर्मा ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि गांव के प्रेमपाल सिंह, मोहित व संजय नामक युवक तीन मार्च की रात साढ़े आठ बजे उसके घर में घुस आए। विरोध करने पर आरोपी युवक महिला व उसकी पुत्रवधु के साथ गाली-गलौज करने लगे। शोर शराबा होने पर उसके दो पुत्र गोविंद व अनिल तथा देवर भी आ गए। तीनों युवकों ने परिजनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। आसपास के लोगों के मौके पर पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त तीनों युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।



यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

### रैली निकाल किया यातायात नियमों के प्रति जागरूक

**चन्दौसी, अमृत विचार:** एसएम कॉलेज की रासेयो शिविर के छठवें दिन को सड़क सुरक्षा व स्वरोजगार के रूप में मनाया गया। बुधवार की सुबह सबसे पहले स्वयंसेवकों ने गांव के शिव मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा के पोस्टर हाथों में लेकर गांव में रैली निकाली। जिसमें दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने व यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया गया। गांव के पास प्रगतिशील किसान दुष्यंत कुमार से मधुमक्खी पालन उद्योग के विषय में स्वयंसेवकों ने जानकारी ली। ।इसके अलावा किसान द्वारा स्वयंसेवकों को अन्य कृषि से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय, आदित्य, अनुराग, अभिनव, शिवा, कमल, सौरभ आदि मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा ने बाइक को मारी टक्कर, युवक हुआ घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- **जरगांव मार्ग पर अमियापुर पचाक के पास हादसा**
- **हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर किया रेफर**

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के जरगांव मार्ग पर गांव अमियापुर पचाक के पास ई-रिक्शा ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। जिसे पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद चालक ई-रिक्शा लेकर फरार हो गया।

थाना सोनकपुर क्षेत्र के गांव नमैनी गद्दी निवासी अली जान पुत्र मोहम्मद बन्ने बुधवार की सुबह बाइक पर सवार होकर ट्रैक्टर के पार्टस लेने आया था। उसके साथ दो बालक भी साथ थे। सुबह 11 बजे अली जान सामान लेकर वापस लौट रहा था। जब वह चन्दौसी-जरगांव मार्ग स्थित गांव अमियापुर पचाक के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे ई-रिक्शा ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि बाइक पर सवार बालक बाल-बाल बच गए।

उधर से गुजर रहे राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। जबकि घटना के बाद चालक ई-रिक्शा लेकर फरार हो गया।

## ग्रामीण से मारपीट और पथराव में पांच नामजद

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार:** थाना बनियाठेर के गांव गुमथल में मामूली कहासुनी के बाद ग्रामीण से मारपीट और पथराव के मामले में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना तीन मार्च की है। गांव गुमथल निवासी पीड़ित सत्यदेव पुत्र खेमकरन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि दो दिन पहले उसकी गांव के ही कुछ लोगों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके चलते तीन मार्च को वह अपने घर के दरवाजे पर खड़ा था। उसी समय कुछ लोग वहां आएऔर गालियां दीं। उसने गाली देने से मना किया तो मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं हमलावरों ने उसके घर पर ईंट पत्थर भी बरसाए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नरेश, बबलू, भूरा, तरुण, अभिषेक निवासी गांव गुमथल थाना बनियाठेर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# मनमाना किराया वसूल रहे निजी एंबुलेंस चालक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



एके हेल्पिंग सोसायटी की मासिक बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** एके हेल्पिंग सोसायटी की मासिक बैठक में सोसायटी के संस्थापक एवं अध्यक्ष अमन खुराना ने निजी एंबुलेंस संचालकों की मनमानी पर रोष व्यक्त किया। कहा कि निजी एंबुलेंस संचालक बेलगाम हैं। जिम्मेदार अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। एक साल पहले एआरटीओ से शिकायत की थी, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

लाठी बाजार स्थित शिविर कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में आगामी माह की कार्ययोजना रखी तथा सोसायटी की ओर से होने वाले कार्यों पर चर्चा की। सोसायटी संस्थापक व अध्यक्ष ने कहा कि उनकी सोसायटी जनहित के कार्य व जरुरतमंद के सहयोग के लिए हर समय तैयार रहती है। समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाती रहती है और महिला, बच्चों, बुजुर्गों, बीमार लोगों की मदद करती है।

- **एक साल पहले शिकायत की थी लेकिन नहीं हुई कार्रवाई**
- **एके हेल्पिंग सोसायटी की बैठक में पदाधिकारियों ने जताया रोष**

जिले में निजी एंबुलेंस संचालकों की मनमानी से मरीज व उनके तीमारदार परेशान हैं। मुरादाबाद, बरेली, दिल्ली जाने वाले मरीजों से मनमाना किराया वसूलते हैं। कई बार मरीज की गंभीर हालत देखकर भी किराया बढ़ा देते हैं।

उन्होंने कहा कि अधिकांश एंबुलेंस ऐसी हैं, जिनमें न तो आग बुझाने के उपकरण हैं और न ही ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध है। जिम्मेदार भी लापरवाह बने हुए हैं। एंबुलेंस द्वारा अधिक किराया लेने की शिकायत पांच मार्च 2023 को एआरटीओ संभल से की थी। अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बैठक में डीएम व सीएमओ से शिकायत करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अभिनव भारद्वाज, शरद ठाकुर, आयुष ठाकुर, करन सिंह आदि थे।



स्वयंसेविकाओं को स्वास्थ्य संबन्धी जानकारी देते सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक।

### ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया

**चन्दौसी, अमृत विचार:** एनकेबीएमजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों का सात दिवसीय शिविर कैथल स्थित प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में आयोजित किया जा रहा है। बुधवार को शिविर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का आरंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल व डॉ. प्रियंका ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इसके बाद स्वयंसेविका मानसी, खुशनबी, प्रईति, सेजल, शीतल, मंजू, मेघा रानी, बविता, प्रियम, मनीषा, रुक्मिणी, स्वाति चौहान, शालिनी चौहान, कैफरीन, गायत्री, इल्मा, अल्तशा नाज, करिश्मा, मोनिका, अर्चना ने गांव में जाकर लोगों को स्वास्थ्य व खानपान के प्रति जागरूक किया। दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि सीएचसी प्रभारी डॉ. हरवेंदर सिंह ने शारीरिक व स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति स्वयंसेविकाओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सेविकाएं अपने घर व आसपास सफाई रखें और लोगों को भी सफाई के प्रति जागरूक करें। अंत में छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया गया और आयरन व कैल्शियम की टेबलेट वितरित की गई।




नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में बोलते राजेश शंकर राजू। ● अमृत विचार

### महिलाओं को किया सम्मानित, योजनाओं की जानकारी दी

**बहजोई, अमृत विचार:** मंडल बहजोई नगर में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण नारी शक्ति वंदन आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं ने प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन सुना। मुख्य अतिथि बहजोई चेयरमैन राजेश शंकर राजू महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। बहजोई महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेयरमैन राजेश शंकर राजू कार्यक्रम संयोजक व मंडल अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने मोदी सरकार द्वारा एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान बबीता शर्मा, कन्हैया लाल वार्ष्णेय, डॉ. दिनेश कुमार, शुभम अतुल उपाध्याय, मोहित गौड़, जितेंद्र यादव, खेलेंद्र वार्ष्णेय, वीना गिहार, प्रेम शंकर कश्यप, भुवनेश वार्ष्णेय, सुमित कुमार डीआर, डॉ. अनिता श्रीवास्तव, शिखा गुप्ता, सुषमा दुवे, डॉ. रश्मि वार्ष्णेय, राधा दिलेर, धर्मपाल सिंह, अंकित वार्ष्णेय, कौशल वार्ष्णेय, सुनील गिहार आदि मौजूद रहे।

### अतिक्रमण पर दुकानदारों के चालान काटे

**सरायतरीन (संभल), अमृत विचार:** हयातनगर थाना पुलिस ने दुकानों के आगे सामान व तख्त और बेंच रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के चालान काटे। जिसके बाद दर्जनों दुकानदार पुलिस चौकी पहुंचकर चालान के बारे में जानकारी ली। सरायतरीन में मुख्य बाजार में दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानों के आगे तख्त, बेंच व अन्य सामान रखकर सड़क पर अतिक्रमण कर रखा था।

## सामूहिक विवाह में 164 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

**बहजोई, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 164 जोड़ों का धार्मिक विधि विधान से विवाह कराया गया।

बड़ा मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार दूल्हा दुल्हन ने सात फेरे लेते हुए सात जन्मों तक साथ-साथ रहने का संकल्प लिया। एक दूसरे को वरमाला पहनकर एक दूजे के साथ रहने का संकल्प लिया। मुस्लिम जोड़ों का निकाह कराया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में पहुंची प्रदेश सरकार की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, सीडीओ भरत कुमार मिश्रा ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उपहार भेंट किए। समाज कल्याण अधिकारी चंद्रभूषण ने बताया कि अंत में दिव्यांगों को ट्राई साइकिल राज्य मंत्री ने वितरण की।



महिला स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित करतीं साक्षी स्टार की सदस्य। ● अमृत विचार

# सीएचसी में महिला स्वास्थ्य कर्मियों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के दौरान संयुक्त चिकित्सालय में साक्षी चन्दौसी स्टार ने बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया।

समिति की संयोजिका रंजना शर्मा के नेतृत्व में समिति की अध्यक्ष सुधा शर्मा समेत सभी ग्रुप के सदस्यों ने चिकित्सालय में कार्यरत महिला स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया। इंदू सक्सेना, हेमा पाठक, वेदवती चौहान, सुमन सिंह, राजकुमारी व पूनम यादव समेत डॉ. सोनी को पटका पहनाकर और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। संचालन सचिव रेनू शर्मा ने किया। इस अवसर पर बबिता बिंदल, श्वेता सैनी, शालिनी गोयल, भावना सिंह आदि ग्रुप सदस्य उपस्थित रहीं।

## कार सड़क किनारे खंदक में पलटी, दंपती घायल

**संभल/असमोली, अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र में संभल मनोटा मार्ग पर बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में पलट गई।

अमरोहा जिले के गांव वारसपुर कलां निवासी निरंजन सिंह बुधवार को कार में सवार होकर पत्नी के साथ नखासा थाना क्षेत्र के गांव सिंहपुरसानी निवासी रिश्तेदार ब्लाक प्रमुख पति कुलदीप सिंह चाहल के घर में जा रहे थे।

असमोली थाना क्षेत्र में संभल मनोटा मार्ग पर गांव दबोई कला व अकबरपुर गहरा के बीच बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में पलट गई। हादसे के बाद खेतों में काम कर रहे आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और कार का शीशा तोड़कर निरंजन व उनकी पत्नी को बाहर निकाला। गनीमत रही कि हादसे में दंपती मामूली रुप से चोटिल हो गए।

# देवर पर दुष्कर्म के प्रयास की महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- **11 फरवरी को संभल मार्ग की बताई जा रही घटना**
- **अदालत के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की**

**अमृत विचार:** कोतवाली के एक मोहल्ला की महिला से देवर ने बनियाठेर थाना क्षेत्र में दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला ने थाने में तहरीर दी मगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। न्यायालय के आदेश पर महिला के देवर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला 11 फरवरी को बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव जनेटा में हकीम से दवा लेने जा रही थी। जाते समय संभल मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक बंद होने पर महिला ई-रिक्शा से उतर कर खड़ी हो गई। उसी समय उसका देवर दीपक गौतम बाइक लेकर पहुंचा और जानकारी की। दीपक ने महिला ने कहा कि वह उसे बाइक से छोड़ देगा। इसके बाद महिला दीपक की बाइक पर बैठ गई। कुछ दूर जाने पर महिला ने लघुशंका करने की बात कही। तो कुछ दूरी पर जाकर दीपक ने बाइक रोक दी। महिला उतरकर झांड़ियों में लघुशंका करने चली गई। आरोप है कि उसका देवर भी पहुंच गया और बुरी नीयत के चलते महिला को जमीन पर गिरा दिया। दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर शराबा होने पर उधर से गुजर रहे राहगीर मौके पर पहुंच गए। जिससे आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। महिला ने घटना की तहरीर थाने में दी। कार्रवाई न होने पर महिला ने एसपी से गुहार लगाई। इसके बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। महिला ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश के बाद आरोपी देवर दीपक गौतम के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**कार्यक्रम** जनपद में नारी शक्ति वंदन अभिनंदन अभियान के तहत हुए कार्यक्रम

# प्रधानमंत्री कर रहे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर/असमोली

**अमृत विचार:** नारी शक्ति वंदन अभिनंदन अभियान के तहत बुधवार को आंगनबाड़ी और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना से प्रधानमंत्री का एलईडी पर लाइव प्रसारण देखा और सुना। इस दौरान जगह जगह आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए वक्ताओं ने केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में महिलाओं को जानकारी दी।

प्रधानमंत्री के संबोधन से पहले आयोजित नारी शक्ति संवाद में शामिल हुए भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने हयातनगर में कहा कि नारी शक्ति ने जल, थल, नभ में नित नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। बहनें चौका-चूल्हे के साथ-साथ अपने सपनों को भी साकार कर रही हैं। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपना व्यवसाय शुरू कर तरक्की का नया अध्याय लिखा है।

बबराला चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि मातृ शक्ति का आशीर्वाद हमेशा से भाजपा को मिलता रहा है। महिलाएं लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से पीएम बनाने के संकल्प को साकार करेंगी।



असमोली के दुगावर गांव में महिलाओं के साथ ब्लाक प्रमुख संतोष देवी व अन्य।

### ब्लाक प्रमुख ने बताई सरकार की योजनाएं

**असमोली/ओबरी, अमृत विचार:** असमोली ब्लाक के गांव दुगावर में ब्लाक प्रमुख संतोष देवी व सेबडा में जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में महिलाओं को अवगत कराया। संभल में आनंद विहार कालोनी में जिला महामंत्री अर्जुन वाल्मीकि ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए मोदी सरकार सदैव समर्पित है। पीएम आवास योजना में बेटियों को संयुक्त भागीदारी का हक दिया गया है। बेटियां स्कूल न छोड़े इसके लिए सरकार की ओर से करोड़ों शौचालय बनवाए गए हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में मुफ्त एलपीजी कनेक्शन व बेटियों को पीने के लिए हर घर नल से जल देने की योजना दी।



गुन्नौर में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

### राज्यमंत्री ने सुना प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन

**चन्दौसी, अमृत विचार:** बुधवार को नगर के सुभाष रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी शिविर कार्यालय पर शक्ति वंदन अभियान के समापन पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ एलईडी पर प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुना। राज्यमंत्री ने लाभार्थी बहनों से संवाद भी किया। इस अवसर पर ज़िला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, महिला मोर्चा नगराध्यक्ष कुमुद अग्रवाल, शीला सागर, राजश्री अग्रवाल, नीलम अरोड़ा, रक्षा रानी, निशा, बेबी, निगाह शबनम, उषा वार्ष्णेय, मनोज कठेरिया, तरुण नीरज, आदि रहे।

### नारी शक्ति वंदन पर प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन सुना

**कुढ़फतेहगढ़ /चन्दौसी, अमृत विचार:** बुधवार को भाजपा छाबड़ा मंडल अंतर्गत थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ के होली मेला ग्राउंड में भाजपा के शक्ति वंदन अभियान के तहत एलईडी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण देखा व सुना गया। जिसमे प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं को बताया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रहीं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुमित कुमार सिह, राम नरेश यादव, राजेन्द्र सिंह, विजेंद्र सिंह, विवेक मिश्रा उर्फ लकी, कमल वीर, केपी पाल, जेके शर्मा, महेंद्र पाल, आदि शामिल रहे।

# शुरू हुई प्रधानमंत्री आवास घोटाले की जांच, खलबली

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **कई बार शिकायतों के बाद भी प्रक्रिया नहीं बढ़ी आगे**
- **सीडीओ ने जांच अधिकारी को भेजा रिमाइंडर**

**अमृत विचार:** ग्रामीण क्षेत्रों में अपात्रों को जमकर प्रधानमंत्री आवास बांट दिए गए। जांच कराने के लिए शिकायतकर्ताओं को भटकना पड़ा। उनके द्वारा तीसरी बार उच्चाधिकारियों से गुहार लगाने के बाद सीडीओ ने मामले में सज्ञान लेते हुए जांच अधिकारी को जांच पूरी करने के लिए रिमाइंडर भेजा है। साथ ही तीन दिन में जांच पूरी करने के लिए आदेशित किया है। मामला समरेर ब्लॉक क्षेत्र के हथनी भूड़ का है जहां सचिव और ब्लॉक पर बैठे अधिकारियों ने एक दर्जन से अधिक अपात्रों का चयन कर प्रधानमंत्री आवास का लाभ दे दिया है। जिसकी जांच कराने के लिए पात्र भटक रहे हैं। इस कदम के बाद अपात्रों में खलबली मच गई है।

हथिनी भूड़ के ग्राम प्रधान अब्दुल बहाव पर गांव निवासी शकुन्तला देवी पत्नी सुनील कुमार सहित दर्जन भर लोगों ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर उनसे ग्यारह हजार रुपये लिए गए लेकिन दूसरी किस्त अभी नहीं मिली। आवास अभी अधूरा पड़ा है। प्रधान फिर से रुपयों की मांग कर रहे हैं। वहीं शिकायतकर्ता गांव जसवीर पुत्र अमर पाल ने भी प्रधान पर बीस हजार रुपये मांगने का आरोप लगाया। साथ ही इनके साथ साथ गांव निवासी धीरपाल, राकेश, ओमशरण ने प्रधान और सचिव पर दर्जन भर से अधिक अपात्रों प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिए जाने की शिकायत की थी।

## एक नजर

### बुजुर्गों को ऑनलाइन फ्रॉड के प्रति जागरूक किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हेल्पेज इंडिया की टीम ने वरिष्ठ नागरिक हितकारी समिति एवं वरिष्ठजनों के साथ डिजिटल सेफ्टी प्रोग्राम फॉर एल्डर्स का आयोजन किया। शिशु वाटिका इंटर कालेज में हुए कार्यक्रम में लखनऊ से आई हेल्पेज इंडिया की टीम ने बुजुर्गों को बैंकिग करते समय सुरक्षित रहने, ऑनलाइन भुगतान करते समय सावधानी व अपनी डिवाइस मोबाइल, लैपटॉप, टेबलेट को सुरक्षित रखने की जानकारी दी। उन्होंने व्हाट्सएप सुरक्षित रखने के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में विनोद कुमार दुबे, आरके भटनागर, सुरेंद्र पाल सिंह, रश्मि मिश्रा, अभिनव वर्मा, प्रशांत पांडे आदि मौजूद रहे।

### यू-ट्यूबरों से मिलेंगे पीएम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोशल मीडिया से जुड़े लोगों व खासकर यू-ट्यूबरों से मिलेंगे। दिल्ली के प्रगति मैदान में मुलाकात का कार्यक्रम रखा गया है। गुरुवार को मीडिया प्रतिनिधि मंडल से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

# मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक की पिटाई का वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

» सीएमएस ने कहा- मानसिक रूप से विक्षिप्त को बरेली मेंटल अस्पताल किया रेफर

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल परिसर से एक युवक के साथ मारपीट करने और रस्सी से बांधकर ले जाने का वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में कुछ लोग मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक की पिटाई करते नजर आ रहे हैं। रात के समय जिला अस्पताल परिसर में लगभग एक घंटे तक हंगामे की स्थिति बनी रही। इस दौरान अस्पताल के अंदर भर्ती मरीजों और तीमारदारों को काफी समस्या हुई।

वायरल वीडियो में दिख रहा 40 वर्षीय अकरम मानसिक रूप से विक्षिप्त है। जिसे दिमागी दौरे पड़ने के बाद परिजन जिला अस्पताल लेकर आए थे। कुछ देर आराम करने के बाद अकरम ने अस्पताल में हंगामा करना शुरू कर दिया। जहां इमरजेंसी मेडिकल अधिकारी जुनैद खान ने प्राथमिक उपचार देकर बरेली मेंटल हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। हालांकि गलशहीद निवासी बबलू ने बताया कि अकरम मानसिक रूप से काफी बीमार है। उसका उपचार बरेली मेंटल हॉस्पिटल में चल रहा है। तीन दिन पहले ही उसे बरेली से लाया गया था। शाम को अस्पताल लाया गया था। जहां उन्हें दिमागी दौरे पड़ने लगे और उन्होंने जमकर उत्पात मचाया। वहीं जिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि दो मार्च को ईएमओ जुनैद ड्यूटी कर रहे थे। तभी अकरम नाम के मानसिक रूप से विक्षिप्त मरीज को परिजन अस्पताल लेकर आए थे। जिसे प्राथमिक उपचार देकर बरेली मेंटल हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। अस्पताल परिसर में मानसिक रूप से विक्षिप्त मरीज के उत्पात मचाने पर उन्होंने जानकारी होने से इनकार कर दिया है।

## सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित मुख्य बाजार कटरा नाज में हॉर्डवेयर की तीन दुकानों में लगी आग

# शॉर्ट सर्किट से तीन दुकानें जलकर राख, लाखों का सामान खाक



कटरा नाज बाजार में दुकान में लगी आग से उठती लपटें। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार सुबह सात बजे के दौरान कटरा नाज बाजार में आग लग गई। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। इसमें तीन दुकानों में रखा सामान जलकर राख हो गया है। यह दुकान मोहम्मद आसिफ, सऊद और मोहम्मद अनस की थी। दुकानों में हार्डवेयर का करीब 15 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

व्यापारी अनस ने बताया कि उनकी दुकान के पास लोहे का बिजली का खम्भा लगा है। मंगलवार को लाइनमैन इस पोल पर चढ़कर कुछ कार्य कर रहे थे। उन लोगों ने तार को खुला छोड़ दिया था, जिस कारण शार्ट सर्किट हुआ और उनकी दुकानें जलकर राख हो गईं। घटना के दौरान दुकान बंद थी। आग लगने की सूचना मिलते ही व्यापारी अपनी दुकानों पर पहुंचे थे और तुरंत अग्निशमन विभाग के हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर घटना की जानकारी दी थी। मौके पर पहुंची अग्निशमन दल की टीमों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन, तब तक दुकानों में रखा सारा सामान जल चुका था। घटना मुख्य बाजार की होने से मौके पर काफी संख्या में व्यापारियों की भीड़ थी। व्यापारियों में अफरा-तफरी मची थी। उधर, आसिफ व सऊद ने बताया कि उनकी दुकानों में जलने से कुछ भी शेष नहीं बचा है। जिंदगी भर की कमाई और कमाई का जरिया सबकुछ जलकर राख हो गया है।

परिवार का खर्च कैसे चलाएंगे और नए सिरे से व्यापार कैसे खड़ा करेंगे, इसे लेकर पीड़ित व्यापारी काफी परेशान दिख रहे थे। हालांकि बाजार में अन्य व्यापारी इन पीड़ितों को मदद करने का भरोसा दे रहे थे। अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा ने बताया कि घटना किसी जानकारी मिलते ही मौके पर टीम पहुंची थी और समय रहते आग पर काबू पाया गया है। टीम की सक्रियता के कारण ही अन्य दुकानों को आग से जलने से बचाया जा सका है।

### पहले भी लग चुकी है आग

मोहम्मन अनस ने बताया कि उनकी दुकान के पड़ोस में लगे लोहे के बिजली के खंभे पर अक्सर शॉर्ट सर्किट होता रहता था। पहले भी आग लग चुकी है। लेकिन, बिजली विभाग के अधिकारी या लाइनमैन इस मामले में कभी भी गंभीर नहीं दिखे। बिजली के खंभे पर तारों में आपस में होने वाली स्पॉर्किंग को लेकर कई बार बिजली अधिकारियों से व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग भी की गई थी।

# हरिद्वार स्टेट हाईवे पर हादसे में कांवड़िए की मौत, दूसरा घायल

## बदायूं जिले के कोहरा गांव का रहने वाला था मृतक बोना, कांवड़ लेने जाते समय बिजनौर के सहजपुर गांव में हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कांवड़ लेने बाइक से हरिद्वार जा रहे दो चचेरे भाइयों के साथ आधी रात में हादसा हो गया। घटना मंगलवार रात करीब डेढ़-दो बजे की बताई जा रही है। हरिद्वार स्टेट हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। घायल भाइयों के साथ ही गांव से कांवड़ ले जा रहे लोग दोनों को इलाज के लिए मुरादाबाद में जिला अस्पताल लाए थे। इसमें एक को तो डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे घायल को परिवार वाले निजी अस्पताल ले गए हैं। पुलिस हादसे में शामिल वाहन का पता नहीं लगा सकी है।

हादसे में मारे गए बोना (35) पुत्र करूं हैं। वह बदायूं जिले के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव कोहरा के निवासी थे। बोना अपने चचेरे भाई पूरन (32) पुत्र महावीर के साथ बाइक से कांवड़ लेने हरिद्वार जा रहा था। बाइक बोना ही चल रहा था। रास्ते में हरिद्वार स्टेट हाईवे पर बिजनौर जिले के स्योहारा थाना क्षेत्र के सहजपुर गांव के पास किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस हादसे में घायल बोना को इलाज के लिए मुरादाबाद जिला अस्पताल में लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके चचेरे भाई पूरन का इलाज कॉसमॉस में चल रहा है। बताया जा रहा है कि मृतक बोना अपने चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। मृतक की मां बेटे की मौत पर बिलख-बिलख कर रो रही थी।



जिला अस्पताल की मोर्चरी पर मौजूद मृतक बोना के परिजन। ● अमृत विचार

### दुखद

» आधी रात में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, घायल चचेरा भाई निजी अस्पताल में भर्ती

» सूचना मिलने पर मृतक के परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

### एक साल पहले पिता की हो गई थी मौत

बोना के परिजन ने बताया कि मृतक के पिता करुं की मौत भी एक साल पहले हो गई थी। बोना मजदूरी करता था। उसकी शादी हुई थी लेकिन, उसकी पत्नी उसके साथ नहीं रहती थी।

## चलती बाइक से गिरी महिला उपचार के दौरान मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बेटी की ससुराल से दामाद के साथ बाइक से घर लौट रही महिला रास्ते में चक्कर खाकर गिर गई। चोटिल महिला को इलाज के लिए मंगलवार रात में ही जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां बुधवार तड़के उसकी मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि मझोला थाना क्षेत्र के शाहपुर तिगरी निवासी सर्वेश कुमारी पत्नी स्वर्गीय राम सिंह मंगलवार को अपनी बेटी पायल की ससुराल से दामाद कपिल के साथ उसकी बाइक पर अपने घर लौट रही थी। सर्वेश डिलारी थाना क्षेत्र के गांव धारक नगला की रहने वाली थीं। रास्ते में इस्लामनगर मार्ग पर गौहर गांव के पास पहुंचने पर अचानक उन्हें चक्कर आ गया और वह तेज रफ्तार में चल रही बाइक से नीचे गिर गई थी। हादसे में उन्हें सिर व शरीर के अन्य हिस्से में काफी गंभीर चोटें आई थीं। दामाद ने उन्हें रात में ही जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया था, लेकिन उनकी बुधवार सुबह मौत हो गई है। सर्वेश की असमय मौत से उनका परिवार काफी दुखी और परेशान था। बेटी-दामाद सभी रो रहे थे।



मोर्चरी पर मौजूद मृतक सर्वेश कुमारी के परिवार वाले। ● अमृत विचार

### पिता के बाद छिन गया मां का भी साया

मृतका के परिवार में तीन बेटियां और दो बेटे हैं। इसमें दो बेटियों, दीपा व पायल और एक बेटे का विवाह हो चुका है। मां की मौत पर बच्चे बिलख-बिलख कर रो रहे थे। जिला अस्पताल की मोर्चरी के बाहर खड़े मृतका के परिवार के लोग भी घटना से काफी दुखी थे और सर्वेश से पहले उनके पति की मौत के संबंध में भी चर्चा कर रहे थे।

### एक साल पहले हो गई थी पति की मौत

मृतका के परिजन ने बताया कि करीब एक साल पहले सर्वेश के पति राम सिंह की भी मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद घर परिवार की जिम्मेदारी सर्वेश के ही सिर पर थी। लेकिन सर्वेश न हिम्मत नहीं हारी और मेहनत कर बच्चों को की परवरिश पर ध्यान दिया। अब एक बेटी और एक बेटा का विवाह करने को वह रिश्ता खोज रही थीं।

# छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मोहा मन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गांधी नगर पब्लिक स्कूल में बुधवार को छात्र-छात्राओं ने रेनबो टैलेंट शो में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसमें नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के छात्र-छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का आरंभ प्रबंधक रवि कुमार सिंघल, प्रधानाचार्या शशि शर्मा, रेखा अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, सुमन सिंघल और अनीता सिंघल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया। इसमें बच्चों ने देखी है सारी दुनिया, जलवा जलवा... समेत अन्य फिल्मी गीतों पर कक्षाओं के अनुसार रैम्प वॉक कर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल ने सभी तीनों कक्षाओं से मास्टर व मिस का चुनाव करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सुनीता अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, कंचन गोयल, पूजा भटनागर, रूपम अरोड़ा, दीपा डोबरियाल, शम्मी गोयल, पूनम गुप्ता आदि मौजूद रहे।




गांधीनगर पब्लिक स्कूल में फैशन शो के दौरान प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार



**लापरवाही :** बढ़ते हादसों को देखकर सरकार आए दिन यातायात नियमों के लिए नए-नए कानून बना रही है। जिससे हादसों में कमी आ सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कहा था कि मालवाहक सामानों में सवारिया बैठा कर न ले जाएं। अभी हाल ही में कासगंज में ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में पलट जाने के कारण 23 लोगों की मौत हो गई थी। जिसमें 9 बच्चे भी शामिल थे। इसके बावजूद भी लोग सबक नहीं ले रहे हैं। बुधवार की दोपहर दिल्ली रोड पर ट्रैक्टर-ट्राली में कुछ इस तरह सवारियां भरकर ले जाता चालक। ● अमृत विचार

## प्रसव के दौरान नवजात की मौत पर हंगामा

**पाकबड़ा, अमृत विचार:** झोलाछाप द्वारा डिलीवरी करते समय नवजात की मौत हो गई। जिसपर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान झोलाछाप क्लीनिक बंद कर भाग निकला।

थाना क्षेत्र के गांव रतनपुर कला में कीर्ति पति तरुण को बुधवार सुबह गांव के ही आरोग्य सीमा क्लीनिक एवं जच्चा बच्चा केंद्र में भर्ती कराया था। शाम को जैसे ही डिलीवरी हुई तो बच्चा मृत पाया गया। जैसे ही यह सूचना परिजनों को मिली तो वे भड़क गए। उन्होंने अस्पताल में हंगामा कर दिया। हंगामा बढ़ता देख झोलाछाप क्लीनिक छोड़ कर भाग निकला। उसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। 112 एवं थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत कराया। बाद में परिजनों ने झोलाछाप के खिलाफ तहरीर दी।

# निगम की टीम ने हटाया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने बुधवार को कांठ रोड पर अतिक्रमण को हटाया। नाला सफाई में बाधक बने दुकानों के आगे लगे सीमेंट के स्लैब को जेसीबी से तोड़कर हटा दिया। नाले में अटी गंदगी को सफाईकर्मियों से साफ कर जल निकासी सुचारु कराने का निर्देश दिया।

दूसरे दिन भी नगर निगम की टीम ने जेसीबी से अतिक्रमण हटवाया। जिन व्यापारियों और दुकानदारों ने टीम के कार्य में रुकावट बनने की कोशिश की उनको कड़ी कार्रवाई के लिए चेतावनी दी। कर निर्धारण अधिकारी, क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व कर अधीक्षक आदि प्रवर्तन दल के साथ अतिक्रमण हटवाने में जुटे रहे। कांठ रोड पर गुलाब मस्जिद से लेकर हरथला तक नाला निर्माण भी कराया जा रहा है। वहीं सीवरेज पाइप लाइन की खोदाई के चलते कई जगह नाले में पानी रुकने से लोगों की असुविधा को देखते हुए नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने निगम की टीम को अतिक्रमण हटवाकर सफाई व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश दिया था। जिसके क्रम में टीम ने अभियान चलाया। कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि निगम की ओर से सड़क की पटरियों व और नाले पर किए अतिक्रमण को हटवाया गया है। यदि दोबारा कोई अतिक्रमण करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे।




कांठ रोड पर अतिक्रमण ध्वस्त करती नगर निगम की जेसीबी। ● अमृत विचार

## मारपीट मामले में दंपती समेत तीन नामजद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मारपीट मामले में पीड़ित पक्ष ने मझोला थाने में पड़ोसी और उसकी पत्नी समेत तीन के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज करा दी है। पीड़ित नथिया ने पुलिस को बताया है कि वह खुशहालपुर में डॉ. बरुआ वाले मार्ग पर पूनम विहार गली नंबर-पांच में रहती हैं। उनके मकान पर निर्माण कार्य चल रहा था। दीवार ऊंची करने को पड़ोसी की दीवार के सहारे से बांस बांध रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी धर्मेंद्र व उसकी पत्नी गुंजन और इसका छोटा भाई विवाद करने लगे। आरोप है कि गुंजन ने किसी धारदार हथियार से नथिया के सिर पर वार कर दिया। इससे वह घायल हो गई। इस विवाद के दौरान मजदूर भी काम छोड़कर चले गए। पीड़िता ने इस मामले में अपने पड़ोसी धर्मेंद्र, इसकी पत्नी गुंजन और इनके छोटे भाई के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई है।

## आयोजन

### पंचायत भवन में आयोजित हुई दो दिवसीय कार्यशाला, प्रचार वाहन को एडीएम ने दिखाई हरी झंडी

# रोड शो निकालकर मिलेट्स को लेकर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यकम के अंतर्गत जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद स्तरीय रोड शो निकाला गया। कलेक्ट्रेट से शुरू हुआ रोड शो पीलीकोठी होते हुए कंपनी बाग स्थित पंचायत भवन पहुंचा।

बुधवार को निकले रोड शो में मिलेट्स जागरूकता अभियान के प्रचार वाहन को अपर जिलाधिकारी न्यायिक शशि भूषण, एडीएम सिटी ज्योति सिंह व उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रोड शो में सभी विकास खंडों के कृषक उपस्थित रहें तथा कृषि विभाग द्वारा किसानों को मिलेट्स (मोटा अनाज) के संबंध में जागरूक करते हुए कार्यक्रम से सम्बन्धित टीशर्ट एवं कैप का वितरण किया गया। जिसके बाद दोपहर में पंचायत भवन सभागार में दो दिवसीय मिलेट्स कार्यशाला का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव की अध्यक्षता में किया गया। सीडीओ ने कृषि एवं कृषि सहयोगी विभागों द्वारा स्टॉल-प्रदर्शनी में लगे मिलेट्स एवं अन्य स्टॉलों का निरीक्षण कर उत्पादों का अवलोकन किया। वहीं उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने गोष्ठी में सरकार द्वारा संचालित कृषि योजनाओं की जानकारी देते हुए कृषकों को बताया कि श्री अन्न में कैल्शियम, मैग्निशियम्, आयरन, जिंक एवं अन्य मिनरल तथा प्रोटीन अत्यधिक मात्रा में पाये जाने के कारण अत्यन्त पोष्टिक एवं स्वास्थ्यवर्धक होता है। इसको खाने से कुपोषण से मुक्ति मिलती है। श्री अन्न कम खाद एवं नगण्य पेस्टीसाईड तथा कम सिंचाई एवं उबड़ खाबड़ कम उपजाऊ जमीन पर प्रतिकूल परिस्थितियों में भी पैदा किया जा सकता है। जिसमें लागत में कमी आती है तथा इसका मूल्य संवर्धन करके कृषक अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। श्री अन्न में रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है। मुख्य विकास अधिकारी ने कृषकों को श्री अन्न की उपयोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए श्री अन्न उगाने के लिए प्रोत्साहित किया और कृषकों को प्रेरित किया गया कि फसलों के संबंध में कृषि वैज्ञानिकों से वार्ता कर जानकारी प्राप्त की जाए। गोष्ठी में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. हसन तनवीर, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. ललित कुमार, डॉ. विश्वेन्द्र ने कृषकों को मिलेट्स (श्री अन्न) की खेती की उन्नत तकनिकी, उपयोगिता एवं अद्यतन कृषि विधियों की नवीनतम जानकारी दी। गोष्ठी में जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी, सहायक निदेशक मृदा परीक्षण व कल्चर राजकुमार, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी हर्षित कुमार चौहान, मंडी सचिव ज्योति चौधरी, सहायक निदेशक मत्स्य एचसी वर्मा समेत अन्य लोग शामिल रहे।



प्रदर्शनी में लगे स्टॉल पर जानकारी लेते मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव।

# ऑनलाइन खेल में गंवाए 17 लाख

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

» ठगों ने 1.19 करोड़ रुपये ट्रांसफर करने का दिया था लालच

» 27 लाख रुपये में से जालसाजों ने लौटाए सिर्फ 10 लाख रुपये

**अमृत विचार :** ऑनलाइन ब्लैकरॉक स्टॉक्स पुलअप ग्रुप में जीत-हार की बाजी लगाने के चक्कर में संदीप कुमार झाझड़ा ने 17 लाख रुपये गवां दिए। गनीमत रही कि कुल खर्च 27 लाख रुपये में उनके खाते में 10 लाख रुपये जालसाजों ने लौटा दिए। यह रुपये भी उन्होंने ग्राहक के बीच अपना भरोसा पैदा करने और उससे एक बड़ी राशि झटकने के चक्कर में लौटाए थे। इस मामले में संदीप ने साइबर क्राइम थाने में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है।

मझोला थाना क्षेत्र में सी-2/57, मानसरोवर कॉलोनी के निवासी संदीप कुमार ने पुलिस को बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर व्हाट्सएप ग्रुप का लिंक मिला था। इसके जरिए वह ब्लैकरॉक स्टॉक्स पुलअप ग्रुप ई-3 से जुड़ गए थे। ग्रुप के एडमिन ने अपने को ब्लैकरॉक और एंजेलोन का अधिकारी बताया। उनसे कहा कि यह ग्रुप शेयर मॉर्केट में संस्थागत खाता के माध्यम से इन्वेस्ट कराता है। ग्रुप एडमिन ने लिंक के माध्यम से एंजेलोन कस्टमर केयर से गतिविधि संचालित करने की सलाह दी। कस्टमर केयर के प्रतिनिधि ने उन्हें लिंक से एक एप-एंजेलोन डाउनलोड कराया और मोबाइल नंबर व आधार कार्ड के माध्यम से केवाईसी कराई। फिर एप में उनका खाता खुल गया। ग्रुप में प्रतिदिन पुलअप अर्थात वह स्टॉक, जिसमें अपर सर्किट लगता है, वह खरीदते थे। पीड़ित का कहना है कि इस वर्ष में 24 जनवरी से 8 फरवरी तक की अवधि में उनके एक्सिस बैंक के खाते से धोखाधड़ी कर कुल 27 लाख रुपये शेयर खरीदने के नाम पर जमा करा लिए गए। जिनमें से उनके खाते में केवल 10 लाख रुपये क्रेडिट हुए हैं, जबकि शेष बकाया 17 लाख रुपये आज तक वापस नहीं किए हैं। संदीप ने बताया कि 5 फरवरी को उन्हें एप के माध्यम से अल्पेक्स सोलर का आईपीओ आवंटित किया गया, इसका मूल्य 1.19 करोड़ रुपये था। ग्रुप एडमिन यह धनराशि खर्च करने का दबाव बनाने लगा और न खर्च करने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की भी धमकी दी थी। संदीप ने बताया कि गनीमत रही कि उन्होंने आवंटित आईपीओ नहीं खरीदा था। फिलहाल एक्सिस बैंक ने उनके खाते को फ्रीज कर दिया था। साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों का पता लगा रहे हैं।

## एक नजर

### आईटीआई छात्र ने ट्रेन के आगे कूद कर की आत्महत्या

**सीबीगंज, अमृत विचार :** सीबीगंज में आईटीआई छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की वजह पारिवारिक विवाद बताया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीबीगंज की स्लीपर रोड पुरानी स्टेट बैंक गली निवासी स्पर्श श्रीवास्तव (22) बुधवार शाम करीब पांच बजे सीबीगंज रेलवे स्टेशन पर पोल संख्या 1316 पर पहुंचा। इसी दौरान डाउन लाइन पर आ रही मालगाड़ी के आगे कूद गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्पर्श की शादी नहीं हुई थी। उसके तीन भाई हैं। उसके पिता की दो साल पहले मौत हो चुकी है। स्पर्श आईटीआई की पढ़ाई के साथ परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में अप्रेंटिस कर रहा था।

### स्मार्टफोन वितरण की फर्जी सूचना वायरल

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में फर्जी तरीके से प्राइवेट परीक्षा फार्म जमा करने के बाद अब स्मार्टफोन वितरण की फर्जी सूचना वायरल हो गई, हालांकि इस सूचना पर किसी अधिकारी का नाम और हस्ताक्षर नहीं हैं। सूची देखकर छात्र इसके बारे में पता करने लगे। नोडल अधिकारी प्रो. राजेंद्र सिंह ने भी इसे फर्जी बताया है और कहा कि छात्र कॉलेज की वेबसाइट पर जारी सूचना को ही सही मानें। समाजवादी छात्र नेता रवि पंडित ने फर्जी पत्र वायरल होने की शिकायत प्रो. राजेंद्र सिंह से की। फर्जी पत्र में बीए और बीएससी अंतिम वर्ष के छात्रों के स्मार्टफोन 7, 9 और 11 मार्च को वितरण का कार्यक्रम लिखा हुआ था।

### बुजुर्ग की हत्या में दो दोषियों को सात वर्ष का

**बरेली, अमृत विचार :** 11 साल पहले घर में घुसकर भैंसा चुराने आए चोरों का विरोध करने पर बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी देवरनियां निवासी बेचे उर्फ रईस और हनीफ को कोर्ट ने दोषी पाया। अपर सत्र न्यायाधीश पशुपति नाथ मिश्रा ने दोनों को सात वर्ष कारावास और 5-5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। सरकारी वकील आशुतोष दुबे ने बताया कि वादी हृदय नारायण ने थाना देवरनियां में तहरीर देकर बताया था कि 12 मई 2013 की रात में पिता जसपाल मकान के पास में बने घेर में सो रहे थे। वहीं पर जानवर बांधे जाते हैं। अज्ञात चोर नकब लगाकर भैंसे चोरी करने की कोशिश करने लगे। खटपट की आवाज से पिता की आंख खुल गयी। वह जैसे ही बाहर निकले तो चोरों ने गोली मार दी। गोली की आवाज पर उठकर देखा कि दो व्यक्ति दो भैंसे जंगल की ओर ले जा रहे थे। पिता की मौत हो गई थी। पिता के सीने के बगल में गोली लगी थी।

### बनभूलपुरा हिंसा के दो और आरोपी सलाखों के पीछे

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी जारी है। इस मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। जेल जाने वालों की संख्या अब 94 हो चुकी है। बता दें कि बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा के मलिक के बगीचा से हिंसा फैली थी और उपद्रवियों ने बनभूलपुरा थाना फूंक दिया था। इस मामले में मास्टर माइंड बताए जा रहे अब्दुल मलिक और उसके वांटेड बेटे अब्दुल मोईद को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है।

# मौजूदा अधिकारी भी तौकीर को बचाते रहे

## थाना प्रेमनगर में पड़ा रहा गिरफ्तारी वारंट, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई : राजेश अग्रवाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गंभीर आरोपों के दर्जन भर से ज्यादा आपराधिक केस होने के बाद भी मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ कार्रवाई न होने देने का जिम्मेदार कौन है, बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल की ओर से चलाया गया इस सवाल का तीर कई निशानों पर जाकर लगा।

अपनी ही पार्टी सत्ता में होने के बावजूद राजेश ने सीधा आरोप लगाया कि शासन और हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी तौकीर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि सिर्फ तत्कालीन अधिकारी ही नहीं, मौजूदा अधिकारी भी तौकीर को बचाने के लिए जिम्मेदार हैं। मंगलवार को ही कोर्ट ने तौकीर रजा को शहर में हुए 2010 के दंगे का मास्टर माइंड मानते हुए तलब करने का आदेश जारी किया था। इसके बाद बुधवार को वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश अग्रवाल ने अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि तौकीर रजा खां के खिलाफ वर्ष 2000 के पहले तक के मामले लंबित हैं। खुद उन्होंने तौकीर के खिलाफ 12-14 आपराधिक केसों का ब्योरा जुटाया है बड़ा सवाल यह है कि इतने केस होने के बावजूद तौकीर पर कोई कार्रवाई न होने देने के लिए जिम्मेदार कौन है। राजेश अग्रवाल ने कहा कि शहर में हुए दंगों की विभीषिका लोग आज भी नहीं भूले हैं। दंगाइयों के हौसले इतने बुलंद थे कि तत्कालीन डीआईजी तक को घेर लिया गया था। उन्होंने कहा कि थाना प्रेमनगर में तौकीर का गिरफ्तारी वारंट पड़ा रहा लेकिन इसके बावजूद कार्रवाई नहीं की गई।



पत्रकारों से वार्ता करते भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल।

### साईं धाम मंदिर के महंत ने लगाया था भाजपा नेता पर ही संरक्षण देने का आरोप

कुछ ही दिन पहले शहर के साईं धाम मंदिर के महंत सुशील पाठक ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पिछले दिनों शहामतगंज में हुए बवाल के बाद तौकीर रजा खां के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। महंत ने अपने इस पत्र में तौकीर पर शहर में फिर दंगा कराने की कोशिश का आरोप लगाते हुए यह भी कहा था कि एक भाजपा नेता की ओर से ही मौलाना तौकीर को संरक्षण दिया जा रहा है।

### बोले- अफसर सरकार की नहीं सुनते, तभी पैदा होते हैं सुल्ताना जैसे लोग

राजेश अग्रवाल ने नाम लिए बगैर मौलाना तौकीर की तुलना सुल्ताना जैसे लोगों से की। कहा, दुर्भाग्य है कि विश्वप्रसिद्ध कुल का व्यक्ति धर्म की आड़ में समाज को जलाने की बात कहता है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के लिए अपशब्दों के साथ घर आने पर मारने की बात बोलता है। बोले, प्रकृति न्याय करती है। इसके बाद भी उस पर कार्रवाई नहीं की गई तो कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया। इस एक्शन से समाज को ऐसे लोगों से निजात मिलेगी। राजेश ने कहा कि सरकार के निर्देशों का पालन न होने से ही सुल्ताना जैसे लोग पैदा होते हैं। अफसरों को यह कहकर निशाने पर लिया कि ये दो-चार साल ही रहेंगे। जलना तो हमें और आपको है। इसीलिए वह चाहते हैं कि दोषियों को बख्शा न जाए। तौकीर की तरफ इशारा करते हुए कहा कि जब समाज में बुराइयां बढ़ जाती हैं तो भगत सिंह जैसे लोग पैदा होते हैं।

### बीस लाख की रंगदारी नहीं देने पर किया अपहरण, कार लूटी

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी में एक व्यक्ति से दबंगों ने 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी और न देने पर उसका अपहरण कर लिया। आरोपियों ने कार लूट ली और मारपीट भी की। आईजी के निर्देश पर बारादरी पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। व्यक्ति ने चौकी के सिपाही का भी नाम तहरीर में दिया लेकिन पुलिस ने एफआईआर में उसे नामजद नहीं किया। प्रेमनगर के नरकुलागंज निवासी शाजेब उर्फ आशू ने आईजी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने पहचान के एक व्यक्ति को शेरगढ़ रोड बहेड़ी में जमीन दिलाई थी। रिठौरा निवासी जितेंद्र गंगवार, सोनू यादव, केपी यादव, सीबीगंज निवासी विजित शर्मा, सुमित शर्मा, राजेन्द्र नगर निवासी प्रियांशु शर्मा, राज यादव और यशपाल ने कहा कि जमीन बिकवाओगे तो रंगदारी होनी होगी। 23 फरवरी को विजित शर्मा ने फोन करके उन्हें फनसिटी बुलाया। वहां सभी आरोपियों के अलावा कुछ अज्ञात लोग थे। सभी ने तमंचा दिखाते हुए कहा कि जमीन बिकवाई है, उसके 20 लाख रुपये तुम दो या पार्टी से दिलाओ।

### भीमताल के जंगल में बीमारी की हालत में मिले कालिज पक्षी

राकेश सनवाल, भीमताल

**अमृत विचार :** जौंस स्टेट में दो सालों से विलुप्त हुआ कालिज पक्षी का एक जोड़ा दिखाई दिया है पर जोड़े के दोनों ही पक्षी बीमारी की अवस्था में हैं। बटरफ्लाई शोध संस्थान के निदेशक पीटर स्मैटाचैक ने बताया कि उनके शोध संस्थान के सामने मैदान में एक कालिज पक्षी बैठा था जिसका उन्होंने वीडियो और फोटो भी खींचे पर वह उड़ नहीं पा रहा था। काफी समय तक वहीं बैठा रहा। उन्होंने इसको सामान्य सी प्रक्रिया समझी तभी जब वह गेट के आगे गए तो वहां भी अलग से एक कालिज पक्षी बैठा देखा। वह भी नहीं उड़ पा रहा था। उन्होंने उसका भी वीडियो बनाया।

संभवतः हो सकता है कि जंगली मुर्गियों में अवीयन फ्लू बीमारी फैल रही हो। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से जंगलात में जाकर जंगली मुर्गियों में फैली इस बीमारी का पता करने और रोकथाम करने की बात कही है। अंदेशा जताया कि संभवतः जंगल में मुर्गियों में बर्ड फ्लू फैला हो।



नैनीताल जिले के भीमताल में दिखाई दिया कालिज पक्षी। ● अमृत विचार

निदेशक का फोन आया था। वीडियो भी उन्होंने शेयर किया है। क्षेत्र में तैनात कर्मचारियों से पक्षी के मल आदि के सैंपल को एकत्र करने को कह दिया है। सैंपलों को देहरादून वन विभाग की लैब में भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद ही किसी बीमारी की पुष्टि हो सकेगी।
-विजय मिलकानी, वन क्षेत्राधिकारी भवाली भीमताल रेंज

पिछले दो सालों से रिकार्ड नहीं किया गया था यह पक्षी। अब दिखा भी तो बीमार अवस्था में। वन विभाग से इस बीमारी का पता करने का निवेदन किया है। ताकि समय रहते इसका उपचार हो सके। ताकि अन्य पक्षियों में न फैल पाए।
-पीटर स्मैटाचक, निदेशक बटर फ्लाई शोध संस्थान भीमताल

# कांवड़िए जल लाने गंगा घाट रवाना

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए बुधवार को कांवड़िए राजघाट के लिए रवाना हुए। कांवड़ियों ने रवाना होने से पहले घर पर पूजा अर्चना की और बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए गंगाघाट के लिए प्रस्थान किया। जिससे ट्रेनों व निजी बसों में भीड़भाड़ रही। गुरुवार की सुबह 11 बजे से राजघाट से कांवड़ में जल लेकर कांवडिए लौटना शुरू हो जाएंगे। जगह-जगह कांवड़िओं के स्वागत का इंतजाम किया गया है। शिवभक्तों ने घर पर पूजा-अर्चना की और भगवान शंकर के जयकारे लगाते हुए गंगााघाट के लिए रवाना हुए। जिससे ट्रेन व निजी बसों में भीड़भाड़ देखी गई। कांवड़ियों के कुछ जत्थे डीजे लगे वाहनों से भी राजघाट के लिए रवाना हुए। कांवड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए जीआरपी व सिविल पुलिस भी सतर्क बनी रही। गुरुवार की सुबह 11 बजे से राजघाट से कांवड़ लेकर कांवड़िए लौटना शुरू हो जाएंगे। कांवड़ियों के स्वागत के लिए मुरादाबाद-आगरा हाइवे पर कई स्थानों पर जलपान के पंडाल लगाए हैं।

हाइवे पर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस बल भी तैनात रहेगा। यातायात पुलिस द्वारा रूट डायवर्जन का प्लान तैयार कर लिया है। कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से बंद रहेगा। इसके बाद शाम पांच बजे खुर्जा गेट स्थित कांवड़ वाली धर्मशाला से शिव बरात निकाली जाएगी। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।

महाशिवरात्रि को लेकर शिव मंदिरों में भी विशेष तैयारी की जा रही है। शुक्रवार की सुबह पांच बजे से शिव मंदिरों पर जलाभिषेक व पूजा-अर्चना शुरू कर दी जाएगी।



गंगा घाट जा रहे कांवड़ियों को समझाता जीआरपी का जवान। ● अमृत विचार

- ट्रेनों और बसों में रही कांवड़ियों की भीड़, पुलिस रही सतर्क
- कल लौटेंगे कांवड़िए, शाम को निकलेगी शिव बरात

### 18 हजार रुपये को लेकर पत्नी ने की पति की गोली मारकर हत्या

**बरेली, अमृत विचार :** हरूनगला में आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूनम ने मंगलवार रात तमंचे से गोली मारकर अपने पति नरेंद्र कुमार की हत्या कर दी। दोनों के बीच 18 हजार रुपये के लेनदेन पर विवाद हुआ था। पुलिस ने पूनम को तमंचे समेत गिरफ्तार कर लिया है। नरेंद्र के पिता की ओर से पूनम और साजिश रचने के आरोप में उसके बहनोई ओमप्रकाश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। भुता के गांव मिर्जापुर निवासी नरेंद्र के पिता रामकृष्ण के मुताबिक उनका बेटा एक निजी फर्म में एकाउंटेंट था। मंगलवार रात करीब पौने दो बजे उसने उन्हें फोन करके बताया कि पूनम ने उसके 18 हजार रुपये चुरा लिए हैं। उसके पैसे वापस मांगने पर झगड़ा कर रही है। इस पर उन्होंने सुबह आने की बात कहकर उसे सो जाने को कहा। इसी बीच नरेंद्र ने फोन पर उनसे कहा कि पूनम तमंचा ले आई है।

### होटल में दरोगा ने कर्मचारियों के मोबाइल तोड़े

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रंपुरा चौकी का प्रभारी बताते हुए एक दरोगा पर पुलिसिया रौब दिखाने और कमरा नहीं देने पर कर्मचारियों के मोबाइल तोड़ने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि होटल कांग्रेस नेता के भाई का है और होटल स्वामी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार गाबा चौक काशीपुर मार्ग स्थित होटल स्वामी शैलेंद्र कुमार चिलाना कांग्रेस नेता के भाई है और उनका गाबा चौक पर चिलाना टावर नाम से होटल है। होटल स्वामी शैलेंद्र का कहना है कि पांच मार्च की रात साढ़े ग्यारह बजे विकास नाम का एक व्यक्ति आया, जो खुद को रंपुरा चौकी पुलिस का प्रभारी बता रहा था। आरोप था कि दरोगा ने होटल में एक कमरा खुलवाने की बात कही। जब होटल स्टाफ ने शादी के लिए पूरा होटल बुक होने की बात कही। जिसे सुनकर दरोगा का पारा चढ़ गया और पुलिसिया रौब दिखाते हुए कर्मचारियों का मोबाइल छीनकर जमीन पर पटक दिया और जमकर हंगामा काटा। जिससे होटल में रहने वाले लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा और दरोगा धमकी देते हुए एंट्री रजिस्टर लेकर साथ चला गया। बताया कि पूरा घटनाक्रम होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो चुका है।


## नाम-परिवर्तन

पहले मेरा नाम SHAHNAZ CHOUDHARY था अब मैंने बदल कर SHAHNAZ NAIEM पुत्री Tahir Hussain B-32 Police Colony New Friends Colony South Delhi, रख लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए।

## नाम परिवर्तन

पहले मेरा नाम MOHAMMAD ANWAR था, अब बदल कर MOHAMMAD ANWAR SADAQAT ULLA SALMANI S/O SADAQAT ULLA R/O MOHALLA 325 K BEGUM SARAI KALAN AMROHA, DISTT AMROHA रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

## नाम परिवर्तन

मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड व पैन कार्ड में प्रवेश नाम दर्ज है। मेरी पुत्री को प्राची एवं प्रवेश दोनों ही नाम से जाना जाता है। जिसकी एल० आई० सी० पॉलेसी न० 209342799 में प्राची नाम दर्ज है। मेरी पुत्री को प्रवेश नाम से ही जाना और पहचाना जाये।
राजेन्द्र सिंह निवासी- ग्राम विकनी थाना अमरोहा देहात तह०अमरोहा, जि० अमरोहा।

## नाम परिवर्तन

मेरा नाम एल० आई० सी० की पॉलिसी सं० 258739300 में सन्तरेश अंकित है। आधार कार्ड, पैन कार्ड में शकुन्तला नाम दर्ज है। मुझे दोनो नाम से जाना जाता है। बीमा पॉलिसी में भी मुझे, आधार कार्ड, पैन कार्ड के अनुसार शकुन्तला पत्नी हरपाल के नाम से जाना व पहचाना जाये। शकुन्तला पत्नी हरपाल निवासी, ग्राम महमूद पुर माफी, तह. व थाना कांठ जिला मुरादाबाद (उ0प्र0)



Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.

RiSAA IVF

दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में



अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !

परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक

हेल्पलाइन नं० 6398018900

उपलब्ध सुविधायें :-
- निःसन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
- इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
- उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब

स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11



# कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर)

पत्रांक सं0:- 896 / न०पा०मि०/2023-24 दिनांक:- 06/03/2024

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मिलक को राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माणं कार्य कराने हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

01 कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है-

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | विड सिक्योरिटी (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य GST सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01 | वार्ड 02 में श्री मुनीश कुमार फौजी के घर से श्री विशम्वर प्रधान जी के घर तक इ0ला0 व नाली निर्माण कार्य। | 8,09,864.00 | 17000 | 1003 | 03 माह |
| 02 | वार्ड 03 में विभिन्न स्थानों पर नाली व रोड व आर0सी0सी0 स्लैब कवर की मरम्मत का कार्य। | 3,59,570.00 | 8000 | 472 | 03 माह |
| 03 | वार्ड 04 में रेशम प्यारी स्कूल से श्री अनिल गंगवार के घर के सामने से होते हुए श्री सुधीर गंगवार के घर तक इ0ला0 व नाली निर्माण कार्य। | 8,55,482.00 | 17110 | 1010 | 03 माह |
| 04 | वार्ड 13 में विभिन्न स्थानों पर नाली व रोड व आर0सी0सी0 स्लैब कवर की मरम्मत का कार्य। | 1,90,270.00 | 4000 | 236 | 03 माह |
| 05 | वार्ड 14 में श्री शब्बू के घर से श्री अनीश के घर तक इ0ला0 व नाली निर्माण का कार्य। | 61,692.00 | 1300 | 118 | 03 माह |
| 06 | वार्ड 14 में श्री रामपाल के घर से श्री रमेश सक्सेना के घर तक इ0ला0 व नाली निर्माण का कार्य। | 2,17,027.00 | 4400 | 354 | 03 माह |
| 07 | वार्ड 15 में श्री मुशी लाल के घर से श्री राजू गुप्ता के घर तक इ0ला0 व नाली निर्माण कार्य। | 4,12,518.00 | 8500 | 531 | 03 माह |
| 08 | वार्ड 15 में श्री आत्मजीत के घर से मन्दिर तक नाली पर जाल निर्माण कार्य। | 97,512.00 | 2000 | 118 | 03 माह |
| 09 | वार्ड 21 में श्री जुनेद के घर से श्री जकीउल्ला के घर तक इ0ला0 व नाली निर्माण कार्य। | 2,10,611.00 | 4500 | 354 | 03 माह |
| 10 | वार्ड 22 में श्री प्रशांत के घर से वीरपाल के घर तक इ0ला0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 7,64,997.00 | 15500 | 944 | 03 माह |
| 11 | वार्ड 22 में श्री वीरेन्द्र के घर से श्री कृष्णपाल के घर तक खडन्जा व नाली निर्माण कार्य। | 3,21,227.00 | 6500 | 472 | 03 माह |
| 12 | वार्ड 22 में मन्दिर से श्री मदनलाल मास्टर साहब के घर तक खडन्जा व नाली निर्माण कार्य। | 6,60,265.00 | 14000 | 826 | 03 माह |
| 13 | वार्ड 23 में डा0 अबरार हुसैन के घर से श्री शरीफ भाई के घर तक इ0ला0 व नाली निर्माण कार्य। | 62,161.00 | 1400 | 118 | 03 माह |
| 14 | वार्ड 24 में श्री छोटेनाथ के घर से पटवाई रोड पर ट्रांसफार्मर तक इ0ला0 व नाली निर्माण कार्य। | 9,28,341.00 | 20000 | 1180 | 03 माह |
| 15 | वार्ड 24 में श्री ताराचन्द के घर से श्री मोहन लाल के घर तक इ0ला0 व नाली निर्माण कार्य। | 8,70,725.00 | 18000 | 1062 | 03 माह |
| 16 | नगर पालिका परिषद मिलक के जलकल परिसर में बने आवास में 2 कक्ष व बरामदा निर्माण कार्य। | 9,77,560.00 | 20000 | 1180 | 03 माह |
| 17 | कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक के परिसर में बने बरामदे में पार्टीशन व शटर लगाकर कमरों का निर्माण कार्य। | 2,00,409.00 | 4000 | 250 | 03 माह |
| 18 | पम्प नं0 03 के परिसर में शौचालय निर्माण, पुताई, दीवार व अन्य कार्य। | 6,35,193.00 | 12710 | 750 | 03 माह |

02 निविदा सूचना में अंकित बिड डक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः- 07.03.2024 को प्रातः 11:00 बजे से।
03 निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समयः- 13.03.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक।
04 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः- 13.03.2024 को अपरान्ह 02:00 वजे।
05 निविदा आमन्त्रणकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा।
06 बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता व जमा करने की विधि- निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद मिलक कार्यालय से दिनांक 07.03.2024 को प्रातः 11:00 बजे से 13.03.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक कॉलम 05 (गैर वापसी योग्य) में दर्शाये गये निर्धारित शुल्क जमा कर कय किये जा सकते है।
07 बिड सिक्यूरिटी (ई0एम0डी0)- कालम-4 के अनुसार निर्दिष्ट राशि बिड सिक्योरटी के रूप में नकद/डिमाण्ड ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/नेफ्ट के रूप में जमा की जायेगी जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मिलक के नाम वंधक होना चाहिए। बिड सिक्योरटी के रूप में राशि जमा न होने की दशा में टेण्डर की प्रकिया आगे नहीं बढ़ेगी।
08 मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना- निविदादाता को निविदा जमा करने के उपरान्त आने वाली बिड आई0डी0 के साथ निम्नलिखित दस्तावेज कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
(क) निविदादाता द्वारा साफ साफ भरा हुआ व हस्ताक्षर किया हुआ शपथ पत्र । प्रारूप संलग्न है।
(ख) यूपी सरकार के आदेश सं0-01/2018/3070/78-2-2018/42IT/2017(22)/03.01.2018 के अनुसार मूल दस्तावेजों को पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं कार्यालय में निविदा खोलने की तिथि से 01 दिन पूर्व जमा करना होगा। निविदा में प्रयुक्त डाक्यूमेन्ट को मूल प्रपत्रों से मिलान किया जायेगा भिन्नता पाये जाने पर इसे निविदा दाता द्वारा गलत विवरण प्रस्तुत करना माना जायेगा। ऐसे निविदा दाता को 01 वर्ष तक निविदा में भाग न लेने के लिए उत्तरदायी माना जायेगा। सभी डाक्यूमेन्ट कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक जनपद रामपुर में जमा करना होगा।
09 अन्य शर्ते किसी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

(राजेन्द्र प्रसाद)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर)

(दीक्षा गंगवार)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर)

### प्रधानमंत्री ने कोलकाता से वर्चुअली दिखाई हरी झंडी, योगी ने बच्चों के साथ किया सफर

# आगरा मेट्रो की शुरूआत, बना अनोखा रिकार्ड

राज्य ब्यूरो, आगरा/लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुधवार को कोलकाता से आगरा मेट्रो ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाते ही एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज हो गया। यह देश की पहली मेट्रो बन गई है, जो तय समय से नौ महीने पहले ही ट्रैक पर दौड़ने लगी। मेट्रो ट्रेन में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एक के चुने गए 32 बच्चों संग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सफर किया। गुरुवार 7 मार्च से पहले चरण के छह स्टेशनों के बीच आम जनता के लिए यात्री सेवा आरंभ हो जाएगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिवाजी महाराज के गौरव से जुड़े आगरा शहर को होली से पहले मेट्रो ट्रेन की सौगात मिली है। आधुनिक सुविधाओं का केंद्र यह शहर बने इसके लिए मेट्रो आवश्यक थी। पीएम का आभार जताते हुए कहा कि मेट्रो के साथ आगरा में अन्य सुविधाएं जैसे आगरा के पास अपना एयरपोर्ट हो, उसके सिविल टर्मिनल का कार्य भी तेजी के साथ आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। यहां पर जायका प्रोजेक्ट के अंतर्गत गंगाजल की उपलब्धता पेयजल के लिए उपलब्ध हो। आईटी सेक्टर के रूप में भी इस सिटी को डेवलप करने के लिए तेजी के साथ उन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का कार्य भी सरकार प्राथमिकता के आधार पर कर रही है।


जनप्रतिनिधियों के साथ मेट्रो में सफर करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

● **शिवाजी महाराज के गौरव से जुड़े शहर को होली से पहले मेट्रो ट्रेन की मिली सौगात- योगी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दिखाने के बाद ताजमहल स्टेशन से ताज पूर्वी स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन में सफर किया। उनके साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। उन्होंने विजिटर बुक में अपने अनुभव सांझा करते हुए लिखा कि आगरा मेट्रो का प्रधानमंत्री ने वर्चुअली शुभारंभ किया। प्रोजेक्ट की क्वालिटी के साथ ही समयबद्धता महत्व रखती है। आगरा मेट्रो ने इस मानक को बनाये रखा है।इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल,प्रदेश सरकार के मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, बेबी रानी मौर्य, धर्मवीर प्रजापति, सांसद राजकुमार चाहर, राज्यसभा सदस्य नवीन जैन सहित कई जनप्रतिनिधि और उप्र मेट्रो रेल कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## दारुल उलूम जा रहे यति नरसिंहानंद को हिरासत में लिया

**मेरठ, एजेंसी :** परतापुर थाना पुलिस ने महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी को बुधवार को हिरासत में लिया है। महामंडलेश्वर सहारनपुर के देवबंद में दारुल उलूम के मौलाना से चर्चा करने के लिए जा रहे थे। महामंडलेश्वर ने बताया कि गजवा-ए- हिंद को लेकर दारुल उलूम के मौलाना से चर्चा करनी थी। इसी मुद्दे को लेकर वो देवबंद जा रहे थे। उन्होंने बताया कि मेरी लड़ाई गजवा-ए-हिंद पर है। मैं मौलानाओं से गजवा-ए-हिंद के बारे में पूछना चाहता हूं। जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने कहा कि मौलानाओं ने जो इस्लामिक दृष्टि से गजवा-ए-हिंद को सही बताया है वो हमें भी इसका मतलब समझा दें, ताकि हम हिंदू भी इसे समझ जाएं।

# पहले सैफई-इटावा के नाम से डरते थे लोग: मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि पहले लोग इटावा व सैफई के नाम से डरते थे लेकिन अब परिस्थितियां बदल गई हैं। प्रधानमंत्री मोदी के विजन, सबका साथ सबका विकास के बाद अब यूपी में तेरा-मेरा नहीं चलता है। यूपी सरकार भी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में लगी है। सैफई में आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय बड़ी उपलिब्ध है।

ग्रामीण क्षेत्र में विश्वविद्यालय की स्थापना करने के लिए वह सपा संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव को आभार और श्रद्धांजलि देते हैं। मुख्यमंत्री सैफई विवि में 490 करोड़ की लागत से बने 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल का लोकार्पण करने के बाद विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने 14 गैर शैक्षणिक स्टाफ को नियुक्ति पत्र दिए। इस दौरान उनके साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौजूद थे।

**मुख्यमंत्री ने सुनाया 28 वर्ष पुराना किस्सा**

मुख्यमंत्री ने इटावा, सैफई के नाम से लोगों में व्याप्त दहशत को एक किस्से के रूप में सुनाया। बताया कि वह तीन संतों के साथ 1996 में जयपुर से कानपुर जा रहे थे। आगरा पहुंचने में रात हो गई थी। तब उनको पुलिस ने रोक लिया और आगे न जाने की सलाह दी। पूछने पर बताया कि आगे जाओगे तो कुछ भी घटना हो सकती है।

## चोरी करने आए युवकों की कार पलटी, एक की मौत

**सहारनपुर, एजेंसी :** जिले के रामपुर मनिहारान में बीती रात चोरों ने एक जिम का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया।लोगों के शोर मचाने पर चोर भाग खड़े हुए। बताया जा रहा है कि चोर कार में सवार होकर चोरी करने आए थे। भागते समय उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई. जिसमें एक चोर की मौत हो गई. जबकि दो घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना मंगलवार देर रात की है। कस्बे के मोहल्ला महल निवासी शौकीन का इस्लामनगर रोड पर आर्नोल्ड नाम से एक जिम है. जिम के पीछे ही शौकीन का मकान है। बीती रात करीब तीन बजे शौकीन टॉयलेट जाने के लिए उठा तो जिम की लाइट जली हुई थी। शक होने पर शौकिन ने शोर मचाया तो आसपास के लोग बाहर निकल आए। लोगों को आता देख चोर भाग खड़े हुए। बाद में गश्त कर रही पुलिस उधर से गुजरी तो लोगों ने पुलिस को चोरों के इस्लामनगर रोड की ओर भागने की सूचना दी। कॉम्बिग के दौरान पुलिस को एक ट्रैक्टर ट्रॉली चालक ने कार के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर दी।

# प्रदेश में 61 हजार से अधिक विद्यार्थी बने कौशल में प्रवीण

### कौशल विकास मिशन के प्रोजेक्ट प्रवीण का दिखा असर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** छात्र- छात्राओं को पढ़ाई के दौरान ही कौशल विकास से जोड़ने के लिए राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रोजेक्ट प्रवीण का असर दिखने लगा है। कक्षी 9वीं से 12वीं तक के 61 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों निःशुल्क स्किल ट्रेनिंग और नए जमाने के कोर्स के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए तैयार किया गया है।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रोजेक्ट प्रवीण'' माध्यमिक शिक्षा और उप्र कौशल विकास मिशन के बीच हुए एक एमओयू के तहत संचालित किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य राज्य के एजुकेशन सिस्टम और करिकुलम को नया रूप देना है। प्रोजेक्ट प्रवीण की शुरुआत वर्ष 2022-23 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है। इस दौरान प्रदेश के 150 राजकीय माध्यमिक बालक एवं बालिका विद्यालयों में 20,582 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भी इस योजना से जोड़े गए हैं, जिनमें 3,450 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसी तरह, वर्ष 2023-24 में प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत कुल 315 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को शामिल किया गया है। इन संस्थानों के जरिए अब तक 61,400 विद्यार्थियों को उनकी रुचि के अनुसार चुने हुए ट्रेड्स में जैसे आईटी सेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटीशियन, हेल्थकेयर, अपैरल, अकाउंटिंग आदि में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया।



**माध्यमिक स्कूल का विद्यार्थी होना अनिवार्य**

प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत ट्रेनिंग करने वाले विद्यार्थियों को प्राइवेट ट्रेनिंग सेंटर द्वारा स्कूल में ही ट्रेनिंग दी जाती है। अगर किसी कारणवश स्टूडेंट्स 10वीं या 12वीं के बाद अपनी पढ़ाई को बीच में छोड़ते हैं तो वह प्रोजेक्ट प्रवीण के प्रशिक्षण से जुड़े सर्टिफिकेट के द्वारा नौकरी या रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से आवेदन करने वालों को सरकारी माध्यमिक स्कूल का विद्यार्थी होना अनिवार्य है। साथ ही छात्र का 10वीं एवं 12वीं कक्षा में अध्यनरत होना आवश्यक है, तभी योजना के अंतर्गत पात्र हो सकते हैं।

## क्वांटम ग्रुप के चेयरमैन के ठिकानों पर आयकर छापा

**लखनऊ, अमृत विचार :** आयकर विभाग के अधिकारियों ने बस्ती के क्वांटम ग्रुप के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव के ठिकानों छापेमारी की है। लखनऊ और गोरखपुर की टीम ने मंगलवार की सुबह बैरीहवा मोहल्ले में उनके आवास पर छापा मारा। यह कार्रवाई बुधवार तक चलती रही। राकेश पर आरोप है कि, कंपनी के लेनदेन में टैक्स की चोरी की है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, क्वांटम ग्रुप के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव के संबध को कानपुर के तंबाकू व्यापारी केके मिश्रा से जोड़कर देखा जा रहा है। हाल ही में कानपुर के तंबाकू व्यापारी केके मिश्रा के आवास पर आयकर की रेड पड़ी थी। बस्ती के रहने वाले राकेश श्रीवास्तव ना सिर्फ व्यवसाई हैं, बल्कि राजनीतिक रसूख के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने बस्ती नगर पालिका का चुनाव भी लड़ा है। इन दिनों चर्चा रही कि वह बसपा से लोकसभा चुनाव भी लड़ सकते हैं। राकेश क्वांटम ग्रुप ऑफ कंपनीज के अध्यक्ष हैं, जिसका दफ्तर लखनऊ, नोएडा सहित कई जिलों में है।

# झगड़े के बाद मां ने तीन बच्चों के साथ खाया जहर, मौत

संवाददाता, सीतापुर

● **सीतापुर के मानपुर थाना इलाके का मामला, पति हिरासत में**

**अमृत विचार :** मानपुर थाना इलाके में एक मां ने अपने तीन बच्चों के साथ खेतों में जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी ने पति से झगड़े के बाद यह कदम उठाया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मां और तीन बच्चों ने दम तोड़ दिया। पति पुलिस की हिरासत में है।

क्षेत्र के ग्राम अहमदपुर निवासिनी राजकुमारी (35) पत्नी सजीवन ने आज सुबह खेतों में जाकर अपने तीन बच्चों संध्या (8) वर्ष, नेहा (5) वर्ष और बेटे सुमित (3) वर्ष के साथ खेतों में जाकर जहर खा लिया। स्थानीय ग्रामीणों ने खेतों में चारों को बेहोश देखकर मामले की जानकारी पुलिस और महिला के पति को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान मां सहित तीनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। महिला के पति का कहना है कि कल रात शादी से आने के बाद घर में पति-पत्नी के झगड़ा हुआ था लेकिन सब कुछ शांत हो गया। सुबह पत्नी ने बच्चों के साथ खेतों में जहर खा लिया, यह हमने नहीं सोचा था। पुलिस ने चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी पति को हिरासत में ले लिया हैं। प्रभारी निरीक्षक दिलीप चौबे का कहना है कि आपसी विवाद के चलते महिला ने यह कदम उठाया है। पति को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सांसद आदर्श ग्राम के लौटाएंगे ब्याज समेत रुपये

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत गांवों का चयन तो हर वर्ष हुआ लेकिन, जिलों पर गतिविधियों के लिए दी गई प्रशासनिक मद खर्च नहीं की गई। जो ग्रामीण विकास मंत्रालय ने ब्याज समेत वापस मांगी है। प्रशासनिक मद में चयनित ग्राम को 50 हजार रुपये मिलते हैं। जो आदर्श ग्राम बनाने जैसे कार्यक्रम, बैठक आदि पर खर्च किए जाते हैं। लेकिन, कई जिलों में यह कवायद नहीं हुई। इसलिए यह धनराशि हरहाल में केंद्र को वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले वापस करना पड़ेगा। केंद्र ने वर्ष 2020 से 23 तक कुल 1.38 करोड़ रुपये दिए हैं। वहीं, जिन जिलों में धनराशि खर्च की उसका हिसाब नहीं दिया है। इसका भी उपभोग प्रमाण पत्र मांगा है।

# प्रियंका रायबरेली और राहुल अमेठी से लड़ सकते हैं चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस की उत्तर प्रदेश में दो महत्वपूर्ण सीटों अमेठी और रायबरेली पर गांधी परिवार के ही चुनावी मैदान में उतरने का फैसला संभव है। सूत्रों के मुताबिक, प्रियंका गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ेंगी जबकि राहुल गांधी अपनी पुरानी सीट अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि इसका आधिकारिक फैसला गुरुवार को होने वाली कांग्रेस की चुनाव समिति की बैठक में होगा।

दरअसल, दोनों महत्वपूर्ण सीटों पर गांधी परिवार से चुनाव लड़ने को लेकर उप्र. में कांग्रेस के कार्यकर्ता निरंतर मांग कर रहे हैं। पार्टी से जुड़े नेता मानते हैं कि अगर राहुल और प्रियंका अमेठी और रायबरेली से लड़ते हैं, तो इसका राजनीतिक फायदा पार्टी को अन्य सीटों पर भी होगा। माना जा रहा है कि, सोनिया गांधी के चुनाव न लड़ने से खाली हुई रायबरेली की सीट पर प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की बात तय हुई है। सूत्रों के मुताबिक सोनिया गांधी ने रायबरेली के लोगों को जो चिट्ठी लिखी थी, उसमें इशारों में जिसका जिक्र किया था, वो प्रियंका गांधी ही थीं।




● **आधिकारिक फैसला गुरुवार को होने वाली कांग्रेस की चुनाव समिति की बैठक में होगा**

कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के साथ प्रियंका गांधी की हुई व्यक्तिगत बैठकों में उनको रायबरेली से प्रत्याशी बनाने की बात कही जा चुकी है। हालांकि आधिकारिक तौर पर अभी इसका कोई एलान नहीं किया गया है। रायबरेली ही नहीं बल्कि पिछले चुनाव में हारी हुई अमेठी सीट पर भी गांधी परिवार से चुनाव लड़ने की योजना है।

# 52 जिलों के किसानों को जारी हुए 83 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने पिछले दो वर्षों में प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त फसलों के नुकसान के मुआवजे से छूटे किसानों को बड़ी राहत दी है। ऐसे 52 जिलों के किसानों को 83 करोड़ से ज्यादा की मुआवजा राशि जारी की गई है। ये वो किसान हैं जो तकनीकी कारणों से मुआवजा प्राप्त करने से चूक गए थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे किसानों को तत्काल मुआवजा प्रदान करने के निर्देश दिए थे, जिस पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की गई। बाढ़, ओलावृष्टि, अत्यधिक वर्षा के कारण 33 फीसदी से अधिक फसल की क्षति पर राज्य सरकार, भारत सरकार की गाइडलाइंस के आधार पर किसानों को क्षतिपूर्ति प्रदान करती है। ऑनलाइन प्रक्रिया के दौरान कुछ जिलों में किसानों का डाटा फेल होने के कारण कई किसान लाभ से वंचित रह गए थे। इन्हें अब मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू हुई है। राजस्व व राहत विभाग के प्रमुख सचिव पी गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मुआवजे से छूटे किसानों को सहायता धनराशि देने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में दोबारा सर्वे कराया गया। सर्वे के आधार पर वित्तीय वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे से छूटे किसानों को अब तक कुल 83,13,46,875 रुपये जारी किए गए हैं।

**ओलावृष्टि प्रभावित छह जिलों को 38 करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि जारी**

राहत विभाग ने इस साल जनवरी और फरवरी के दौरान ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों के लिए 6 जिलों के किसानों हेतु 38 करोड़ से ज्यादा की मुआवजा राशि बुधवार को जी कर दी है। इन 6 जिलों में हमीरपुर, सहारनपुर, कानपुर देहात, बांदा, चंदौली और प्रयागराज शामिल हैं। राहत आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि एग्रीकल्चर, हार्टिकल्चर और रेवेन्यू की एक टीम बनाकर पुन: सर्वे कराया जाए, ताकि कहीं कोई कमी न रह जाए।

● **तकनीकी कारणों से दो साल से छूट गए किसानों को मुआवजा**

**जिला स्तर पर दो साल से बरती गई लापरवाही :** राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित बड़ी तादाद में किसानों के डाटा फीडिंग के दौरान आधार, खाता संख्या में गलती और डुप्लीकेसी के कारण मुआवजे का भुगतान नहीं हो पाता है। ऐसे में दोबारा सत्यापन कराया जाता है, लेकिन जिलास्तर पर पिछले दो वर्षों में इसमें लापरवाही की गई, जिससे किसानों को मुआवजा जारी नहीं किया जा सका। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर दोबारा सर्वे कराकर मुआवजे से वंचित किसानों को धनराशि हस्तातंरित की जा रही है।

## वर्ग पहेली-2

**बाएं से दाएं**

1.1. बादशाह, महाराज, राजा 2. पाकिस्तान सीमा से सटे क्षेत्र तथा पंजाब के मुसलमानों की एक सम्मानजनक उपाधि, मुसलमानों की एक जाति 3. पंजाब में रहने वाले हिंदुओं की एक जाति 4. एक कुलनाम या सरनेम।

2.1. उजाड़ने वाला 2. बर्बाद करने वाला।

4.1. बचाव 2. बख़्तर 3. ढाल 4. रथ का घेरा 5. समूह 6. फ़ौज, सेना।

5.1. कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाने वाला दीपों का त्योहार, दीवाली 2. दीपों की पंक्ति, श्रेणी।

6. मुख, मुंह, मुखड़ा, चेहरा, सूरत, शक्ल।

8. बल्ला, क्रिकेट का बल्ला।

9. सितार की तरह का एक प्रकार का वाद्ययंत्र।

**ऊपर से नीचे**

1.1. छोटा मठ 2. एक प्रकार की चूड़ी।

2. किसी काम को जल्द करने की हड़बड़ी, बेचैनी, अधीरता, जल्दबाज़ी।

3.1. कुआं, कूप 2. पशुओं के जल पीने के लिए कुएं के समीप निर्मित हौज 3. जल एकत्र करने के निमित्त निर्मित गड्ढा 4. दूध दुहने का बरतन 5. आश्रय स्थल 6. इस प्रकार पीना कि कुछ शेष न रहे, नि:शेष (अशेष)।

5.1. जिसे धर्म पर विश्वास हो, धार्मिक, धर्माचारी 2. जिसमें विनम्रता हो 3. नमाज़गुज़ार।

7.1. दो वस्तुओं का आपस में मिलना, पास आना 2. चिपकना, छूना 3. साथ होना 4. जुड़ना, भिड़ना 5. मारपीट होना।




**वर्ग पहेली - 1 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | प | री | ■ | 2 झु | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 वि | रा | ग | ■ |
| ■ | 4 तु | न | क | ना | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ल | ■ | ■ | 5 अ |
| ■ | 6 ह | रि | ता | 7 भ | ■ | व |
| ■ | रा | ■ | ■ | रै | ■ | ले |
| 8 सा | ठा | ■ | 9 मा | या | मो | ह |

## सुडोकू -81

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | 4 | | 5 |
| | | 8 | | 7 | | | 6 | |
| | 1 | | 2 | | | 3 | | |
| 3 | 9 | | 1 | | | 6 | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | 6 | | | 5 | | 2 | |
| | 8 | | | | 4 | | 5 | |
| | 5 | | | 6 | | 7 | | |
| 7 | | 9 | | | 3 | | | |

**सुडोकू - 80 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 1 | 8 | 9 | 6 | 4 |
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 7 |
| 3 | 1 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 6 | 8 | 1 | 7 | 4 | 3 | 9 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 01.19 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 13.03 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** – आज व्यवसाय में उन्नति काफी अच्छी रहेगी। काफी मजबूती के साथ निर्णय लेंगे। वैवाहिक जीवन मे परेशानियां बढ़ सकती है। गूढ़ विषयों के अध्ययन के प्रति रुचि जागृत होगी। धन से जुड़ी समस्याओं का निवारण होगा।

**वृष** – आज अविवाहित लोगों के विवाह की चर्चा हो सकती है। भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा। किसी मित्र के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। पिता की सलाह से लाभ मिल सकता है। दूसरों के सामने अपने मन की बातें शेयर न करें।

**मिथुन** – आज आप अपनी कार्यशैली से संतुष्ट नहीं रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का व्यवहार भी थोड़ा अपमानजनक हो सकता है। आज लोग आपके विरुद्ध कड़वी बात बोल सकते हैं। अनैतिक माध्यम से धन अर्जित करने से बचें।

**कर्क** – आज व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर बेहद सन्जीदा रहेंगे। अपने कार्यों को लेकर काफी आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पुराने गिले-शिकवे भूलने की कोशिश करेंगे। नया काम करने में आपको लाभ होगा।

**सिंह** – आज आपका मनोबल मजबूत रहेगा। धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। घर का माहौल थोड़ा अशान्त हो सकता है। भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ेगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान ढूंढने का प्रयास करेंगे। जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं।

**कन्या** – आज प्रिय मित्रों से फोन पर बात होगी। बौद्धिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। आर्थिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन की समस्याओं का निदान होगा। प्रेम सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। संतान की उन्नति से उत्साहित रहेंगे।

**तुला** – आज परिवार के लोगों का खास ख्याल करना पड़ेगा। कफ संबंधी परेशानियों के कारण स्वास्थ्य कमजोर होगा। मौसम में बदलाव के कारण शरीर में थकान की अनुभूति होगी। गुस्से पर नियंत्रण रखें। सम्पत्ति से जुड़े मामलों में जल्दबाजी करने से बचें।

**वृश्चिक** – आज धर्म-कर्म में अच्छी ख़ासी रुचि लेंगे। लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। आत्मविश्वास और पराक्रम मे वृद्धि होगी। जॉब मे आपका सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहने वाला है। सोशल मीडिया में आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

**धनु** – आज आप किसी से वायदा करने से बचें। नौकरी पेशा लोगों को अपमानजनक स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। महिलाओं से अच्छी तरह से बात करें। धन के कारण परिवार में कलह हो सकती है। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**मकर** – आज आर्थिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों के वेतन में बढ़ोत्तरी होगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहने वाली है। इसके बावजूद आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। मनोरञ्जन के कार्यों में रुचि लेंगे। जीवनसाथी का व्यवहार काफी अच्छा रहेगा।

**कुंभ** – आज वैवाहिक संबंधों में परस्पर विश्वास की कमी रहेगी। अनजाने में की हुई पुरानी गलती भारी पड़ सकती है। अनुभवी लोगों से सलाह लेकर कोई फैसले लें। कार्यक्षेत्र में आपको अचानक निर्णय लेने से बचना चाहिए। उधार धन के लेन-देन में सावधानी रखें।

**मीन** – आज सरकारी कार्यों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। भोग-विलास में वृद्धि होगी। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। आध्यात्मिक गतिविधियों जैसे योग और ध्यान आदि में रुचि लेंगे। धैर्य और मेहनत दोनों का अच्छा संयोजन रहेगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
कर्मा – सुबह : 09.00
रूप की रानी चोरों का राजा – शाम : 06.00

**Sony Max**
अफवाह – सुबह : 11.24
यारियां 2 – शाम : 06.59

**Sony Pix**
अल्फा – सुबह : 11.00
जर्नी 2 – शाम : 05.02

**Zee Cinema**
गुंजन सक्सेना – सुबह : 08.30
बाजीगर – दोपहर : 03.35

**Colors Cineplex**
गब्बर इज बैक – सुबह : 09.26
बुड्ढा होगा तेरा बाप – शाम : 06.58

**आज की सुपरहिट फिल्म**



सोनी मैक्स पर शाम 06.59 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी (पति से)- कुछ साल पहले मेरा फिगर पेप्सी की बोतल की तरह था।
पति- वो तो तुम्हारा अब भी है
पत्नी- सच में!
पति- हां पहले बोतल 300ml की थी अब 2 लीटर की है।

पत्नी ने पति से पूछा पत्नी- अच्छा यह बताओ कि तुम मूर्ख हो या मैं?
पति- (शान्त मन से) प्रिये ये बात तो सब लोग जानते हैं कि तुम अत्यन्त तीव्र बुद्धि की स्वामिनी हो इसलिए यह कभी हो ही नहीं सकता कि तुम किसी मूर्ख व्यक्ति से शादी करो पति का नाम राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए भेजा गया है।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,085.99 | 22,474.05 |
| बढ़त | 408.86 | 117.75 |
| प्रतिशत में | 0.55 | 0.53 |

# कारोबार/कृषि



अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, गुरुवार, 7 मार्च 2024

## मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1010 फ्लेग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 1010 फ्लेग 1120 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव- दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द: 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत: 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना काबली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्रा : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

## एक नजर

### भूटान, बहरीन और मॉरीशस को प्याज निर्यात की अनुमति

**नई दिल्ली।** सरकार ने नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से भूटान, बहरीन और मॉरीशस को 4,750 टन प्याज निर्यात की अनुमति दे दी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि भूटान को 550 टन, बहरीन को 3,000 टन और मॉरीशस को 1,200 टन प्याज के निर्यात की अनुमति है। इसमें कहा गया है, एनसीईएल के माध्यम से इन तीन देशों में प्याज का निर्यात अधिसूचित किया गया है।

### इस साल कर्मचारियों का बढ़ेगा वेतन

**नई दिल्ली।** देश में कंपनियां अपने कर्मचारियों के वेतन में 2024 में औसतन 9.6 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती हैं। यह पिछले साल की वेतन वृद्धि के बराबर है। परामर्श कंपनी ईवाई की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा कि कुल मिलाकर नौकरी छोड़ने की दर पिछले साल 2022 के 21.2 प्रतिशत से घटकर 18.3 प्रतिशत रह गई है।

# 6.8% की दर से बढ़ेगी भारत की जीडीपी

## अगले वर्ष के लिए रेटिंग एजेंसी ने जताया अनुमान, 2031 तक उच्च-मध्यम आय वाला बनेगा देश

नई दिल्ली, एजेंसी




रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अगले वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाते हुए बुधवार को कहा कि वह 2031 तक उच्च-मध्यम आय वाला देश बन जाएगा और अर्थव्यवस्था भी दोगुनी होकर सात लाख करोड़ डॉलर हो जाएगी। क्रिसिल रेटिंग्स ने 'इंडिया आउटलुक रिपोर्ट' में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को घरेलू संरचनात्मक सुधारों और चक्रीय स्थितियों से समर्थन मिलेगा और यह वर्ष 2031 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए अपनी वृद्धि संभावनाओं को बरकरार रखने के साथ उसमें सुधार भी कर सकती है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में उम्मीद से बेहतर 7.6 प्रतिशत वृद्धि रहने के बाद भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 में थोड़ा मध्यम होकर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट कहती है कि अगले सात वित्त वर्षों (2024-25 से 2030-31) में भारतीय अर्थव्यवस्था पांच लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर सात लाख करोड़ डॉलर के करीब पहुंच जाएगी। क्रिसिल ने कहा-इस अवधि में 6.7 प्रतिशत की अनुमानित औसत वृद्धि भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बना देगी और 2030-31 तक इसकी प्रति व्यक्ति आय भी उच्च-मध्यम आय समूह तक पहुंच जाएगी। भारत फिलहाल 3.6 लाख करोड़ डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके आगे अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी हैं। क्रिसिल को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2030-31 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 6.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। उस समय तक देश की प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी और भारत उच्च-मध्यम आय वाले देशों के समूह में शामिल हो जाएगा।

### घरेलू हवाई यात्रियों के आंकड़ों में होगी बढ़ोतरी

**मुंबई।** क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को कहा कि घरेलू हवाई यात्री यातायात के चालू वित्त वर्ष में आठ-13 प्रतिशत बढ़कर कोविड-पूर्व स्तर से आगे 15-15.5 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। महामारी से पहले घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 14.12 करोड़ थी। रेटिंग एजेंसी ने अगले दो वित्त वर्षों में विमानन उद्योग के शुद्ध घाटे में खासी गिरावट का अनुमान जताने के साथ ही कहा है कि आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी चुनौतियां और इंजन से जुड़े मसले निकट अवधि में प्रतिकूल साबित हो सकते हैं। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात में निरंतर सुधार और अपेक्षाकृत स्थिर लागत वातावरण के बीच इक्रा ने घरेलू विमानन उद्योग को लेकर 'स्थिर' दृष्टिकोण कायम रखा है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारतीय एयरलाइंस के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात वित्त वर्ष 2022-23 में कोविड-पूर्व स्तर को पार कर गया था लेकिन यह वर्ष 2018-19 में दर्ज 2.59 करोड़ के उच्चतम स्तर से पीछे था। चालू वित्त वर्ष में अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 2.5-2.7 करोड़ रहने की उम्मीद है।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना: शाह

मुंबई, एजेंसी

- सहकारिता मंत्री ने मुंबई में एक सम्मेलन को संबोधित किया



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पांच 'नाजुक अर्थव्यवस्थाओं' की श्रेणी से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। शाह ने यहां 'इंडिया ग्लोबल फोरम' के वार्षिक निवेश शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था की हालत नाजुक थी, मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर थी और राजकोषीय घाटा भी नियंत्रण से बाहर था। उन्होंने कहा कि आज भारत एक नीति-संचालित देश के रूप में उभरा है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इस साल के अंत तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार चार लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। शाह ने कहा-हमने 2025 तक अंतरिक्ष में स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी और 2040 तक एक व्यक्ति को चंद्रमा पर भेजने की योजना भी है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में कहा-हम अपनी सरकार के पिछले 10 वर्षों के प्रदर्शन और अगले 25 साल की रूपरेखा के साथ चुनाव में उतर रहे हैं। शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'दूरदर्शी प्रधानमंत्री' बताते हुए कहा कि वर्ष 2047 में आजादी के सौ साल पूरा होने तक भारत पूरी तरह से विकसित व आत्मनिर्भर होगा।

### भारत आत्मविश्वास से भरा और आत्मनिर्भर देश

गृह मंत्री ने कहा कि भारत आत्मविश्वास से भरा और आत्मनिर्भर देश है। इसने खुद को एक निष्क्रिय सरकार से एक गतिशील सरकार में, प्रतिगामी से प्रगतिशील विकास में और एक नाजुक अर्थव्यवस्था से शीर्ष अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हुई प्रगति की तुलना संप्रग सरकार के शासनकाल से की जानी चाहिए।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 74,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,150-49,350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,600 |
| चांदी पक्की | 728 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,750 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

### फसल बीमा योजना में 23 करोड़ किसानों के दावों का हुआ भुगतान

**नई दिल्ली।** पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 56 करोड 80 लाख किसानों के आवेदन पंजीकृत किए गए और 23 करोड़ 22 लाख से अधिक किसानों को उनके दावों का भुगतान किया गया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान किसानों ने प्रीमियम के अपने हिस्से के रूप में लगभग 31 हजार 139 करोड़ रुपये चुकता किए, जिसके आधार पर उन्हें 1,55,977 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया। इस प्रकार, किसानों द्वारा भुगतान किए गए प्रत्येक 100 रुपये के प्रीमियम के लिए उन्हें लगभग 500 रुपये दावे के रूप में दिए गए।

## सोना 150 रुपये चढ़कर 65,150 रुपये के नए रिकॉर्ड पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- चांदी की कीमत में 400 रुपये की आई गिरावट

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 150 रुपये की बढ़त के साथ 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

लगातार दूसरे दिन बढ़त हासिल करते हुए सोना 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबार में सोने की कीमत 65,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी की कीमत 400 रुपये की गिरावट के साथ 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। बीते कारोबारी सत्र में यह 74,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''दिल्ली के बाजार में सोना (24 कैरेट) 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के हाजिर भाव पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 150 रुपये की तेजी को दर्शाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स (जिंस बाजार) में सोना हाजिर मजबूती के साथ 2,122 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

### बैंक कार्ड जारी करते समय ग्राहक को नेटवर्क चुनने का विकल्प दें

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वे पात्र ग्राहकों को क्रेडिट या डेबिट कार्ड जारी करते समय कई कार्ड नेटवर्क में से एक को चुनने का विकल्प मुहैया कराएं। केंद्रीय बैंक ने क्रेडिट कार्ड जारीकर्ताओं से यह भी कहा है कि वे कार्ड नेटवर्क के साथ कोई भी ऐसा समझौता या व्यवस्था न करें जो ग्राहकों को दूसरे नेटवर्क की सेवाएं लेने से रोकता हो। आरबीआई ने कहा, समीक्षा करने पर यह पाया गया कि कार्ड नेटवर्क और कार्ड जारीकर्ताओं के बीच मौजूद कुछ व्यवस्थाएं ग्राहकों के लिए विकल्प उपलब्ध कराने के लिहाज से अनुकूल नहीं हैं।

## पेटीएम वॉलेट उपयोग करने वाले लोगों को नहीं होगी कोई समस्या: दास

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि पेटीएम वॉलेट का उपयोग करने वाले 80-85 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं को नियामकीय कार्रवाई के कारण किसी भी बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

वहीं शेष उपयोगकर्ताओं को अपने ऐप को अन्य बैंकों से जोड़ने की सलाह दी गई है। रिजर्व बैंक ने 31 जनवरी को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार करने से रोक दिया। दास ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक से जुड़े वॉलेट को अन्य बैंकों के साथ जोड़ने की समयसीमा 15 मार्च तय की गई है। उन्होंने समयसीमा आगे बढ़ाये जाने की संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि 15 मार्च तक का दिया गया समय पर्याप्त है और इसे आगे बढ़ाने की कोई जरूरत नहीं है।



# राष्ट्रीय

# लालू और उनका परिवार सबसे बड़ा गुनहगार

## प्रधानमंत्री ने बिहार में राजद-कांग्रेस गठबंधन पर जंगल राज कायम करने का लगाया आरोप

बेतिया (बिहार), एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनका परिवार बिहार का सबसे बड़ा गुनहगार है और उन पर एक दशक से अधिक के कार्यकाल के दौरान राज्य में जंगल राज कायम करने का आरोप लगाया।

पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि राजद-कांग्रेस गठबंधन के कुशासन के परिणामस्वरूप बिहार के युवा बड़ी संख्या में पलायन करने के लिए मजबूर हुए और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सत्ता संभालने के बाद ही राज्य में चीजें बेहतर दिखने लगीं। उन्होंने कहा-जंगल राज के लिए जिम्मेदार परिवार...वे बिहार के सबसे बड़े गुनहगार हैं। उनके कुशासन ने एक पूरी पीढ़ी के भविष्य को खतरे में डाल दिया। युवाओं को देश के अन्य हिस्सों में पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जबकि केवल एक परिवार समृद्ध हुआ।

मोदी ने प्रसाद के उनका ''कोई परिवार नहीं होने'' के कटाक्ष पर पलटवार करते हुए कहा-जयप्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया, बाबासाहेब आंबेडकर और कर्पूरी ठाकुर जैसे लोग जीवित होते तो ये लोग अपने स्वयं के परिवारों को बढ़ावा न देने के लिए उन पर भी हमला करते। उन्होंने कहा-मुझसे उनकी शिकायत यह है कि मेरा कोई परिवार नहीं है। मेरे लिए पूरा देश मेरा परिवार है और आज पूरा देश कह रहा है कि वह खुद को मोदी के परिवार के रूप में देखता है। राजद प्रमुख की टिप्पणी पर भाजपा नेताओं और समर्थकों ने प्रधानमंत्री के प्रति एकजुटता प्रकट करने के लिए अपने सोशल मीडिया खाते के नाम के साथ ''मोदी का परिवार'' भी जोड़ दिया।

### अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे श्रीनगर का दौरा

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर को विशेष अधिकार देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म किये जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को अपनी पहली कश्मीर यात्रा के दौरान श्रीनगर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे तथा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मोदी श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में 'विकसित भारत, विकसित जम्मू कश्मीर' कार्यक्रम में शामिल होंगे और केंद्र शासित प्रदेश में कृषि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए लगभग 5,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। लोकसभा चुनाव नजदीक आने और विपक्षी दलों द्वारा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा की मांग के मद्देनजर सबकी नजरें इस बात पर टिकी होंगी कि प्रधानमंत्री इन मुद्दों पर क्या कहते हैं।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना की कांग्रेस में वापसी

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। यह जेना की पार्टी में वापसी है। उन्हें 2019 में पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया था। कांग्रेस के ओडिशा प्रभारी अजय कुमार ने पार्टी मुख्यालय में 73 वर्षीय जेना का पार्टी में स्वागत किया। जेना ने कहा-मैं शुरू से ही कांग्रेसी हूं। कुछ गलतफहमियां थीं, वो दूर हो गईं। मैंने कांग्रेस नेतृत्व के साथ बातचीत की और अब वापसी कर रहा हूं। उन्होंने बीजू जनता दल और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा-ओडिशा में एक चुनौती है। बीजू जनता दल (बीजद) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अब खुलकर साथ आ गए हैं। मुझे भरोसा है कि कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन बीजद-भाजपा का सामना करेगा तथा उन्हें पराजित करेगा।

## भाजपा मुख्यालय में रात तक जारी रहा चुनावी मंथन

नई दिल्ली, ब्यूरो

- उत्तर प्रदेश की मेरठ, बरेली व पीलीभीत सहित 29 सीटों पर हुई चर्चा

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में बुधवार को बिहार एवं उत्तर प्रदेश के टिकट दावेदारों की सर्वाधिक चहलकदमी रही। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अलग-अलग कई बैठकों में दावेदारों के साथ चुनावी मंथन किया। बैठकों का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

सर्वाधिक चर्चा बिहार, उत्तर प्रदेश की शेष 29 सीटों को लेकर हुई। बिहार में सीटों के बंटवारे को लेकर बीजेपी नेताओं के साथ जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति, राष्ट्रीय लोक मोर्चा एवं हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा के नेताओं में गतिरोध जारी है। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में बिहार के टिकट दावेदारों का जमावड़ा लगा रहा। बीजेपी ने अपने कोटे की 17 सीटों के नाम लगभग तय कर दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक बिहार से लौटने के बाद देर रात तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन नाम का अवलोकन करेंगे और गुरुवार को बिहार से भाजपा उम्मीदवारों की सूची जारी हो सकती है। लोक जनशक्ति पार्टी को लेकर बीजेपी में चर्चा हुई है जिसमें चिराग पासवान और उनके चाचा के बीच तनाव की बात सामने आई है। बीजेपी ने दोनों गुटों को 6 सीटें देना तय किया है। केंद्रीय मंत्री पशुपतिनाथ एवं चिराग पासवान के बीच 6 सीटों में बंटवारा होना है। जनता दल यूनाइटेड ने 17 सीटों पर दावा किया है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेंद्र कुशवाहा एवं हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा के जीतन राम मांझी ने भी एक-एक सीट पर दावा किया है। बिहार में इस समय बीजेपी के 17, जनता दल यूनाइटेड के 16 एवं लोक जनशक्ति पार्टी के 6 सांसद हैं।

उत्तर प्रदेश की भी कुछ सीटों के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से कई नेताओं की मुलाकात हुई है। अभी तक मेरठ, बरेली, पीलीभीत, कानपुर, सुल्तानपुर व गोंडा आदि की सीटों पर फैसला नहीं हुआ है। वहीं अकबरपुर संसदीय क्षेत्र से वर्तमान सांसद देवेंद्र सिंह भोले का टिकट फाइनल होने के बाद कानपुर संसदीय क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना की दावेदारी कमजोर हो गई है। भाजपा हाई कमान कानपुर से किसी ब्राह्मण उम्मीदवार की खोज में है। कानपुर के सांसद सत्यदेव पचौरी अपनी बेटी के लिए टिकट मांग रहे हैं। गोंडा से सांसद बृजभूषण शरण सिंह का भी टिकट विवादों में है। सुल्तानपुर से मेनका गांधी की जगह किसी नए चेहरे पर विचार किया जा रहा है जिसमें प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व संयुक्त निदेशक एवं लखनऊ के विधायक राजेश्वर सिंह के नाम पर भी चर्चा हुई है। उत्तर प्रदेश में 29 उम्मीदवारों की सूची जारी होना है।

## एक नजर

### दिल्ली विधानसभा से सात भाजपा विधायकों का निलंबन रद

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने विधानसभा में बजट सत्र के प्रारंभ में उपराज्यपाल वी के सक्सेना के अभिभाषण में व्यवधान डालने को लेकर सदन से निलंबित कर दिए भाजपा के सात विधायकों के निलंबन को रद कर दिया। सात भाजपा विधायकों- मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, ओ पी शर्मा, अभय वर्मा, अनिल बाजपेयी, जितेंद्र महाजन और विजेंद्र गुप्ता ने अपने निलंबन को चुनौती देते हुए पिछले महीने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

### दक्षिणी दिल्ली में व्यक्ति ने खुद को मारी गोली

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के नेब सराय इलाके में 38 वर्षीय व्यक्ति ने अपने दोस्त के घर कथित तौर पर खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले की हत्या समेत सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान भरत सचदेवा के रूप में हुई है जो पेशे से एक ऑटो-रिक्शा चालक था। हाल ही में उसकी नौकरी छूट गई थी। भरत के पिता ने हालांकि आरोप लगाया है कि उनके बेटे की हत्या की गई है।

### स्पेनिश महिला से सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार अन्य पांच आरोपी गिरफ्तार

**दुमका।** झारखंड में दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र में बीते दिन स्पेन की रहने वाली महिला की लज्जा भंग करने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को पांच अन्य फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दुमका के पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खैरवार ने मंगलवार देर शाम को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस शर्मसार कर देने वाली इस घटना पर त्वरित कार्रवाई कर पुलिस ने संलिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीररता को देखते हुए गहन छानबीन कर रही है।

## शरद पवार ने सीबीआई जांच संबंधी याचिका को दी चुनौती

मुंबई, एजेंसी

**निर्माण करने की अवैध अनुमति देने का मामला**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने पुणे के लवासा में एक निजी हिल स्टेशन का निर्माण करने की कथित अवैध अनुमति देने के लिए उनके, उनकी बेटी सुप्रिया सुले और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग वाली जनहित याचिका को बंबई उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

राकांपा (शरदचंद्र पवार) अध्यक्ष ने अधिवक्ता जोएल कार्लोस के माध्यम से दायर आवेदन में एक वकील की जनहित याचिका में प्रतिवादी बनाये जाने की मांग की है ताकि वह याचिका के खिलाफ अपनी दलील पेश कर सकें। अधिवक्ता नानासाहेब जाधव ने पिछले साल पीआईएल दायर कर अनुरोध किया था कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को कथित अनियमितताओं के मामले में तीनों के खिलाफ और राज्य सरकार के कुछ अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया जाए।

## मुख्य संदिग्ध के बारे में जानकारी देने पर 10 लाख रुपये का इनाम मिलेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनआईए ने कैफे विस्फोट के मामले में की घोषणा




राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट के मामले में संदिग्ध बम हमलावर की जानकारी देने पर 10 लाख रुपये के नकद इनाम की बुधवार को घोषणा की। एनआईए ने 'एक्स' पर संदिग्ध बम हमलावर की तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह टोपी, मास्क और चश्मा लगाकर कैफे के अंदर दाखिल होते हुए दिख रहा है।

एनआईए ने फोन नंबर और ईमेल आईडी साझा करते हुए कहा है कि इनके माध्यम से लोग इस अज्ञात व्यक्ति के बारे में सूचना भेज सकते हैं। यह अज्ञात व्यक्ति को हमले को अंजाम देने वाला माना जा रहा है। एनआईए ने आश्वासन दिया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। कैफे में विस्फोट की जांच इस सप्ताह के प्रारंभ में एनआईए को सौंपी गयी थी। एक मार्च को पूर्वी बेंगलुरु के ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे के अंदर विस्फोट होने से कम से कम दस लोग घायल हो गये थे। संदेह है कि आईईडी के माध्यम से यह विस्फोट किया गया। धमाके के शीघ्र बाद कर्नाटक पुलिस ने कठोर गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था।

**गृह मंत्री परमेश्वर बोले- पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले :** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बुधवार को कहा कि एक मार्च को रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और वह गुत्थी सुलझाने के करीब पहुंच रही है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि पुलिस को पिछले दो दिन में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। परमेश्वर ने कहा कि हमारे अधिकारी (मामले को सुलझाने के लिए) करीब पहुंच रहे हैं। कल और परसों कुछ महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई, जिसे हमने बहुत गंभीरता से लिया है।

# कांग्रेस सत्ता में आई तो जाति आधारित जनगणना कराएगी

बदनावर (मप्र), एजेंसी

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा**

- मध्य प्रदेश में राहुल गांधी बोले हमारी प्राथमिकता एमएसपी पर कानून बनाना होगा



राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो उसकी प्राथमिकता जाति आधारित जनगणना कराने और फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी बनाने की होगी।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत आदिवासी बहुल धार जिले के बदनावर शहर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि जाति जनगणना ''हरित क्रांति और श्वेत क्रांति जितना बड़ा'' एक क्रांतिकारी कदम होगा। गांधी ने मप्र में अपनी यात्रा के अंतिम दिन कहा-जाति आधारित जनगणना एक क्रांतिकारी कदम है। जैसे ही हम केंद्र में सत्ता में आएंगे, हम यह काम करेंगे। दूसरी चीज जो हम करेंगे वह किसानों को एमएसपी प्रदान करने के लिए कानूनी गारंटी प्रदान करना है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि जाति आधारित जनगणना से देश में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और पिछड़े वर्ग के लोगों की सही संख्या का आकलन होगा। उन्होंने कहा-जनगणना से इन वर्गों की वित्तीय स्थिति और विभिन्न संस्थानों में उनके प्रतिनिधित्व का पता चलेगा। इससे सब कुछ पता चल जाएगा।

### आदिवासियों को वनवासी कहना उनका सबसे बड़ा अपमान

कांग्रेस के कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज आदिवासियों के बीच बिना किसी का नाम लिए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने आदिवासियों को वनवासी कहना शुरु कर दिया है और ये आदिवासियों का सबसे बड़ा अपमान है। गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत मध्यप्रदेश के धार जिले के बदनावर में आमसभा को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी उपस्थित रहे। सभा में बड़ी संख्या में मौजूद आदिवासियों को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने अपने संबोधन की शुरुआत राज्य के सीधी कांड का संदर्भ देते हुए की। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा ऐसी ही है। भाजपा सिर्फ आदिवासियों के साथ नहीं, दलितों और गरीब पिछड़ों के साथ भी ऐसा ही व्यवहार करती है। भाजपा के लोग सभी जगह कमजोरों का अपमान करते है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने अब आदिवासियों को वनवासी कहना शुरु कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने दोनों शब्दों का अर्थ समझाते हुए कहा कि आदिवासी का मतलब वो व्यक्ति, जो जमीन का सबसे पहला मालिक था।

### स्टालिन, शेखर बाबू और ए राजा के खिलाफ याचिकाएं खारिज

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु के मंत्रियों- उदयनिधि स्टालिन और पी के शेखर बाबू एवं सांसद ए राजा के खिलाफ एक हिंदू राष्ट्रवादी संगठन के सदस्यों की ओर दायर की गईं याचिकाओं पर 'अधिकार पृच्छा' रिट जारी करने से इनकार कर दिया। एक हिंदू राष्ट्रवादी संगठन के सदस्यों ने इन नेताओं द्वारा सनातन धर्म के विरुद्ध कथित रूप से टिप्पणी करने के बाद पद पर बने रहने पर सवाल उठाए थे। याचिकाओं में सवाल किया गया था कि किस अधिकार से वे सरकारी पदों पर बने हुए हैं। न्यायमूर्ति अनीता सुमंत ने हिंदू मुन्नानी के दो पदाधिकारियों तथा एक अन्य व्यक्ति की ओर से दायर याचिकाओं का निस्तारण कर दिया।

# फिट और उपलब्ध होने पर घरेलू क्रिकेट खेलना अहमः रोहित

## बोर्ड के निर्देशों की अनदेखी पर इशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध से किया गया था बाहर



धर्मशाला, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चाहते हैं कि राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बनाने वाले खिलाड़ी खुद को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध रखें, बशर्ते बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें 'अनफिट' घोषित न किया हो।

बीसीसीआई ने अनुबंधित क्रिकेटरों को घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने की सलाह दी थी और रणजी खेलने के बोर्ड के निर्देशों की अनदेखी पर इशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंधित पूल से बाहर कर दिया था। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट से पूर्व रोहित ने स्पष्ट किया कि यह कदम सभी पर लागू होता है। रोहित ने कहा कि खिलाड़ियों को खुद को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध कराना होगा जब तक कि उन्हें चिकित्सा समूह से प्रमाण पत्र नहीं मिल जाए उन्हें आराम की जरूरत है। अगर आप उपलब्ध हैं, आप फिट हैं, अगर आप ठीक हैं, तो यह अहम है कि हम जाएं और खेलें। रोहित धर्मशाला टेस्ट की तैयारी में व्यस्त हैं लेकिन फिर भी उन्हें रणजी के सेमीफाइनल को देखने का समय मिला है, जिसमें उनकी अपनी घरेलू टीम मुंबई ने भाग लिया था। उन्होंने कहा कि आपने इस सप्ताह खेली गई रणजी देखी। मैंने मुंबई और तमिलनाडु का मुकाबला देखा। मुझे लगता है कि विदर्भ ने जीत हासिल की। कप्तान ने कहा कि जब इस तरह के मुकाबले होते हैं तो आप देखते हैं कि गुणवत्ता और हर चीज सबके सामने आ जाती है।

### अश्विन की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम

**धर्मशाला।** कप्तान रोहित शर्मा ने 100वां टेस्ट मैच खेलने की तैयारी में लगे रविचंद्रन अश्विन को दुर्लभ प्रतिभा का खिलाड़ी करार देते हुए कहा कि इस ऑफ स्पिनर की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम होगी। भारत 5 मैच की शृंखला में पहले ही 3-1 से अजेय बढ़त हासिल कर चुका है तथा इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले टेस्ट मैच के परिणाम का शृंखला के नतीजे पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन यह मैच अश्विन और इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का 100वां टेस्ट होगा। रोहित ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के लिए 100 टेस्ट खेलना बड़ी उपलब्धि होती है। वह हमारे लिए मैच विजेता खिलाड़ी रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 5-7 वर्षों में उसके प्रदर्शन को देखिए। प्रत्येक शृंखला में उसने योगदान दिया है। उस जैसे खिलाड़ी दुर्लभ होते हैं। अश्विन के नाम पर टेस्ट में 507 विकेट दर्ज हैं। भारतीय कप्तान ने रजत पाटीदार का भी समर्थन किया। रोहित ने कहा कि पाटीदार योग्य खिलाड़ी है। मैं उसे पसंद करता हूं। मैं उसे एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी के रूप में देखता हूं। हमें उसे कुछ और समय देना होगा। रोहित ने कहा कि टीम की मुश्किल परिस्थितियों में वापसी करने की क्षमता असाधारण है।

# मूनी और लॉरा के अर्धशतक, गुजरात ने आरसीबी को 19 रनों से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी

सलामी बल्लेबाजों कप्तान बेथ मूनी और लॉरा वोलवार्ट के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से गुजरात जाइंट्स ने महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 19 रन से हराकर पहली जीत दर्ज की।

मूनी (51 गेंद में 12 चौके, 1 छक्के से नाबाद 85 रन) और लॉरा वोलवार्ट (45 गेंद में 76 रन, 13 चौके) की पहले विकेट की 140 रन की साझेदारी से गुजरात ने 5 विकेट पर 199 रन बनाए। जवाब में आरसीबी 8 विकेट पर 180 रन ही बना सकी। आरसीबी की जॉर्जिया वेयरहैम ने 22 गेंद में 6 चौके और 2 छक्के से 48 रन बनाए। रिचा घोष (30), स्मृति मंधाना (24), एलिस पैरी (24) और सोफी डिवाइन (23) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाईं। गुजरात की एशलेग गार्डनर ने 2 विकेट लिए। कप्तान स्मृति मंधाना ने बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर को दो छक्के और 1 चौका मारा लेकिन ऐशलेग ने उन्हें पगबाधा कर दिया। टीम ने पावर प्ले में 1 विकेट पर 39 रन बनाए। एस मेघना (13 गेंद में 4 रन) रन आउट हुईं। डिवाइन ने मन्नत कश्यप की गेंद पर टीम का अर्धशतक पूरा किया और फिर मेघना सिंह की गेंद को भी दर्शकों के बीच पहुंचाया।



## खेल डायरी

### विदर्भ रणजी फाइनल में, अब मुकाबला मुंबई से

**नागपुर, एजेंसी।** तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे और यश ठाकुर की गेंदबाजी से विदर्भ ने बुधवार को मध्य प्रदेश को 62 रन से हराकर रणजी के फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना 41 बार के चैंपियन मुंबई से होगा। मध्य प्रदेश ने मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 228 रन से आगे बढ़ाई। तब वह लक्ष्य से 93 रन पीछे था लेकिन ठाकरे और ठाकुर (दोनों दो-दो विकेट) की तेज गेंदबाजी के सामने उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए और टीम 258 रन पर आउट हो गई। यह तीसरा अवसर है जबकि विदर्भ ने रणजी फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले दोनों अवसरों पर वह चैंपियन बना था। उसने 2017-18 में दिल्ली और 2018-19 में सौराष्ट्र को हराया था। मध्य प्रदेश 2021-22 का रणजी चैंपियन है। उसके सामने 321 रन का लक्ष्य था तथा 6 विकेट गंवाने के बावजूद उसके पास जीतने का मौका था लेकिन उसके निचले क्रम के बल्लेबाज नहीं चल सके। ठाकरे ने कल के अविजित बल्लेबाज कुमार कार्तिकेय को बोल्ड करके उन्हें खाता भी नहीं खोलना दिया। ठाकरे ने अनुभव अग्रवाल (0) को भी बोल्ड करके मध्य प्रदेश का स्कोर 8 विकेट पर 234 रन कर दिया। सारांश जैन (25) ने कुछ देर तक संघर्ष किया। ठाकुर ने उनको बोल्ड करके विदर्भ की जीत तय की।

**इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट**

### अंतिम क्वालीफाइंग राउंड में हारे नागल

**इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट के अंतिम क्वालीफाइंग दौर में द. कोरिया के सियोंग चान होंग से हार गए। मंगलवार को खेले गए इस मैच में नागल को 6-2, 2-6, 6-7 (4-7) से हार का सामना करना पड़ा। नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले अमेरिका के खिलाड़ी स्टीफन डोस्टानिक को सीधे सेटों में हराया था। क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में हारने के बावजूद नागल को 10 रैंकिंग अंक और 14400 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली। नागल इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे।

### एमबापे के दो गोल की मदद से पीएसजी क्वार्टर फाइनल में

**सैन सेबेस्टियन (स्पेन), एजेंसी।** किलियन एमबापे के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने रीयाल सोसिडाड को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पीएसजी की जीत में दोनों गोल एमबापे ने किए जिससे उनकी टीम 4-1 के अंतर से जीत गई। पीएसजी ने पहले दौर का मैच 2-0 से जीता था और उसमें भी एमबापे ने एक गोल किया था। एमबापे पहले ही कह चुके हैं कि पीएसजी के साथ यह उनका अंतिम सत्र होगा। पीएसजी ने अभी तक चैंपियंस लीग का खिताब नहीं जीता है। वह 2020 में उपविजेता रहा था जबकि 2021 में उसने सेमीफाइनल ने जगह बनाई थी। इस बीच म्यूनिख में खेले मैच में बायर्न म्यूनिख ने हैरी केन के दो गोल से लाजियो को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### खेलो इंडिया में भाग लेने वाले खिलाड़ी होंगे सरकारी नौकरी के पात्रः अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी मिलेगी। ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ यूनिवर्सिटी खेलो इंडिया पैरा गेम्स और खेलो इंडिया विंटर गेम्स के सभी खेलों के खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में मौका मिलेगा। खेल मंत्री ने एक्स पर लिखा, हमारे प्रधानमंत्री के अनुरूप एक मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र के दृष्टिकोण को जमीनी स्तर पर प्रतिभा का पोषण करना और खेल को आकर्षक और व्यवहार्य करियर विकल्प में बदलना। खेलो इंडिया एथलीट अब सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, इंडिया स्पोर्ट्स के परामर्श से यह अभूतपूर्व कदम अब खेलो इंडिया गेम्स- यूथ, यूनिव से पदक विजेताओं की सरकारी नौकरियों के लिए पात्रता बढ़ाता है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न खेलों में समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए खेलों और आयोजनों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। ये संशोधित नियम भारत को एक खेल महाशक्ति बनाने में हमारे एथलीटों का समर्थन करने में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक हैं।

# मैच को यादगार बनाने उतरेगा भारत जीत संग स्वदेश जाना चाहेगा इंग्लैंड

## भारतीय ऑफ स्पिनर अश्विन और इंग्लैंड के बेयरस्टो खेलेंगे अपना 100वां टेस्ट मैच

धर्मशाला, एजेंसी



तीन मैच में जीत से शृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने वाली भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले टेस्ट मैच को अपने स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के लिए यादगार बनाने की कोशिश करेगी जिनका यह 100वां मैच होगा। इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का भी यह 100वां मैच होगा और उनकी टीम भी जीत के साथ अभियान का समापन करने को प्रतिबद्ध है।

भारत ने रांची में चौथा टेस्ट जीत कर घरेलू धरती पर शानदार रिकार्ड बरकरार रखा। अब भारत की निगाह शृंखला 4-1 से जीत कर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में शीर्ष पर पहुंचने की है। वहीं, यहां की पिच और मौसम को देखकर इंग्लैंड को घरेलू धरती पर होने का अहसास हो रहा है। मैच के पहले दो दिन तापमान 10 डिग्री तक रहने की संभावना है। मैच की पूर्व संध्या पर पिच सपाट नजर आ रही है लेकिन नमी से शुरू में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है, लेकिन स्पिनरों की भूमिका को कम नहीं आंका जा सकता है।

हाल में यहां खेले गए रणजी मैचों में टीमों ने कई बार 300 रन से अधिक का स्कोर बनाया। बड़ौदा ने एक मैच में 482 रन बनाए जो वर्तमान सत्र में इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर है। हालांकि भारत के दो तेज गेंदबाजों और तीन स्पिनरों के साथ उतरने की संभावना है। जसप्रीत बुमराह की वापसी से भारतीय आक्रमण मजबूत हुआ है। मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी और अश्विन, जडेजा और कुलदीप के कंधों पर स्पिन की जिम्मेदारी होगी। कुलदीप ने 2017 में इसी मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। केएल राहुल ने अभी तक पूर्ण फिटनेस हासिल नहीं की है और ऐसे में रजत पाटीदार को एक और मौका मिल सकता है। टीम में जगह बनाए रखने के लिए यह उनके पास आखिरी मौका हो सकता है।

भारतीय टीम प्रबंधन के पास मध्यक्रम में देवदत्त पडिक्कल के रूप में एक अन्य विकल्प है। सरफराज खान ने राजकोट में पहले मैच में शानदार बल्लेबाजी की थी लेकिन रांची में उनका बल्ला नहीं चला था और वह उसकी भरपाई यहां करना चाहेंगे। यशस्वी जायसवाल एक और बड़ी पारी खेल कर किसी एक शृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बनने की कोशिश करेंगे। केवल सुनील गावस्कर के नाम यह उपलब्धि हैं।

**मैच : सुबह 9.30 बजे से**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, केएस भरत, देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

**इंग्लैंड :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फॉक्स, टॉम हार्टले, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन, शोएब बशीर।

# धर्मशाला की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूलः स्टोक्स

धर्मशाला, एजेंसी



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने धर्मशाला की पिच को पूरी तरह से बल्लेबाजी के अनुकूल बताया और यही मुख्य कारण है कि उन्होंने भारत के खिलाफ शुरू होने वाले टेस्ट के लिए एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को टीम में नहीं चुना।

धर्मशाला में सामान्य से अधिक ठंड होने से गेंदबाजों की दिलचस्पी बनी रहती है लेकिन पिच पर कोई घास नहीं छोड़े जाने से इंग्लैंड के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। इंग्लैंड ने अंतिम एकादश में ओली रोबिन्सन की जगह मार्क वुड को लिया है। स्टोक्स ने कहा कि यहां पहुंचने से पहले हम सोच रहे थे कि आक्रमण में 3 तेज गेंदबाज और 1 स्पिनर शामिल होगा लेकिन फिर जब हमने विकेट देखा और आज इसे फिर से देखा तो मुझे लगता है कि दो तेज गेंदबाजों और दो स्पिनरों के साथ जाना शायद सही होगा।

उन्होंने कहा कि हमें लगा कि हम जहां हैं, उसके कारण शायद विकेट पर थोड़ी घास होगी लेकिन विकेट बल्लेबाजी के अनुकूल दिखता है इसलिए दो तेज गेंदबाजों को खेलना और फिर भी बैश (शोएब बशीर) तथा टॉम (हार्टले) के होने से हमें एक अच्छा मिश्रण मिलता है। मैं इस बारे में थोड़ा अनिश्चित हूं कि जैसे-जैसे टेस्ट आगे बढ़ेगा तो क्या होगा। इंग्लैंड ने स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में शुरू हुए 'बैजबॉल' युग में पहली बार टेस्ट शृंखला गंवाई है।

### इंग्लैंड ने तेज गेंदबाजों और स्पिनरों पर लगाया दांव

**धर्मशाला।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए तेज गेंदबाजी के साथ स्पिनरों को टीम में तरजीह दी है। इंग्लैंड की टीम और प्रबंधन ने बुधवार को पिच का निरीक्षण किया गया। जिसके बाद उन्होंने टीम में एक बदलाव करते हुए तेज गेंदबाजों को कल होने वाले मैच में खिलाने के लिए ओली रॉबिन्सन की जगह मार्क वुड प्लेइंग इलेवन में शामिल किया है। इंग्लैंड ने कल के टेस्ट के लिए स्पिनर टॉम हार्टले और शोएब बशीर को टीम में बरकरार रखने का फैसला किया। हालांकि चौथे टेस्ट में 70 ओवर के दौरान बशीर की उंगली में चोटिल हो गई थी।

# केवल 'वास्तविक' पहलवानों को ही ट्रायल्स में भाग लेने देगा महासंघ

नई दिल्ली, एजेंसी

कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने स्पष्ट किया है कि वह 10 मार्च से शुरू होने वाले दो दिवसीय चयन ट्रायल्स में केवल उन्हीं पहलवानों को भाग लेने की अनुमति देगा जो अपने मूल राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। डब्ल्यूएफआई ने पहलवानों को एक से अधिक वजन वर्गों में प्रतिस्पर्धा की अनुमति का भी फैसला किया है। डब्ल्यूएफआई ने लिखा कि जयपुर में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पहलवान अपने राज्य की वास्तविकता की पुष्टि करने के लिए डब्ल्यूएफआई की लाइसेंस बुक, जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड लेकर आएंगे। हरियाणा के कई पहलवानों ने जयपुर में तदर्थ समिति द्वारा कराई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अरुणाचल और सिक्किम का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने कहा कि सिक्किम और अरुणाचल मान्यता प्राप्त इकाइयां नहीं है। हम किसी को प्रतिस्पर्धा से नहीं रोक सकते हैं लेकिन पहलवान को अपने मूल राज्य का प्रतिनिधित्व करना होगा। अगर अरुणाचल का कोई पहलवान ट्रायल्स में आता है तो हम उसे भाग लेने की अनुमति देंगे।

# शबनीम ने महिला क्रिकेट में सबसे तेज गेंद फेंकी

- 130 किमी से अधिक की रफ्तार से द. अफ्रीका की तेज गेंदबाज ने डाली गेंद

नई दिल्ली, एजेंसी



द. अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने महिला क्रिकेट में अब तक की सबसे तेज गेंद फेंककर नया इतिहास रचा। गेंद की रफ्तार नापने वाली मशीन 'स्पीड गन' आने के बाद यह पहला अवसर है जबकि महिला क्रिकेट में किसी गेंदबाज ने 130 किमी से अधिक की रफ्तार से गेंद की।

डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस से खेलते हुए इस्माइल ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान 132.1 किमी (80.08 मील) प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद करके नया रिकॉर्ड बनाया। महिला क्रिकेट की यह सबसे तेज गेंद ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग के पैड से टकराई। यह तीसरे ओवर की दूसरी गेंद थी। मुंबई के खिलाड़ियों ने पगबाधा की अपील की लेकिन अंपायर ने ठुकरा दिया। द. अफ्रीका से महिला टी-20 विश्व कप में भाग लेने वाली इस्माइल ने पिछले साल घरेलू धरती पर खेली गई इस प्रतियोगिता के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 128 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद की थी। इस्माइल ने 2022 में महिला विश्व कप के दौरान दो बार 127 किमी की रफ्तार से गेंद की थी। इस्माइल ने कहा कि जब मैं गेंदबाजी करती हूं तो वास्तव में बड़ी स्क्रीन की तरफ नहीं देखती हूं। इस्माइल हालांकि इस मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई तथा उन्होंने 4 ओवर में 46 रन देकर 1 विकेट लिया।

## बॉलीवुड हलचल

### अजय देवगन की फिल्म मैदान का पोस्टर जारी



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म मैदान का पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म मैदान फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। अजय देवगन ने सोशल मीडिया पर मैदान का पोस्टर शेयर किया, जिसमें उन्हें युवाओं को गले लगाते हुए देखा जा सकता है। पोस्टर में टैगलाइन है 'एक आदमी, एक विश्वास, एक भावना और एक राष्ट्र'। अजय देवगन ने पोस्टर के कैप्शन में लिखा, एक व्यक्ति, एक टीम, एक राष्ट्र और उस अटूट विश्वास का गवाह बनें, जिसने फुटबॉल के इतिहास पर एक अविश्वसनीय छाप छोड़ी। फिल्म में प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित यह फिल्म ईद पर रिलीज होने वाली है।

### योद्धा के लिए सिद्धार्थ ने की कड़ी मेहनत



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने फिल्म योद्धा के लिए कड़ी मेहनत की है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी योद्धा का निर्माण करण जौहर ने किया है। फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। योद्धा में सिद्धार्थ आर्मी जवान हैं। फिल्म में कई एक्शन दृश्य हैं। कोरियोग्राफर क्रेग मैक्रै ने चाकू की तकनीक और हाथ से हाथ का मुकाबला डिजाइन किया है। सिद्धार्थ की छह महीने की तैयारी में फिटनेस आहार भी शामिल था। पुष्कर ओझा ने कहा कि हमने बेहतरीन विवरण के साथ स्टोरीबोर्ड किया। फिर, फाइट कोरियोग्राफर हमारे साथ बैठा और इसमें जोड़ा। जब सिद्धार्थ ने दृश्य में प्रवेश किया, तो उन्होंने सबसे पहले मॉक सेट पर एक्शन किया। निर्देशक सागर आम्ब्रे का कहना है कि उन्होंने सिद्धार्थ के किरदार अरुण को पारिवारिक व्यक्ति के रूप में गढ़ा है। अरुण सच्चे सैनिक हैं।

### देवरा-भाग 1 में जाह्नवी कपूर का नया लुक



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म 'देवरा' से उनका लुक रिलीज कर दिया गया है। 'देवरा: भाग 1' में मैन ऑफ मास एनटीआर जूनियर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की मुख्य कलाकार जाह्नवी कपूर आज अपना जन्मदिन मना रही हैं और उन्हें विश्व स्तर पर शुभचिंतकों और नेटिज़न्स से प्यार मिल रहा है। आज विशेष अवसर को चिह्नित करते हुए, 'देवरा: पार्ट 1' के निर्माताओं ने जाह्नवी कपूर को शुभकामनाएं देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और एक नए पोस्टर का अनावरण किया, जिसमें जाह्नवी 'थंगम' के किरदार में नजर आ रही हैं। निर्माताओं ने लिखा, हमारी प्यारी थंगम, जाह्नवी कपूर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं! जाह्नवी ने इसे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया और लिखा, सेट पर वापस आने का इंतजार नहीं कर सकती, कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, देवरा का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है, जिसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। देवरा का पहला भाग 10 अक्टूबर 2024 को देश भर में सिनेमाघरों में रिलीज होगा।

### रामचरण संग आरसी 16 में होंगी जाह्नवी

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय फिल्मों के स्टार रामचरण के साथ फिल्म आरसी 16 में नजर आएगी। जाह्नवी कपूर का आज जन्मदिन है। इस खास दिन पर जाह्नवी कपूर की एक फिल्म की अनाउंसमेंट भी हुई है, जिसमें वह राम चरण के साथ नजर आएंगी। वृद्धि सिनेमा प्रोडक्शन कंपनी और मैत्री मूवी मेकर्स ने जाह्नवी की एंट्री आरसी 16 में कन्फर्म की है। यह फिल्म पैन इंडिया लेवल पर रिलीज होगी। इस फिल्म को सुकुमार ने लिखा है और एआर रहमान ने संगीत तैयार किया है।

### जीनत बोलीं- मेरे बिना मेरी बायोपिक बनाना मूर्खता



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री जीनत अमान ने अपनी बायोपिक की ख्वाहिश जाहिर की है जीनत सोशल मीडिया पर लगातार फैंस को अपना अपडेट देती रही हैं। जीनत ने इंस्टाग्राम पर अपनी पुरानी फोटो शेयर की और इसी के साथ मैसेज भी लिखा। इसमें उन्होंने अपनी बायोपिक की ख्वाहिश जाहिर की है। जीनत ने कैप्शन में लिखा, हो सकता है कि आप इसे एक बूढ़ी औरत की शिकायत कहकर खारिज कर दें, लेकिन मेरी राय में, मुझे शामिल किए बिना मेरे बारे में बायोपिक बनाना मूर्खता होगी। बिल्कुल स्पष्ट रूप से, कोई भी मुझे उस तरह नहीं जानता जैसे मैं जानती हूं। इसलिए इस संबंध में कोई भी शोध मेरे इनपुट के बिना अधूरी, यहां तक कि त्रुटिपूर्ण भी होगा। मैं शर्त लगाती हूं कि मेरे बारे में सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध हर तथ्य के लिए सैकड़ों और तथ्य हैं जो केवल मुझे पता हैं। यहां बहुत सारे मील के पत्थर, उपाख्यान और व्यक्तिगत रहस्योद्घाटन हैं जो मेरी यात्रा को समझने के लिए अभिन्न अंग हैं। यह वास्तव में एक दिलचस्प जीवन रहा है। जीनत ने लिखा, संभावित बायोपिक को लेकर मेरी बात हुई है और मैं खुद धीरे-धीरे इस विचार पर विचार कर रही हूं। क्या ऐसा होगा? कौन जानता है? मेरी बायोपिक के लिए संवेदनशील निर्देशक, बहादुर लेखक, बेदाग कलाकार की जरूरत होगी...!

### बिग गर्ल्स डोंट क्राई का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई, एजेंसी।** ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो की नई सीरीज 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' एक गर्ल्स बोर्डिंग स्कूल की कहानी है और इसमें सारे मुख्य किरदार यंग लड़कियां हैं। यह सीरीज नित्या मेहरा द्वारा बनाई गई है और इसका निर्देशन सुधांशु सरिया, करण कपाड़िया और कोपल नैथानी के साथ नित्या ने किया है। बिग गर्ल्स डोंट क्राई ट्रेलर' का ट्रेलर 'वंदना वैली' स्कूल में बोर्डिंग लाइफ की झलक दिखाता है, जहां 7 लड़कियों का एक ग्रुप स्कूल पर शासन करने के इरादे से अपने आखिरी साल की तैयारी कर रहा है। एक लड़की, काव्या यादव दोस्त बनाने और जीवन जीने की उम्मीद में स्कूल में आती है, लेकिन जल्द ही उसे पता चल जाता है कि यहां के माहौल में ढलने के लिए उसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' 14 मार्च से अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

